दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 9 मई 2026 शुक्ल पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 26 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ में लागू हुई 'शहरी गैस वितरण नीति', अब पाइपलाइन से घरों तक पहुंचेगी पीएनजी

■ **अनुमति मिलने के 4 माह के भीतर बिछानी होगी पाइपलाइन, देरी पर लगेगा जुर्माना**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में प्राकृतिक गैस नेटवर्क के विस्तार को गति देने के लिए 'छत्तीसगढ़ शहरी गैस वितरण नीति 2026' लागू कर दी है। नई नीति के तहत अब घरों तक पाइपलाइन के माध्यम से पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पहुंचाई जाएगी, जिससे आम उपभोक्ताओं को एलपीजी की तुलना में सस्ता और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 29 अप्रैल को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस नीति को मंजूरी दी गई थी। सरकार का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ और सुरक्षित ईंधन व्यवस्था विकसित करना है।

नई नीति के अनुसार अधिकृत एजेंसी को अनुमति मिलने के बाद अधिकतम चार महीने के भीतर गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा करना होगा। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा नहीं होने पर जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। साथ ही पीएनजीआरबी की शर्तों के अनुरूप संबंधित भौगोलिक क्षेत्रों में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क विकसित किया जाएगा।

आवेदन पर 15 दिन में फैसला, नहीं तो स्वत: मंजूरी

सड़क खुदाई और पाइपलाइन बिछाने में होने वाली देरी को रोकने के लिए सरकार ने समय-सीमा तय कर दी है। सार्वजनिक और आवासीय क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के आवेदन पर संबंधित विभाग को 15 दिनों के भीतर निर्णय लेना होगा। यदि निर्धारित अवधि में अनुमति नहीं दी जाती है तो आवेदन स्वत: स्वीकृत माना जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जहां वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं होगा, वहां भी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना को रोका नहीं जाएगा।

सुरक्षा के लिए बीमा और विशेष इंतजाम: सरकार ने गैस पाइपलाइन नेटवर्क की सुरक्षा को लेकर भी कड़े प्रावधान किए हैं। पाइपलाइन बिछाने और रखरखाव के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा। गैस रिसाव से संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए संबंधित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बनेगा सिंगल विंडो ऑनलाइन पोर्टल

सीजीडी अधोसंरचना से जुड़े सभी आवेदनों के लिए खाद्य विभाग द्वारा ऑनलाइन डैशबोर्ड और सिंगल विंडो सिस्टम विकसित किया जाएगा। अधिसूचना जारी होने के दो माह के भीतर यह पोर्टल शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। विकास प्राधिकरणों को अब शहरों के मास्टर प्लान में सीजीडी नेटवर्क और सीएनजी स्टेशन के लिए स्थान आरक्षित करना अनिवार्य होगा। वहीं स्मार्ट सिटी और सड़क परियोजनाओं में भी गैस पाइपलाइन अधोसंरचना को शामिल किया जाएगा।

प्राकृतिक गैस उपयोग बढ़ाने पर जोर

केंद्र सरकार ने वर्ष 2030 तक देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 6.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने यह नई नीति लागू की है। इस योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को पाइपलाइन से सीधे पीएनजी की आपूर्ति होगी, वहीं परिवहन क्षेत्र में सीएनजी की उपलब्धता भी बढ़ाई जाएगी।

आज बेबाक

खुद को तुर्रमखां समझने वाली निर्ममता अगर सीधे से इस्तीफा दे देती तो यूं बेआबरू होकर कूचे से न निकलना पड़ता। सही बात हैं लातों के भूत बातों से कहां मानते हैं। वैसे उनके इस दावे में दम है कि वे हारी नहीं हैं उन्हें हराया गया है। वाकई उन्हें बुरी तरह से हराया गया है। बंगाल के हिंदूओं और नारी शक्ति ने वोट की चोट से उन्हें उनकी औकात दिखाई है जिन्हें अपने ही घरों में बेगानों की तरह रहना पड़ता था। बेशक वे अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाएं लेकिन वहां से भी उनके हाथ लगेगा बाबाजी का ठुल्लू।

तापमान	
अधिकतम 44°	न्यूनतम 27°

बाजार भाव	
गोल्ड 1,51,140	सिल्वर 2,54,798

शेयर बाजार	
सेंसेक्स 77,328.19	निफ्टी 24,176.15

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,291,743,121	1,474,975,253

बंगाल में गरजे अमित शाह, कहा- घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे, महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी

राजतिलक की करो तैयारी, आ रहे सुवेंदु अधिकारी, आज ताजपोशी

कोलकाता/ए.। सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए सीएम होंगे। कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया। शाह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 1950 से जिस विचार को लेकर हम निकले, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार को लेकर निकले। आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी। ममता जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही। हम घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे। महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी होगी। सुवेंदु कल सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। 56 साल के सुवेंदु ने सीएम ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं।

अमित शाह के संबोधन की खास बातें

गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार: 100 साल की वैचारिक यात्रा के बाद गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार बनी है। 1950 से जिस विचार को लेकर हम निकले, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार को लेकर निकले। आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी।

बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा हुआ: 370 हटी तो देश भर में कार्यकर्ताओं में खुशी थी। लेकिन कई कार्यकर्ताओं ने कहा था कि अभी भी एक कसक बची है। बंगाल में भाजपा का झंडा फहराना है। वो भी आज पूरा हो गया।

भाजपा के 3 से 207 विधायक हुए: हमारे विधायकों के जीत का औसत मार्जिन 28 हजार है। 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व है।

घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे: बंगाल के साथ पूरे देश से हम एक-एक घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे। ये ध्रुवीकरण का मुद्दा नहीं है। ये देश की सुरक्षा का मुद्दा है।

सुवेंदु अनुभव का लाभ बंगाल को मिलेगा: मुख्यमंत्री साय

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद कल मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण होना है। हम और हमारे दोनों डिप्टी सीएम, विजय शर्मा और अरुण साव, शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए कोलकाता जा रहे हैं। सुवेंदु अधिकारी पहले सांसद भी रह चुके हैं, वे एक बहुत वरिष्ठ नेता हैं और दो विधानसभाओं से विजय प्राप्त कर चुके हैं। निश्चित रूप से उनके अनुभव का लाभ पश्चिम बंगाल को मिलेगा। सीएम साय ने कहा कि असम में भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार विजयी हुई है। 12 तारीख़ को वहां भी मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण होना है।

एक्टर विजय का तमिलनाडु सीएम बनना तय

चेन्नई (ए.)। तमिलनाडु में एक्टर विजय का मुख्यमंत्री लगभग तय है। उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम को लेफ्ट पार्टियों, सीपीआई और सीपीआई(एम) ने समर्थन दे दिया है। सूत्रों का दावा है कि विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके) भी समर्थन देने को तैयार है।

टीवीके ने विधानसभा चुनाव में 108 सीटें जीती हैं। विजय दो सीटों पर जीते हैं। उन्हें एक सीट छोड़नी पड़ेगी। उन्हें सरकार बनाने के लिए और 11 विधायक चाहिए। कांग्रेस के 5 विधायक पहले ही टीवीके को समर्थन दे चुके हैं। सीपीआई, सीपीआई (एम) और वीसीकेके पास 2-2, कुल 6 विधायक हैं। ऐसे में टीवीके को सरकार बनाने के लिए जरूरी 118 विधायकों की संख्या पूरी हो गई है। इस बीच, टीवीके चीफ विजय ने आज लगातार तीसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मिलने का समय मांगा है। इससे पहले 6 और 7 मई को भी वे राज्यपाल से मिले थे। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ की 35 युवतियां झारखंड में बंधक, हड़कंप

■ **वायरल वीडियो में रोते हुए कहा-पैसे नहीं होने पर घर जाने से रोका, नर्सिंग का काम करने गई थी**

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की 35 लड़कियों को झारखंड में बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। इसमें 15 लड़कियां कांकेर जिले की है। बताया जा रहा ये सभी नर्सिंग का काम करने गढ़वा गई थीं। वहां पर ट्रेनिंग कर रही थी। 1 लड़की ने शिकायत की है कि पैसे नहीं होने पर उसे बंधक बना लिया गया है।

दुर्गूकोंदल क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की ने अपने गांव के एक युवक को मदद के लिए वीडियो ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लड़कियां नर्सिंग का काम करने गई थीं

कांकेर कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने बताया कि झारखंड के गढ़वा जिले में कांकेर और अन्य जगह से कुछ लड़कियां नर्सिंग का काम करने गई थीं। वहां पर ट्रेनिंग की सूचना मिली थी। गढ़वा से कल कुछ फोन कॉल मिला, जिसमें लड़कियों के बंधक बनाए जाने की शिकायत है।

कुछ लड़कियां अपनी इच्छा से काम के लिए गई

कलेक्टर ने बताया कि कुछ युवतियां बालिग है और वो अपनी इच्छा से काम करने गई है। एक लड़की ने बंधक बनाने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन गढ़वा जिले के कलेक्टर और एसपी के संपर्क में है। जांच जारी है और सभी लड़कियां कांकेर जिले की नहीं है। जल्द ही मामला क्लीयर हो जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि लड़कियां वहां कैसे पहुंची है इस बात की जांच जारी है। जैसे ही स्थिति क्लियर होती है टीम वहां जाकर कानूनी कार्रवाई कर उन्हें वापस लाएगी।

एसईसीएल के नवनियुक्त निदेशक अरुण कुमार त्यागी का सड़क हादसे में निधन

कोरबा/गेवरा/नवप्रदेश। कोयला जगत से एक हृदयविदारक खबर सामने आई है। एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के पूर्व महाप्रबंधक और हाल ही में 'निदेशक तकनीकी' (डीटी) के पद पर पदोन्नत हुए अरुण कुमार त्यागी का गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में निधन हो गया। पदोन्नति के बाद नई जिम्मेदारी संभालने के उत्साह के बीच इस आकस्मिक हादसे ने पूरे कोयलांचल को स्तब्ध कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, श्री त्यागी अपनी नई पदस्थापना जॉइन करने के लिए सिंगरौली (एनसीएल) रवाना हुए थे। गुरुवार रात करीब 12:00 बजे कोरबा-चोटिया मार्ग (चोटिया के समीप) उनकी इनोवा कार और एक पार्सल वाहन के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हुई।

एचटीपीपी के डिंडोलभांठा राखड़ डैम की जांच करने पहुंची एनआईटी की टीम

कोरबा/नवप्रदेश। प्रदेश की ऊर्जा धानी में बिजली संयंत्रों से निकलने वाली राख (फ्लाई ऐश) के निपटान और राखड़ डैम निर्माण में कथित अनियमितताओं की परतें अब खुलने वाली हैं। एनआईटी राउरकेला के विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय टीम ने कोरबा पहुंचकर सीएसईबी के डिंडोलभांठा राखड़ डैम की सघन तकनीकी जांच शुरू कर दी है। इस अचानक हुई कार्रवाई से विभाग के उन गलियारों में हड़कंप मच गया है, जहां लंबे समय से 'राख से रकम' बनाने के खेल के आरोप लगते रहे हैं।

इन मुख्य बिंदुओं पर टिकी जांच की सुई

■ एनआईटी की टीम विशेष रूप से उन तकनीकी पहलुओं पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है, जो सीधे तौर पर बांध की मजबूती और जन-सुरक्षा से जुड़े हैं।

■ **क्षमता और डैम की ऊंचाई:** टीम इस बात का सूक्ष्म आकलन कर रही है कि डैम की वर्तमान ऊंचाई निर्धारित मापदंडों के भीतर है या नहीं। आशंका जताई जा रही है कि क्षमता से अधिक राख डंप की जा चुकी है, जो भविष्य में किसी बड़े हादसे का सबब बन सकती है।

■ **ड्राइंग और डिजाइन का उल्लंघन:** क्या डैम का निर्माण और विस्तार उसके मूल स्वीकृत नक्शे के अनुसार हुआ है? अक्सर लागत घटाने के लिए डिजाइन में फेरबदल के आरोप लगते हैं, जिसकी अब वैज्ञानिक तरीके से जांच हो रही है।

बोर्ड कॉपी जांच में लापरवाही, 79 शिक्षक ब्लैकलिस्ट

■ **36 मूल्यांकन केंद्रों में मिली गड़बड़ी, 50 नंबर तक दिए गलत अंक**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिका जांच में गंभीर लापरवाही बरतने वाले 79 शिक्षकों पर बड़ी कार्रवाई की है। मूल्यांकन में 20 से लेकर 50 अंकों तक की भारी गड़बड़ी पाए जाने पर इन शिक्षकों को 3 से 6 साल तक बोर्ड के सभी कामों से हटा दिया गया है और उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही सभी संबंधित शिक्षकों की एक साल की वेतन वृद्धि रोकने की अनुशंसा भी की गई है।

माशिमं की परीक्षा समिति की जांच में सामने आया कि प्रदेश के 36 मूल्यांकन केंद्रों में कॉपियां जांचने के दौरान बड़ी लापरवाही हुई। कार्रवाई की जद में आए शिक्षकों में 10वीं के 49 और 12वीं के 30 शिक्षक शामिल हैं।

कलेक्टर और डीईओ को भेजा गया आदेश

माशिमं ने कार्रवाई संबंधी आदेश की कॉपी स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय, सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) और कलेक्टरों को भेज दी है, ताकि संबंधित शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जा सके।

इन विषयों में मिली सबसे ज्यादा गड़बड़ी

10वीं कक्षा में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और संस्कृत विषयों की कॉपियों में गंभीर त्रुटियां पाई गईं। वहीं 12वीं में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, रसायन, जीवविज्ञान, गणित, लेखाशास्त्र और अर्थशास्त्र विषयों के मूल्यांकनकर्ताओं पर कार्रवाई की गई है।

गरमा-गरम

बस्तर के जंगलों से उठी नई खुशबू: युवा उद्यमी ने वेस्ट को बनाया अवसर, दो साल की रिसर्च से तैयार हुआ अनोखा प्रयोग

बस्तर का वेस्ट अब बनेगा बेस्ट, छिंद के बीजों से बनेगी कैफीन मुक्त हर्बल कॉफी

■ **बस्तर के ग्रामीणों को रोजगार और स्वास्थ्य जगत को मिलेगा नया विकल्प**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर की धरती अब केवल प्राकृतिक सौंदर्य और आदिवासी संस्कृति के लिए ही नहीं, बल्कि नवाचार और स्थानीय संसाधनों से उभरती नई संभावनाओं के लिए भी पहचानी जाने लगी है। दंतेवाड़ा जिले के बचेली निवासी युवा उद्यमी विशाल हालदार ने छिंद के उन बीजों को नई पहचान देने का काम किया है, जिन्हें अब तक बेकार समझकर फेंक दिया जाता था। विशाल ने इन्हीं बीजों से कैफीन मुक्त हर्बल कॉफी तैयार कर एक ऐसा विकल्प सामने रखा है, जो स्वाद के साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखता है।

बीकॉम और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की पढ़ाई कर चुके विशाल ने अपनी तकनीकी समझ और स्थानीय ज्ञान को जोड़ते हुए करीब दो वर्षों तक लगातार रिसर्च और प्रयोग किए। इंटरनेट से मिली जानकारी को बस्तर की परिस्थितियों और पारंपरिक संसाधनों के साथ जोड़कर उन्होंने यह नया उत्पाद विकसित किया। उनकी इस खोज को इनोवेशन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'वेस्ट से बेस्ट' की बस्तर मॉडल कहानी

बस्तर के जंगलों में बड़ी मात्रा में मिलने वाले छिंद के बीज अब तक अनुपयोगी माने जाते थे, लेकिन युवा उद्यमी विशाल हालदार ने इन्हीं बीजों को रोजगार, स्वास्थ्य और नवाचार से जोड़ दिया। यह प्रयोग केवल हर्बल कॉफी तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय संसाधनों से आत्मनिर्भरता का नया मॉडल भी प्रस्तुत करता है। यदि यह प्रोजेक्ट बड़े स्तर पर सफल होता है तो ग्रामीणों को अतिरिक्त आमदनी, युवाओं को रोजगार और बस्तर को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल सकती है।

अमेरिका ने सीजफायर तोड़कर ईरान पर फिर की बमबारी

■ **ट्रम्प बोले- डील नहीं की तो और हमले करेंगे, होर्मुज में 1500 जहाज फंसे**

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी सेना ने ईरान पर फिर बमबारी की है। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीजफायर के बीच यह कार्रवाई की। दरअसल, अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया है। इसके बाद ईरान ने बिना किसी हिचकिचाहट के करारा जवाब देने की चेतावनी दी है।

ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी सेना ने जास्क के पास ईरानी समुद्री इलाके से होर्मुज स्ट्रेट की ओर जा रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर तेहरान डील नहीं करता तो हम फिर हमले करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रम्प ने बताया कि ईरान ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुरों की जंग का आखिरी पड़ाव, आज सजेगा 'बस्तर आइडल-2026' का ग्रैंड फिनाले

- लाइव बैंड के साथ जूनियर और सीनियर प्रतिभागी देंगे दमदार प्रस्तुतियां
- संगीत प्रेमियों में उत्साह, शहर की कई प्रतिष्ठित हस्तियां रहेंगी मौजूद

जगदलपुर/नवप्रदेश। राग द म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित सिंगिंग प्रतियोगिता बस्तर आइडल 2026 अब अपने अंतिम और सबसे रोमांचक चरण ग्रैंड फिनाले में पहुंच चुकी है। संगीत, प्रतिभा और जुनून से सजे इस भव्य आयोजन में बस्तर के उभरते गायक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के शुरुआती दौर से ही प्रतिभागियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला,जिसके बाद अब ग्रैंड फिनाले को लेकर शहरभर में खासा आकर्षण बना हुआ है।

ग्रैंड फिनाले में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के चयनित प्रतिभागी लाइव बैंड के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। प्रतिभागियों की गायन शैली, मंच प्रस्तुति,सुरों की पकड़ और संगीत की समझ का मूल्यांकन अनुभवी निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए आकर्षक मंच सज्जा और आधुनिक साउंड सिस्टम की विशेष व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापोर संजय पांडे उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा शहर की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियाँ विशिष्ट एवं विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँगी।

बस्तर की छुपी प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच

राग द म्यूजिकल ग्रुप का उद्देश्य बस्तर अंचल की छुपी हुई संगीत प्रतिभाओं को पहचान दिलाना और युवाओं को संगीत के प्रति प्रोत्साहित करना है। आयोजकों ने शहरवासियों एवं संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

---

10 मई को भगवान चित्रगुप्त प्राकट्य उत्सव

कायस्थ समाज का होगा महासंगम

- वैदिक पूजन, भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक भोज का होगा आयोजन

जगदलपुर/नवप्रदेश। स्थानीय कायस्थ समाज द्वारा कायस्थ समाज के इष्टदेव भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्य उत्सव 10 मई रविवार को चित्रांश भवन, सिविल लाइन लालबाग जगदलपुर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जगदलपुर सहित आसपास के जिलों और कस्बों में निवासरत कायस्थ समाज के सदस्यों का महासंगम होगा।

समाज से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष वैशाख शुक्ल गंगा सप्तमी के अवसर पर भगवान ब्रह्मा के सत्रहवें पुत्र एवं कायस्थ कुल के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त का प्राकट्य उत्सव उत्साहपूर्वक आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक पूजन, हवन और महाआरती से होगी,जिसमें समाज के सभी सदस्य सहभागी बनेंगे।

दिनभर महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही शहर के विभिन्न मार्गों से भगवान श्री चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। संध्या समय आयोजित भजन संध्या में कलाकार भजनों के माध्यम से भगवान चित्रगुप्त की स्तुति प्रस्तुत करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर संजय पांडे करेंगे, जबकि खेम सिंह देवांगन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। संध्या 7 बजे मुख्य अतिथि के स्वागत के बाद सामाजिक सभा आयोजित होगी। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात विभिन्न प्रतिभाओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक भोज के साथ होगा।

दलपत सागर के सौंदर्यीकरण से लेकर शहर की सड़कों तक विकास का बड़ा अभियान शुरू

24 करोड़ की सौगात से बदलेगी जगदलपुर की तस्वीर

- 36 विकास कार्यों के भूमिपूजन के साथ भाजपा ने तेज किया शहरी अधोसंरचना विस्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर शहर में गुरुवार को विकास कार्यों की नई आधारशिला रखी गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव, सांसद महेश कश्यप तथा महापौर संजय पांडे ने 24 करोड़ 72 लाख 60 हजार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। शहर में दलपत सागर के विकास एवं सौंदर्यीकरण, प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण और वार्डों में अधोसंरचना विस्तार के साथ नगर विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत लगभग 9 करोड़ 88 लाख रुपए की लागत से ऐतिहासिक दलपत सागर का विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। योजना के तहत को-वाल, रिटर्निंग वाल, पेवर ब्लॉक,चौपाटी निर्माण, पार्किंग, विद्युतीकरण और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही मुक्तिधाम से समुंद चौक,पावर हाउस से पंच पथ चौक होते हुए आमागुड़ा चौक तक लगभग 10 करोड़ 6 लाख रुपए की लागत से सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य किया जाएगा। चित्रकोट मार्ग पर पाइप लाइन शिफ्टिंग के लिए भी 2 करोड़ 26 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भी सीसी सड़क, आरसीसी नाली, पुलिया, शेड और सड़क निर्माण सहित 36 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। सिविल लाइन, सदर, प्रतापदेव, बालाजी,मोतीलाल नेहरू, इंदिरा, दंतेश्वरी, राजेंद्र प्रसाद, गंगा नगर,गुरु गोविंद सिंह,लोकमान्य तिलक और महाराणा प्रताप वार्ड समेत कई क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के कार्य शुरू किए जाएंगे। इन परियोजनाओं से शहर के यातायात, जल निकासी और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि राज्य सरकार बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ने और अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दलपत सागर का सौंदर्यीकरण लंबे समय से शहरवासियों की मांग थी, जिसे अब मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों और परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है, वे केवल निर्माण कार्य नहीं बल्कि शहर की प्रगति के मार्ग हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और शहर का कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता नहीं रहेगा।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं और जनता की मांग के अनुरूप अधोसंरचना मजबूत की जा रही है। वहीं महापौर संजय पांडे ने कहा कि दलपत सागर के विकास से शहर को नई पहचान मिलेगी तथा सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरे किए जाएंगे।

इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही,सुरेश गुप्ता,संग्राम सिंह राणा,संजय विश्वकर्मा, लक्ष्मण झा,श्वेता बघेल,त्रिवेणी रंधारी,पार्षद पारूल बोथरा,कुबेर देवांगन, गौतम पानीग्राही,आलोक अवस्थी, पीतामह नायक,जाहिद हुसैन, बंसती समरथ, संतोष गौर,श्याम सुंदर,दिलीप दास, नेहा धुव, मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, रजनीश पानीग्राही, आर्येंद्र सिंह,आशुतोष पांडेय,राजेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,वार्डवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विकास कार्यों की प्रमुख झलकियां

दलपत सागर सौंदर्यीकरण पर लगभग 9.88 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे ,जिसमें चौपाटी, पार्किंग,विद्युतीकरण और पेवर ब्लॉक निर्माण शामिल हैं। मुक्तिधाम से आमागुड़ा चौक तक सड़क चौड़ीकरण कार्य 10 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से होगा। चित्रकोट मार्ग पाइप लाइन शिफ्टिंग के लिए 2.26 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क,नाली,पुलिया और शेड निर्माण सहित 36 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया,जिससे शहरी अधोसंरचना को व्यापक मजबूती मिलेगी।

कागजों में समाधान, धरातल पर परेशान जनता : राजेश चौधरी

जगदलपुर/नवप्रदेश। नगर पालिका निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने भाजपा सरकार और नगर निगम प्रशासन पर सुशासन तिहार के नाम पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार केवल सरकारी प्रचार का माध्यम बनकर रह गया है, जबकि जनता की वास्तविक समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित सुशासन तिहार में 2461 मांग आवेदन और 517 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए थे। प्रशासन ने इन सभी प्रकरणों को दस्तावेजों में निराकृत दिखा दिया, लेकिन हकीकत में अधिकांश हितग्राही आज भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। कई लोगों को तो यह जानकारी तक नहीं है कि उनके आवेदन बिना किसी कार्रवाई के बंद कर दिए गए हैं। प्रेस वार्ता में आरोप लगाया गया कि पट्टा वितरण,शौचालय निर्माण,एकल बत्ती बिजली कनेक्शन,सड़क और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े आवेदन महीनों बाद भी लंबित पड़े हैं।

बिजली दर बढ़ोतरी पर कांग्रेस का हमला

छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि 20 से 24 प्रतिशत तक बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव आम जनता की कमर तोड़ने वाला कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार महंगाई बढ़ाकर आम लोगों पर आर्थिक बोझ डाल रही है और अब बिजली दरों में भारी वृद्धि कर जनता को अतिरिक्त संकट में धकेला जा रहा है। कमेटी अध्यक्ष मोर्य ने कहा कि बस्तर अंचल पहले से महंगाई, बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है।

अपने सपनों को कभी मरने नहीं देना चाहिए: दीपशिखा

- अध्ययन में एकाग्रता और रुचि को बताया सफलता का मूल मंत्र
- शासकीय काकतिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में करियर मार्गदर्शन के लिए ऑनलाइन सम्मेलन आयोजित

जगदलपुर/नवप्रदेश। शासकीय काकतिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक ऑनलाइन करियर मार्गदर्शन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भारतीय विज्ञान संस्थान,बेंगलुरु के सूक्ष्मजीव विज्ञान एवं कोशिका जीव विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ दीपशिखा चक्रवर्ती थीं। सम्मेलन का उद्देश्य बस्तर के आदिवासी बहुल क्षेत्र के विद्यार्थियों,विशेष रूप से विज्ञान संकाय के छात्रों,को उच्च शिक्षा एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करना था।

अपने संबोधन में प्राध्यापक दीपशिखा चक्रवर्ती ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपने सपनों को कभी मरने नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े सपने देखने और निरंतर परिश्रम करने की क्षमता ही विद्यार्थियों को सफल रोजगार के अवसरों तक पहुंचाती है। उन्होंने युवावस्था को जीवन का महत्वपूर्ण समय बताते हुए विद्यार्थियों से अपने समय का सदुपयोग करने की अपील की। साथ ही उन्होंने अध्ययन में एकाग्रता और रुचि को सफलता का मूल मंत्र बताया।

प्राध्यापक चक्रवर्ती ने पीसीएमबी (भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीव विज्ञान) को व्यापक करियर संभावनाओं वाला आदर्श विषय संयोजन बताया। उनके अनुसार अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण विज्ञान,अभियांत्रिकी तथा आंकड़ा विश्लेषण जैसे क्षेत्रों में बहुआयामी कौशल की आवश्यकता होती है,जिससे विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होते हैं।

उन्होंने बेहतर रोजगार अवसरों के लिए बुनियादी संचार कौशल को अत्यंत आवश्यक बताया।

शोध कार्य विधार्थियों की चिंतन क्षमता को विकसित करता

एमएससी एवं विभिन्न विशेषज्ञताओं पर चर्चा करते हुए प्राध्यापक चक्रवर्ती ने पीएचडी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शोध कार्य विद्यार्थियों की चिंतन क्षमता को विकसित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में उच्च मांग वाले करियर क्षेत्रों में सफलता के लिए विद्यार्थियों को विभिन्न व्यवहारिक कौशल सीखना आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने एनपीटीईएल और स्वयं जैसे ऑनलाइन शिक्षण मंचों को अत्यंत उपयोगी बताया।

बुनियादी ज्ञान को मजबूत करने पर विशेष जोर

सम्मेलन के अंत में एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास बढ़ाने,व्यक्तित्व विकास तथा गलत करियर चयन को लेकर होने वाली चिंताओं से संबंधित प्रश्न पूछे। इन प्रश्नों के उत्तर में प्राध्यापक दीपशिखा ने बुनियादी ज्ञान को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकों के अध्ययन और मूलभूत विषयों की गहरी समझ विकसित करने की सलाह दी।

जनगणना: जंगलों की पगडंडियों पर कर्तव्य का सफर, दुर्गम वनांचल में घर-घर पहुंचकर निभा रहे जिम्मेदारी

भीषण गर्मी में पैदल चलकर जनगणना कार्य कर रहे प्रगणक संजय पाण्डेय

- कठिन परिस्थितियों के बीच सेवा और समर्पण की मिसाल बने प्रगणक

जगदलपुर/नवप्रदेश। भीषण गर्मी और दुर्गम जंगलों के बीच जहां सामान्य जनजीवन भी प्रभावित हो जाता है, वहीं बस्तर तहसील के ग्राम रेतावंड के वनांचल क्षेत्र में जनगणना कार्य में लगे प्रगणक संजय पाण्डेय अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्य से अलग पहचान बना रहे हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद वे लगातार पैदल चलकर दूरस्थ घरों तक पहुंच रहे हैं, ताकि कोई भी परिवार जनगणना से वंचित न रह जाए।

रेतावंड क्षेत्र के कई गांव और बस्तियां घने जंगलों के बीच स्थित हैं, जहां एक-एक मकान तक पहुंचने के लिए लगभग दो किलोमीटर तक पैदल सफर करना पड़ता है। तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच भी संजय पाण्डेय बिना थके अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। जिन क्षेत्रों में सड़क और परिवहन की सुविधा लगभग नहीं के बराबर है, वहां वे पगडंडियों के सहारे घर-घर पहुंचकर जनगणना का कार्य पूरा कर रहे हैं।जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में उनकी सक्रियता और समर्पण स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ ग्रामीणों के बीच भी चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने उनके धैर्य और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी जिस प्रतिबद्धता से वे कार्य कर रहे हैं, वह प्रेरणादायक है।

संजय पाण्डेय का यह प्रयास केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बताता है कि सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। उनका जज्बा अन्य प्रगणकों और कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा है।

जंगलों के बीच कठिन सफर

रेतावंड क्षेत्र में कई घर ऐसे स्थानों पर स्थित हैं जहां वाहन पहुंचना संभव नहीं है। प्रगणक संजय पाण्डेय को घने जंगलों और ऊबड़-खाबड़ रास्तों से होकर कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। तेज गर्मी के बावजूद वे हर परिवार तक पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं, जिससे जनगणना कार्य व्यवस्थित और पूर्ण रूप से संपन्न हो सके।

राष्ट्रीय जिम्मेदारी को दी प्राथमिकता

जनगणना देश की योजनाओं और विकास कार्यों की आधारशिला मानी जाती है। ऐसे में दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत प्रगणकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। संजय पाण्डेय ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने दायित्व को प्राथमिकता देकर यह साबित किया है कि जिम्मेदारी के प्रति समर्पण ही सच्ची सेवा का परिचायक है।

ग्रामीणों ने की सराहना

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जहां सामान्य दिनों में भी इन क्षेत्रों तक पहुंचना कठिन होता है, वहां भीषण गर्मी में लगातार घर-घर पहुंचकर जनगणना करना आसान नहीं है। उन्होंने प्रगणक संजय पाण्डेय की मेहनत और लगन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ कर्मचारियों की वजह से ही शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच पाती हैं।

---

13 फरवरी के राजपत्र पर शिक्षकों का तीखा विरोध

- प्रतिनियुक्ति नियमों में बदलाव से वरिष्ठ व्याख्याता और प्राचार्य संवर्ग में नाराजगी

जगदलपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 13 फरवरी 2026 को जारी नए राजपत्र का विरोध तेज हो गया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने इसे अव्यवहारिक बताते हुए कहा है कि नई व्यवस्था से शिक्षा विभाग के वरिष्ठ और अनुभवी शिक्षक संवर्ग के पदोन्नति तथा प्रतिनियुक्ति के अवसर सीमित कर दिए गए हैं। संघ के पदाधिकारियों का आरोप है कि पूर्व में लागू व्यवस्था को पलटकर कुछ चुनिंदा पदों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व राजपत्र के अनुसार वरिष्ठ व्याख्याता एवं माध्यमिक शाला प्रधान पाठकों को अनुभव और समान वेतनमान के आधार पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी पद पर प्रतिनियुक्ति दी जाती थी, लेकिन नए राजपत्र में 46 हजार 883 व्याख्याता संवर्ग को इससे लगभग बाहर कर दिया गया है। इसी प्रकार 4 हजार 560 प्राचार्य संवर्ग को भी पहले की तुलना में बेहद सीमित अवसर दिए गए हैं।

बिलासपुर मंडल के यात्रियों के लिए टिकट सुविधा केंद्रों पर पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम प्रणाली शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा यात्रियों को आधुनिक, तेज एवं सुगम टिकटिंग सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए मंडल के सभी यात्री टिकट सुविधा केंद्रों (YTSK) में GUI-PRS (ग्राफिकल यूजर इंटरफेस आधारित पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम) प्रणाली की सफल स्थापना कर दी गई है।

भारतीय रेल द्वारा डिजिटल सेवाओं के विस्तार एवं यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण के तहत लागू की गई यह नई प्रणाली आरक्षण टिकट बुकिंग प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं उपयोगकर्ता-अनुकूल बना रही है। GUI आधारित यह आधुनिक प्रणाली पारंपरिक

टेक्स्ट आधारित इंटरफेस की तुलना में अधिक सहज एवं तेज है, जिससे टिकट बुकिंग की प्रक्रिया पहले की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक एवं प्रभावी हो गई है। नई प्रणाली के माध्यम से YTSK संचालकों को टिकट जारी करने, यात्री विवरण दर्ज करने तथा विभिन्न आरक्षण संबंधी सेवाओं के संचालन में आसानी हो रही है, वहीं यात्रियों को भी कम समय में बेहतर एवं त्रुटिरहित सेवा प्राप्त हो रही है। इसके लागू होने से मंडल के सभी YTSK केंद्रों पर आरक्षित टिकटों की बुकिंग अधिक त्वरित, व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से की जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि बिलासपुर मंडल यात्रियों को आधुनिक एवं डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। सभी YTSK केंद्रों पर GUI-PRS प्रणाली लागू होने से टिकटिंग व्यवस्था अधिक सरल, तेज एवं पारदर्शी बनी है। इससे यात्रियों को बेहतर सेवा अनुभव प्राप्त होगा तथा आरक्षण प्रक्रिया और अधिक सुविधाजनक बनेगी। आने वाले समय में भी मंडल द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन हेतु निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन पर चिकित्सा कक्ष की सुविधा शुरु

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष की सुविधा प्रारंभ की गई है। यह पहल नागपुर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यात्रियों की बेहतर सुविधा हेतु शुरू की गई है। इस सुविधा का उद्देश्य यात्रा के दौरान अचानक अस्वस्थ होने वाले यात्रियों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में यात्रियों को तुरंत राहत मिल सके। इस चिकित्सा कक्ष के संचालन में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. श्रीकांत मुक्केवार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। डॉ. मुक्केवार, जो कि मिडास हॉस्पिटल के संचालक हैं, ने यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु रेलवे प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित किया है। नागपुर मंडल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्टेशन परिसर में यह आपातकालीन चिकित्सा कक्ष स्थापित किया गया है। इस चिकित्सा कक्ष में आवश्यक प्राथमिक उपचार उपकरण एवं मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे जरूरत पड़ने पर यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सकेगी।

न्यूज गैलरी

मनीष को दक्षिण मंडल संगठन प्रभारी की कमान

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर शहर ने संगठनात्मक विस्तार और आगामी चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखते हुए मंडल संगठन प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन में संभाग प्रभारी, सह-प्रभारी और जिला प्रभारी के निर्देशानुसार की गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने नियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए कहा कि नई जिम्मेदारियों के साथ संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत किया जाएगा। जारी सूची के मुताबिक बिलासपुर, बिल्हा और तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में संगठन प्रभारियों और सह-प्रभारियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें बिलासपुर पश्चिम, दक्षिण, मध्य, पूर्वी, उत्तर, रेलवे, सिरगिट्टी, बोदरी, बिल्हा, बेलतरी, तखतपुर, सकरी, काठाकोनी, गनियारी और विजयपुर मंडल शामिल हैं। भाजपा संगठन ने संदीप दास, मनीष अग्रवाल, राजेश मिश्रा, प्रवीर सेन गुप्ता, रमेश लालवानी, पंकज तिवारी, सोमेश तिवारी, बृजभूषण वर्मा, दिनेश पाण्डेय, पेनम वर्मा, संतोष कौशिक, दिनेश राजपूत, श्याम सिंह ध्रुव, अजय शर्मा और कृष्ण कुमार साहू को मंडल संगठन प्रभारी नियुक्त किया है। चुनावी तैयारी और बूथ मैनेजमेंट सहित बीजेपीपार्टी अब बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय मजबूत करने पर फोकस कर रही है। जिला भाजपा नेतृत्व ने उम्मीद जताई है कि सभी नव-नियुक्त पदाधिकारी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को नई ऊर्जा देंगे।

शहीद अब्दुल को दी गई श्रद्धांजलि

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहीद अब्दुल वहीद खान की पुण्यतिथि पर बुधवार को सीएमडी चौक स्थित शहीद स्मारक चौक में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में नगर के नागरिकों, युवाओं और समाजसेवियों ने मोमबत्तियां जलाकर शहीद वहीद खान को श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस विभाग में अपनी ईमानदारी, बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए पहचान रखने वाले शहीद अब्दुल वहीद खान ने बिलासपुर में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी। शासकीय विज्ञान महाविद्यालय से बीएससी तथा केआर लॉ कॉलेज से विधि स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद वे पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर बने। उन्होंने छत्तीसगढ़ के दूरस्थ और नक्सल प्रभावित इलाकों में 12 वर्षों से अधिक समय तक सेवाएं दीं। वर्ष 2009 में नारायणपुर के फरसगांव क्षेत्र में नक्सली हमले के दौरान वे शहीद हो गए थे। उनकी शहादत को आज भी शहर गर्व और सम्मान के साथ याद करता है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि शहीद वहीद खान का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है।

डीपी विप्र कॉलेज में रोजगार अभियान शुरु, विभिन्न पदों के लिए विद्यार्थियों का चयन

प्लेसमेंट कार्यक्रम छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर देने का मंच : अग्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर में आज छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक भव्य परिसर नियुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। यह आयोजन ओशन कोलाइड के सहयोग से तथा मणिपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के लाइसेंसी के रूप में संपन्न हुआ।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में देश की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों ने भाग लिया, जिनमें एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, कोटक, टाटा एआईजी लाइफ एवं हिमालया प्रमुख रहे। विभिन्न पदों के लिए छात्रों का चयन किया गया, जिनमें सहायक प्रबंधक, उप प्रबंधक, अधिग्रहण संबंध प्रबंधक, चैनल विक्रय प्रबंधक,

चिकित्सकीय प्रतिनिधि आदि शामिल हैं। चयनित पदों के लिए वार्षिक वेतन पैकेज 3 लाख रुपये से 6 लाख रुपये तक निर्धारित किया गया। हुमा शकील, सैयद मीर ओसेन कोलाइड के तरफ उपस्थित थे। डी.पी. विप्र महाविद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने कहा कि प्लेसमेंट ड्राइव का मतलब किसी शैक्षणिक संस्था में कंपनियों द्वारा छात्रों को नौकरी देने के लिए एक भर्ती कार्यक्रम है। इसके तहत कंपनियाँ कैंपस में आकर ग्रुप डिक्केशन एवं योग्य छात्रों का चयन करती है। चयनित होने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। महाविद्यालय प्रशासन समिति के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार के प्लेसमेंट कार्यक्रम छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उद्योग जगत से जुड़ने का मंच उपलब्ध कराते हैं।

प्राचार्य डॉ. शुक्ला ने आयोजन पर शुभकामनाएं दी

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला ने आयोजन की सफलता पर शुभकामनाएं दी तथा कॉलेज प्रशासन ने प्रतिभागियों, कंपनियों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. बिजॉय कर्मकार ने बताया कि कार्यक्रम में 98 छात्र–छात्राओं में स्नातक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव हेतु आप पात्रता में न्यूनतम 50 : अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण, आयु सीमा 30 वर्ष तक एवं अच्छे संप्रेषण कौशल को प्राथमिकता दी गई। इस अवसर पर एलुमिनी कमेटी के अध्यक्ष अविनाश सेठी, विकास सिंह, मनीष मिश्रा, डॉ.एम.एस तंबोली,डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. विवेक अम्बलकर, डॉ. निधीश चैबे, डॉ. ए.श्रीराम, डॉ. आभा तिवारी, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, डॉ. खगेन्द्र सोनी, डॉ. ऋचा हाण्डा, डॉ. किरण दुबे, सुचित दुबे, डॉ. मेघा दाबड़कर, यूपेश कुमार, प्रो अभिलाष अवस्थी, प्रो. नीलम सिंग, प्रो. आकांक्षा गौतम, प्रो. लेमा देवांगन, प्रो. ईश्वर सूर्यवंशी, प्रो. दीपक कश्यप ने चयनित छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएँ दी है।

तीन मासूम बच्चों सहित महिला 3 दिनों से लापता, परिजन परेशान

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के तखतपुर क्षेत्र से एक महिला के अपने तीन मासूम बच्चों सहित रहस्यमयी ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। महिला का तीन दिनों बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर परिवार ने तखतपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अब महिला और बच्चों की तलाश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सांवाडबरा निवासी 32 वर्षीय कलेश्वरी जायसवाल अपनी बहन से मिलने के लिए घर से निकली थी। बताया गया कि उसकी बहन की बेटी की तबीयत खराब थी, जिसकी सूचना मिलने पर वह अपने तीन बच्चों उमेश 12 वर्ष, लवण्या 9 वर्ष और उग्रेश 5 वर्ष को साथ लेकर तखतपुर पहुंची। यहां तक उसे उसका भतीजा दुपहिया वाहन से छोड़ने आया था। बताया जा रहा है कि तखतपुर मंडी चौक से बिलासपुर जाने वाली बस पकड़ने की बात कहकर भतीजा लौट गया, लेकिन कलेश्वरी गलती से बिलासपुर की बजाय मुंगेली

जाने वाली बस में सवार हो गई। सीसीटीवी फुटेज में महिला को मुंगेली के पुराना बस स्टैंड स्थित एक होटल में बच्चों के साथ नाश्ता करते देखा गया। शाम करीब 4 बजे उसने अपने पति को फोन कर घर पहुंचने की बात कही, लेकिन वह घर नहीं लौटी। जब देर रात तक महिला का पता नहीं चला तो परिजनों ने तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिलने पर 5 मई को तखतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी विवेक पांडे ने बताया कि पुलिस गुम इंसान कायम कर मामले की जांच और पतासाजी कर रही है।

रेडक्रॉस दिवस पर निकली जनजागरूकता रैली मरीजों को बांटे फल, लगाया स्वास्थ्य शिविर

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी बिलासपुर द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम सिम्स चिकित्सालय में रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ. बी.एल. गोयल ने सर हेनरी डूनॉट के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

सिम्स परिसर से गोल बाजार तेलीपारा होते हुए जिला चिकित्सालय तक जन जागरण रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में लोगों से उत्साह के साथ भाग लिया। इसके पश्चात जिला चिकित्सालय में एसएनसीयू, एचडीयू, चिल्ड्रन वार्ड, महिला वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। इसके पश्चात स्थानीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच, सर्वाइकल कैंसर की जांच, बीपी, शुगर सहित अन्य बीमारियों का परीक्षण कर उचित सलाह दी गई।

कार्यक्रम में चेयरमेन प्रबंध समिति डॉ. बी एल गोयल, नोडल अधिकारी डॉ. एमए जीवानी, जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना, प्रभारी रेडक्रॉस आदित्य पांडे सहित लक्ष्मी नारायण मिश्रा, सुशील राजपूत, डॉ विद्याभूषण, रमेश सिंह, गीतेश्वरी चन्द्रा, नौरिश, अंजू राजपूत, नेहा, अंजलि आदि उपस्थित रहे।

विद्युत संविदा कर्मचारियों ने किया 22 जून से अनिश्चितकालीन 'काम बंद' आंदोलन का ऐलान

सीपत/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ ने छ.ग. स्टेट पावर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने प्रबंधन द्वारा जारी नई 'लाइन परिचारक (संविदा) मानव संसाधन नीति-2025' को कर्मचारी विरोधी और जानलेवा बताते हुए इसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी माँगें पूरी नहीं हुईं, तो 22 जून से पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन किया जाएगा।

संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, नई नीति में संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण और रिक्त पदों पर समायोजन के प्रावधानों को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। 10 साल की सेवा के बाद भी कर्मचारियों को नियमित करने के बजाय केवल संविदा के रूप में शोषित करने की योजना बनाई गई है। संघ का आरोप है कि प्रबंधन नई नीति के माध्यम से संविदा कर्मचारियों पर जबरन लाइन परमिट लेकर कार्य करने का दबाव बना रहा है। बिना किसी सुरक्षा गारंटी और अनुभव के अभाव में परमिट लेकर काम

करना कर्मचारियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि कार्य के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। अपनी एक सूत्रीय माँग (नियमितीकरण) को लेकर संघ निम्नलिखित चरणों में आंदोलन करेगा 25 मई 2026 विद्युत सेवा भवन, डंगनिया (रायपुर) मुख्यालय में एक दिवसीय 'गेट मीटिंग'। 22 जून से अनिश्चितकालीन प्रदेश व्यापी कामबंद आंदोलन। संघ के महामंत्री कमलेश भारद्वाज ने कहा कि हमने बार-बार द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से अपनी बात रखने की कोशिश की, लेकिन प्रबंधन के तानाशाही रवैये के कारण हमें आंदोलन के लिए विवश होना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण कंपनी में 5000 से अधिक पद रिक्त हैं साथ पारेषण कंपनी में में भी काफी पद रिक्त हैं, इसके बावजूद प्रदेश भर में पावर कंपनी के अंतर्गत कार्यरत 2500 संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के बजाय कंपनी शोषण की नीति अपनाते हुए सिर्फ आउटसोर्स को बढ़ावा देते जा रही है। जबकि लाइन का दाब अत्यंत ही तीव्र गति से बढ़ते जा रहा है7 कंपनी में नियमित कर्मचारियों की भारी कमी है जिससे मैदानी मोहन में सुधार कार्य समय पर संपादित नहीं हो पा रहे हैं7 वर्तमान सरकार को पावर कंपनी प्रबंधन की दुर्दशा की स्थिति में पूर्ण रूप से जानकारी है किंतु फिर भी सरकार इसमें पावर कंपनी प्रबंधन को दिशा निर्देश नहीं दे रही है संविदा कर्मचारियों को नियमित कर नहीं नियमित पदों पर भर्ती किया जाए7 वर्तमान में विद्युत वितरण और पारेषण कंपनियों में कर्मचारियों की भारी कमी है। नियमित अमला कम होने के कारण मैदानी स्तर पर सुधार कार्य पहले से ही प्रभावित हो रहे हैं। संविदा कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से भीषण गर्मी के इस मौसम में प्रदेश की जनता को भारी कटौती और फाल्ट जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। संविदा ?संघ के अध्यक्ष हरिचरण साहू जी का कहना है कि सरकार को स्थिति की पूरी जानकारी है, फिर भी प्रबंधन को उचित दिशा-निर्देश नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी दिनों में कंपनी प्रबंधन संविदा कर्मियों की न्यायोचित मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लेता है, तो बाध्य होकर संविदा कर्मचारियों को वर्ष 2021-22 की भांति सरकार के विरुद्ध व्यापक आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। संघ ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले में हस्तक्षेप कर कंपनी प्रबंधन को निर्देशित किया जाए, ताकि संविदा कर्मियों को उनके अधिकार मिल सकें और औद्योगिक शांति बनी रहे।

प्रेसवार्ता: अभिनय व बाल नाट्य का 45 दिवसीय कार्यशाला, बॉलीवुड के हास्य अभिनेता रघुवीर यादव समापन में होंगे शामिल

अग्रज नाट्य दल बाल व युवाओं को रंगमंच के लिए तराशेंगे

बिलासपुर/नवप्रदेश। रंगमंच की दुनिया में सक्रिय अग्रज नाट्य दल द्वारा इस वर्ष भी 45 दिवसीय अभिनय एवं रंगमंच कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसमें बाल कलाकारों से लेकर युवा प्रतिभाओं को तराशा जाएगा। लगभग 30 वर्षों से रंगमंच के क्षेत्र में सक्रिय संस्था हर वर्ष नई प्रतिभाओं को मंचीय प्रशिक्षण देने का कार्य कर रही है।

संस्था के वरिष्ठ रंगकर्मी सुनील चिपड़े ने शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रवार्ता में बताया कि इस बार की कार्यशाला का स्वरूप विशेष होगा। पैंतालीस दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय, थिएटर, वॉइस कल्चर, मंच संचालन, बॉडी लैंग्वेज एवं रंगमंच की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान फिल्म, थिएटर और रेडियो से जुड़े विभिन्न विशेषज्ञ प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों के साथ तीन से चार नाटकों की तैयारी की जाएगी, जिनका मंचन समापन समारोह में किया जाएगा।

कार्यशाला के समापन अवसर पर आयोजित नाट्य समारोह इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्रसिद्ध अभिनेता रघुवीर यादव को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। वे अपनी टीम के साथ बिलासपुर आएंगे और चर्चित नाटक 'पियानो' का मंचन करेंगे। सुनील चिपड़े ने बताया कि दर्शकों ने रघुवीर यादव की अभिनय प्रतिभा को फिल्म 'मैसी साहब' और लोकप्रिय वेब सीरीज पंचायत में खूब सराहा है। नाट्य समारोह में संस्था द्वारा 'योगेश स्मृति कलाकार सम्मान' से भी रघुवीर यादव को सम्मानित किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य बिलासपुर में रंगमंच की नई पीढ़ी तैयार करना तथा थिएटर की गंभीर और रचनात्मक परंपरा को आगे बढ़ाना है।

वन विकास निगम की हरित उपलब्धि, पांच वर्षों में 27 लाख से अधिक पौधों का रोपण

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, कोटा परियोजना मंडल, बिलासपुर द्वारा पिछले पांच वर्षों में पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र विस्तार की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। वर्ष 2021 से 2025-26 के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण करते हुए कुल 951.980 हेक्टेयर क्षेत्र में 27 लाख 14 हजार 350 पौधों का रोपण किया गया।

वन विकास निगम द्वारा नियमित वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत 66 कक्षों में 852 हेक्टेयर क्षेत्र में 21 लाख 30 हजार पौधे लगाए गए। इसमें मुख्य रूप से सागौन प्रजाति का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त क्लोनल सागौन अंतर्गत 1 हेक्टेयर में 2 हजार 500 पौधे तथा क्लोनल नीलगिरी के तहत 90 हेक्टेयर क्षेत्र में 2 लाख 25 हजार पौधों का रोपण किया गया।डिपाजिट वृक्षारोपण योजनाओं के माध्यम से वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक 93.760 हेक्टेयर क्षेत्र में 3 लाख 16 हजार 250 पौधे लगाए गए। यह कार्य विभिन्न संस्थाओं एवं परियोजनाओं के सहयोग से संपादित किया गया, जिससे शहरी एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने में मदद मिली। इसके साथ ही अरपा नदी के किनारे इस वर्ष विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाकर नदी तट संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की गई। वर्ष 2025-26 में अरपा नदी किनारे 3.620 हेक्टेयर क्षेत्र में 20 हजार 300 पौधों का रोपण किया जाएगा।

सुविचार

आंसुओं की अजीब कहानी है। खुशी और गम दोनों की निशानी है। समझने वालों के लिए अनमोल मोती और न समझने वालों के लिए सिर्फपानी है

ममता बनर्जी की हठधर्मिता

देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी राज्य का मुख्यमंत्री चुनाव में पराजित होने के बाद भी अपने पद से इस्तीफा न देने की जिद पर अड़ा हो और राज्यपाल को उसकी सरकार को बर्खास्त करना पड़ा हो। बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी हठधर्मिता दिखाकर यह साबित कर दिया है कि वे अपना दिमागी संतुलन खो चुकी है। बंगाल के लोगों का विश्वास तो वे पहले ही खो चुकी हैं। ऐसे में वे किसी की सहानुभूति की पात्र नहीं रह गई हैं। उल्टे अपने इस कृत्य से हास्य का पात्र बन गई हैं। ऐसा मुगालते तो कोई महामूर्ख भी नहीं पालता कि वह कभी हार ही नहीं सकता। ममता बनर्जी तो अपनी हार को जीत बता रही हैं। इस सच्चाई को नकार रही हैं कि उनकी हार पर सारा बंगाल जश्न मना रहा है। जय श्री राम के जिन जयघोष से ममता बनर्जी के तन बदन में आग लग जाती थी उस नारे की गूंज पूरे बंगाल में सुनाई पड़ रही है। यहां तक कि सरकारी कार्यालयों में भी सरकारी कर्मचारियों ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए भाजपा की जीत का जश्न मनाया है। और भी राज्यों में चुनाव हुए हैं। सत्ता परिवर्तन हुआ है लेकिन कहीं भी लोगों ने सरकार बदलने पर ऐसी खुशी जाहिर नहीं की है जैसी बंगाल के बाशिंदों ने जाहिर की है। इसी से स्पष्ट है कि ममता बनर्जी की सरकार के कुशासन से वहां के लोग कितने त्रस्त थे? इसके पहले उनके पास विकल्प नहीं था लेकिन जैसे ही उन्हें भाजपा के रुप में विकल्प दिखा तो उन्होंने ममता बनर्जी की सरकार को उखाड़ फेंका। ममता बनर्जी भले ही अपनी काली करतूतों पर पर्दा डालने के लिए वोट चोरी का बेसुरा राग अलापते रहे और राहुल गाँधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव तथा अरविंद केजरीवाल जैसे हारे हुए जुआरी उनके सुर में सुर मिलाते हुए चुनाव आयोग पर निशाना साधते रहें लेकिन देश समझ रहा है कि सच्चाई क्या है? केरल और तमिलनाडु में सरकार बदली तो वहां लोकतंत्र जीत गया लेकिन बंगाल में परिवर्तन की आंधी चली तो लोकतंत्र की हत्या हो गई। यह दोहरा मापदंड अब नहीं चलेगा। ये नया भारत है और अब यहां की जागरूक जनता को बरगलाना आसान नहीं है। उपर से ममता बनर्जी यह धमकी दे रही हैं कि वे बंगाल के मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में ले जाएंगी। इसी से उनकी मानसिक दशा और विकृत सोच का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। इसका मतलब साफहै कि उन्हें अपने देश की न्याय व्यवस्था पर भी विश्वास नहीं है। ऐसी सोच देशद्रोही ही रख सकते हैं। कायदे से तो उनके खिलाफदेशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाना है। बंगाल में टीएमसी की हार के बाद जिस तरह हिसाब घटनाएं हो रहीं हैं यहां तक कि भावी मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी के पीए तक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जाहिर है टीएमसी के गुंडे बंगाल में अराजकता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि टीएमसी के गुंडों के खिलाफअभियान चलाया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। तभी ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी की अक्ल ठिकाने लगेगी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान जो भ्रष्टाचार का नंगा नाच किया है उसकी जांच के बाद उनका भी जेल जाना लगभग तय है। बेहतर होगा कि ममता बनर्जी खिसयानी बिल्ली की तरह खंबा नोचना बंद करे और आग से खेलने की कोशिश तो हरगिज न करें वरना उन्हें इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

- जिसे प्रेम करते हो वह कौन है यह महत्वपूर्ण नहीं है, केवल प्रेम करना महत्वपूर्ण है। प्रेम करने पर ही हरि प्रकट हो जाते हैं।
- वर्तमान पल में विश्वास रखो, कल विश्वास के योग्य नहीं है।
- जिस व्यक्ति को अपने जीवन में मंगल की आकांक्षा हो वह भूल कर भी कभी किसी के अमंगल का चिंतन ना करें।
- वर्तमान समय में जिन चीजों का पालन करने से हम स्वस्थ रह सकते हैं वो अवश्य करना चाहिए। ये प्रैक्टिकल है, ये व्यवहारिक चीजें हैं।
- सावधानी को भय नहीं कहते हैं। सावधानीय आनंदित और सुरक्षित जीवन जीने का तरीका है।
- हजारों बुराइयों के बीच भी अगर एक अच्छाई किसी की नजर आए तो उस अच्छाई को देखना, बुराई को नहीं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1386 - विश्व की प्राचीनतम संधियों में से एक पुर्तगाल और इंग्लैंड के बीच विंडसोर समझौता हुआ। 1576 - महाराणा प्रताप और अकबर के बीच हल्दी घाटी का युद्ध शुरू हुआ। 1588 - ड्यूक हेनरी द ग्यूसे की सेना ने पेरिस पर कब्जा किया। 1653 - विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत ताजमहल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद हुआ। 1689 - अंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की। 1874 - बॉम्बे (वर्तमान में मुंबई) में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्रॉमकार शुरू हुयी। 1946 - डॉ. राम मनोहर लोहिया की अगुवाई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफपहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ था। 1947 - विश्व बैंक ने अपना पहला ऋण फ्रांस को दिया था। 1955 - पश्चिमी जर्मनी नेटो का हिस्सा बन गया था। 1960 - बर्थ कंट्रोल पिल वैध करने वाला अमेरिका पहला देश बना। 1975 - पहली विद्युत टंकण मशीन बनायी गयी। 2000 - जाफना प्रायःद्वीप के एलीफेंट दर्रे पर कब्जे के लिए लिट्टे के साथ हुए संघर्ष में श्रीलंका के 358 सैनिक मारे गये। 2003 - गूगल ने इंटरनेट प्रोग्राम एडसेंस पेश किया। 2004 - चेचेन्या में एक विस्फोट में वहाँ के राष्ट्रपति अखमद कादरोव का निधन। 2005 - मास्को में रूस द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी सेना पर विजय की 60वीं वर्षगांठ के जलसों में भारत के प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने भाग लिया।

क्या यह तृणमूल व भारतीय साम्यवाद का अंत है?

अभिलाष खांडेकर

मुझे नहीं पता कि चुनावी शब्दावली में 'सत्ता-विरोधी लहर' जैसे जटिल राजनीतिक शब्दों का प्रयोग किसने और कब किया. तर्कसंगत रूप से, मुझे आश्चर्य होता है कि यह अदृश्य कारक कैसे एक राज्य में काम करता है, जबकि दूसरे में उसी समय विफल हो जाता है! पांच राज्यों में हुए हालिया चुनाव भी अपवाद नहीं थे; उन्होंने किसी न किसी तरह से चौंकाने वाले परिणाम दिए. 'सत्ता-विरोधी लहर' ने ममता बनर्जी को खासा नुकसान पहुंचाया; इसने दक्षिण में एमके स्टालिन और अस्सी वर्षीय पिनाराई विजयन को भी सत्ता से बेदखल कर दिया, लेकिन उत्तर-पूर्व में इसने एक विवादास्पद मुख्यमंत्री को पूरी तरह से बचा लिया!मुझे नहीं पता कि चुनावी शब्दावली में 'सत्ता-विरोधी लहर' जैसे जटिल राजनीतिक शब्दों का प्रयोग किसने और कब किया. तर्कसंगत रूप से, मुझे आश्चर्य होता है कि यह अदृश्य कारक कैसे एक राज्य में काम करता है, जबकि दूसरे में उसी समय विफल हो जाता है! पांच राज्यों में हुए हालिया चुनाव भी अपवाद नहीं थे; उन्होंने किसी न किसी तरह से चौंकाने वाले परिणाम दिए. 'सत्ता-विरोधी लहर' ने ममता बनर्जी को खासा नुकसान पहुंचाया; इसने दक्षिण में एमके स्टालिन और अस्सी वर्षीय पिनाराई विजयन को भी सत्ता से बेदखल कर दिया, लेकिन उत्तर-पूर्व में इसने एक विवादास्पद मुख्यमंत्री को पूरी तरह से बचा लिया!

आ रहा है? या फिर भाजपा ने इसका दोनों तरह से इस्तेमाल करने की कला में महारत हासिल कर ली है? उदाहरण के लिए, सत्ता-विरोधी भावनाएं, अगर थीं भी, तो बंगाल में पूरी तरह से घिरी हुई 72 वर्षीय ममता के खिलाफबेहतर तरीके इस्तेमाल किया गया, लेकिन कांग्रेस से पाला बदलकर आए हिमंत बिस्वा सरमा, जिन पर भ्रष्टाचार और धार्मिक नफरत फैलाने के अनगिनत आरोप हैं, के खिलाफ कुछ भी काम नहीं आया! ऐसा क्यों हुआ? भाजपा ने तो असम में लगातार तीसरी बार जीत हासिल की. ममता और उनकी क्षेत्रीय पार्टी की तमाम मुश्किलों के बावजूद मतों के चार प्रतिशत से भी कम के अंतर से पराजय का श्रेय 'सुनियोजित' या 'क्यूरेटेड' चुनावों' को दिया जा रहा है. यह चुनावी शब्दावली में एक नया मुहावरा है। लेकिन मुझे एक और कारण से दुःख होता है. द्रमुक और तृणमूल जैसी क्षेत्रीय पार्टियां - जो लोकतंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है - के पतन के साथ नई भाजपा के नेतृत्व वाले 'पूंजीवादी भारत' में एक राजनीतिक विचारधारा के रूप में साम्यवाद भी मरता दिख रहा है। केरल में सत्ता विरोधी लहर के कारण सीपीआई के नेतृत्व वाले गठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा और पश्चिम बंगाल में, जहां दशकों तक वामपंथियों का वर्चस्व रहा, भगवा लहर में केवल एक विधायक ही बच पाया। मेरे महाविद्यालय के दिनों में और उससे कुछ पहले, कई युवा मित्र साम्यवादी विचारधारा से काफी प्रभावित थे, हालांकि मध्य भारत में इसका कोई वर्चस्व नहीं था. सोवियत संघ एक वैश्विक शक्ति था और पूंजीवादी संयुक्त राज्य अमेरिका के विरुद्ध मजबूती से खड़ा था, जिसे शीत युद्ध का युग कहा जाता है।

भारत में सस्ती कीमत पर कम्युनिस्ट साहित्य आसानी से उपलब्ध था. मैंने लगभग 30-35 रुपए में 'दास कैपिटल' के तीन खंड खरीदे थे. बहुत बाद में, मेरे पास सोवियत संघ के कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और 1991 में सोवियत संघ के विघटन से पहले राष्ट्रपति रहे मिखाइल गोर्बाचेव की वैश्विक स्तर पर प्रशंसित पुस्तक - पेरेस्त्रोइका - की पहली प्रति थी. अभी जब किसी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अब भारत 'पुतिन जैसे लोकतंत्र' की ओर अग्रसर है, तो मुझे एक बार फिर साम्यवाद की याद आ गई. उस समय कामरेड होमी दाजी मध्य प्रदेश के इंदौर से इकलौते कम्युनिस्ट सांसद थे, जहां मेरा पालन-पोषण हुआ.

सुदूर केरल में कई वर्षों तक कम्युनिस्ट सरकार रही; बाद में पश्चिम बंगाल में भी वे सत्ता में आए. लगभग पांच दशक पहले के उस दौर में ईएमएस नंबूदरीपाद, ज्योति बसु, श्रीपाद अमृत डांगे और हरकिशन सिंह सुरजीत जाने-माने नाम थे. केरल में नंबूदरीपाद की सरकार 1959 में बर्खास्त हो गई, जबकि बसु देश के सबसे लंबे समय तक मुख्य मंत्री रहने वाले वामपंथी नेता बने. वे 1977 से 2000 तक बंगाल के मुखिया रहे; उनके बाद बुद्धदेव भट्टाचार्य मुख्यमंत्री बने, जो 11 वर्षों तक इस पद पर रहे. हालांकि, अब यदि साम्यवाद भारत से खत्म होता है तो भाजपा बेहद खुश होगी। ममता, जो हिमंत की तरह कभी कांग्रेस नेता थीं, कांग्रेस से भी ज्यादा कम्यूनिस्टों से नफरत करती थीं और उन्होंने वामपंथियों को सत्ता से बेदखल करने की कसम खाई थी, जिन पर दशकों से बंगाल के विकास को रोकने का आरोप था।

अब जबकि भाजपा ने अपनी कट्टर प्रतिद्वंद्वी तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने का सपना सच कर दिखाया है और तथाकथित स्वतंत्र एजेंसियों के समर्थन से इन चुनावों को काफी हद तक 'कांग्रेस-मुक्त' बना दिया है, उस पर यह साबित करने का दबाव है कि वह पश्चिम बंगाल में सुशासन लौटाए, जहां लाखों 'घुसपैठिए' सीमा पार से घुस आए हैं और अवैध रूप से रह रहे हैं. उन्हें बाहर करना होगा. उद्योगों को भी बड़े पैमाने पर स्थापित करना होगा और बेहतर कानून व्यवस्था बहाल करनी होगी। इन चुनावों में हारने वालों के लिए कोई सबक ? हां, उन्हें अपना जमीनी आधार मजबूत करना होगा; बेहतर रणनीतियों के साथ चुनाव लड़ना होगा; अन्य विपक्षी दलों के साथ गठबंधन करना होगा और सत्ताधारी गठबंधन के इशारों पर नाचने वाली सरकारी एजेंसियों के खुलेआम दुरुपयोग के खिलाफलड़ाई और कडी करनी होगी.

जब कांग्रेस ने लगातार शुरुआती आम चुनाव (1947-67) और विधानसभा चुनाव जीते थे, तब विपक्ष ने तरह-तरह के आरोप लगाये थे. उस समय कांग्रेस के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए समाजवादी विचारक राम मनोहर लोहिया ने कांग्रेस-विरोधी राजनैतिक मोर्चा बनाने के प्रयास किये थे. आज भाजपा भी लगभग उसी स्थिति में है और उसके सामने कोई विपक्ष नहीं है. पूर्वोत्तर से लेकर दक्षिण तक 21 राज्य उसके नियंत्रण में हैं. वर्ष 2027 तक और भी राज्य उसके कब्जे में आ सकते हैं।

कई दशकों पूर्व ताकतवर कांग्रेस से जो अपेक्षा जनसंघ या लोहिया रखते थे, आज कांग्रेस, आप, तृणमूल, द्रमुक, सपा या शिवसेना जैसी पार्टियों को नरेंद्र मोदी-अमित शाह द्वारा आकार दी गई एक शक्तिशाली पार्टी से उसी तरह की अपेक्षा होगी. कैसी अपेक्षा?

चुनावो में समान अवसर (अर्थात संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग ना हो) व दुश्मनी के बजाय स्वस्थ्य प्रतिद्वंदिता हो !

ऑपरेशन सिंदूर: संकल्प, जिसने भारत की रणनीतिक भूमिका को पुनः परिभाषित किया

सय्यद अता हसनैन
लेफ्टिनेंट जनरल
(सेवानिवृत्त)

ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ केवल स्मरणोत्सव के लिए एक तारीख नहीं है; यह भारत की रणनीतिक सोच में एक सुदृढ़ और निर्णायक बदलाव पर विचार करने का क्षण है। 7 मई 2026 की घटनाएं, एक सफल सैन्य अभियान से कहीं अधिक थीं– इन घटनाओं ने राजनीतिक इच्छा, सैन्य तैयारी, तकनीकी क्षमता, और राष्ट्रीय संकल्प के समन्वय को रेखांकित किया। कई मायनों में, ऑपरेशन सिंदूर को जटिल, बहु-क्षेत्रीय परिवेश में भारत के भविष्य के संघर्ष संचालन के एक निर्णायक प्रारूप के रूप में याद किया जाएगा।

इस सफलता के मूल में अटूट राजनीतिक स्पष्टता थी। दशकों तक, सीमा-पार की उकसावे की घटनाओं पर भारत की प्रतिक्रिया अक्सर स्व-निर्धारित संयम में ही सीमित रहती थी। ऑपरेशन सिंदूर ने संयम का त्याग करने का नहीं, बल्कि इसके परिष्कार को रेखांकित किया–इसने भारत की संवेदनशील तरीके से बल-प्रयोग करने की क्षमता को प्रदर्शित किया, सटीक रणनीतिक संदेश दिया और आवश्यकता पड़ने पर निर्णायक रूप से स्थिति के विस्तार की क्षमता को बनाए रखा। राजनीतिक नेतृत्व ने न केवल निर्णायक कार्रवाई करने का इरादा दिखाया, बल्कि सैन्य कमांडरों को संचालन में लचीलेपन से सशक्त करने का आत्मविश्वास भी प्रदर्शित किया। उद्देश्य की यह स्पष्टता गति, सटीकता और सामंजस्य में बदल गई– ये तीन विशेषताएं सफल आधुनिक सैन्य अभियानों को परिभाषित करती हैं। राजनीतिक इच्छा शक्ति, जब संस्थागत क्षमता के साथ संयोजित होती है, तो यह एक बल गुणक बन जाती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' इस तालमेल का एक बेहतरीन उदाहरण था। भारत की बहु-क्षेत्रीय क्षमताओं का निर्बाध एकीकरण भी समान रूप से महत्वपूर्ण था। आधुनिक युद्ध अब केवल भूमि, समुद्र और हवा तक सीमित नहीं है; यह साइबर, अंतरिक्ष और विद्युतचुंबकीय आयाम तक भी फैल गया है।

ऑपरेशन सिन्दूर ने इन क्षेत्रों में प्रभाव पैदा करने में भारत की बढ़ती दक्षता को प्रदर्शित किया। सटीक हमलों में साइबर संचालन ने पूरक भूमिका निभाई, जिसने विरोधियों की संचार और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को बाधित किया। विशेष रूप से हमले के बाद के नुकसान का आकलन करने में, अंतरिक्ष आधारित उपकरणों ने वास्तविक समय में निगरानी और लक्ष्य-निर्धारण सुनिश्चित किया, जबकि इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं ने शत्रु की जवाबी कार्रवाई को कमजोर कर दिया। इस अभियान ने संयुक्त कार्यक्षमता में परिपक्वता को प्रतिबिंबित किया–समन्वय से आगे बढ़कर सच्चे एकीकरण तक। नागरिक-सेना एकीकरण की भूमिका पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ऑपरेशन सिंदूर एक अकेला सैन्य अभियान नहीं था; यह एक पूरे राष्ट्र का प्रयास था। खुफिया एजेंसियों, तकनीकी संस्थाओं और नागरिक नेतृत्व ने सशस्त्र बलों के साथ समन्वय में काम किया। देशी तकनीकों–निगरानी प्रणालियों से लेकर सटीक हथियारों तक–ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो आत्मनिर्भरता में सतत निवेश के लाभ को उजागर करती हैं। इस अभियान ने भारत की निर्णय-निर्माण संरचना की दक्षता भी प्रदर्शित की, जहां अंतर-एजेंसी समन्वय नौकरशाही निष्क्रियता से बाधित नहीं हुआ, बल्कि साझा उद्देश्य की भावना से प्रेरित रहा। अभियान से पहले और अभियान के दौरान भारत की पहलों में रणनीतिक दूरदर्शिता झलकती थी। कूटनीतिक संवाद ने सुनिश्चित किया कि भारत की कार्रवाइयों को वैश्विक स्तर पर सही संदर्भ में समझा जाए–सटीक, आवश्यक और समानुपाती। दूसरी ओर, पाकिस्तान की प्रतिक्रिया एक अनुमानित मार्ग का पालन कर रही थी। सैन्य दृष्टि से, वह सुसंगत जवाब देने में संघर्ष करता रहा, जिसे क्षमता की कमी और आश्चर्य के तत्व दोनों ने सीमित किया। कूटनीतिक रूप से, उसने स्थिति को अंतरराष्ट्रीय रूप देने का प्रयास किया, लेकिन उसे सीमित सफलता मिली। हालांकि, उसकी प्रतिक्रिया का सबसे स्पष्ट पहलू सूचना क्षेत्र में था। वास्तविक परिस्थितियों को छुपाने के प्रयास में गलत जानकारी की चालाकी से बौछार की गई। फिर भी, विश्वसनीयता और सुसंगत व्यवस्था आम तौर पर अनुपस्थित रहीं। वास्तविक समय पर जानकारी और वैश्विक निगरानी के युग में, ऐसी कहानियाँ जल्द ही बेनकाब हो जाती हैं। इस झूठे प्रचार का स्पष्टता और आत्मविश्वास से सामना करना और विरोध करना आवश्यक है। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय आक्रामकता नहीं थी, बल्कि यह स्पष्ट उकसावे पर संतुलित प्रतिक्रिया थी। उद्देश्यों में सटीकता थी, लक्ष्य वैध थे, और क्रियान्वयन अनुशासित था। भारत की कार्रवाई ने अनुपातिकता और आवश्यकता के सिद्धांतों का पालन किया; जो संयम के विशेष लक्षण हैं। भारत ने पूरी प्रक्रिया में सूचना की सत्यनिष्ठा बनाए रखी। पारदर्शिता बनाए रखकर और विश्वसनीय संचार चैनलों का उपयोग करके, भारत ने आख्यान को तोड़ने-मरोड़ने के प्रयासों को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया। ऑपरेशन सिन्दूर से कई सबक सामने आये हैं, जो भविष्य के लिए मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। सबसे पहले, राजनीतिक इच्छाशक्ति की केंद्रीय भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। रणनीतिक अस्पष्टता अक्सर विरोधियों का हौसला बढ़ाती है; स्पष्टता उन्हें हतोत्साहित करती है। दूसरा, बहु-क्षेत्रीय एकीकरण का विकास लगातार जारी रहना चाहिए।बढ़त बनाए रखने के लिए साइबर, अंतरिक्ष, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में निवेश जारी रखना महत्वपूर्ण होगा। तीसरा, नागरिक-सैन्य समन्वय को और अधिक संस्थागत रूप दिया जाना चाहिए, ताकि राष्ट्रीय शक्ति का समन्वित तरीके से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कर दिया उसने मुझे रूसवा बहुत, फिर भी इस दिल ने उसे चाहा बहुत। मैं किनारों की इबादत करता हूँ, गो मुझे इमदाद दे दरिया बहुत। जीत मुझको यारों ऐसे ना मिली, जीतने से पहले मैं हारा बहुत वो मुहब्बत की नदी का पानी है अपने आशिक़ को रखे प्यासा बहुत। हम उन्हें भाई तो माने सदियों से, पर उन्हीं से होता है झगड़ा बहुत। एक असफलता से तुम रुकना नहीं, मुश्किलों के आगे है रस्ता बहुत। माज़ी में बिकते नहीं थे लोग पर, आजकल ईमान है सस्ता बहुत।

- डॉ संजय दानी

एक बात तो है सोशल मीडिया पर लोग बकवास भी मोहब्बत से सुनते है हजारों पढ़ने लायक बेहतरीन पोस्ट्स को छोड कर एक सडे हुए आत्मप्रलाप पर हाँजी हाँजी कैसे कर सकते है

- सरिता त्रिवेदी

कु छ लोग किस्मत में नही होते इसलिए वे छूट जाते है।पर कुछ लोग किसीकी जिद्द से छूट जाते हैं।किस्मत से निकले लोग नही लौटते क्योंकि विधि का विधान है, उसे टाल नही सकते पर जिद्द के आगे एक बार जाकर लौटना मुमकिन पर दुबारा लौटना मुश्किल।जिद्द के आगे जब आप किसीको मार देते है तो वे पुनः नही पनपते! **- सुरेखा अग्रवाल**

मेरे राम तुम , मेरे श्याम तुम , मेरे कृष्ण तुम , मेरे प्यार तुम , मेरी राग तुम , मेरे सुर में तुम , मेरी ताल में तुम , मेरी साज तुम , सिर्फतुम ही तुम मेरी जिंदगी में , मेरी बंदगी तुम , मेरी आरती तुम ,मेरी साँसों में तेरा नाम हो , मेरी धडकनों में तेरा नाम हो , देना तुम बस इतना आशीष प्रभु जी ,की दिल में हो सिर्फतेरी ही सूरत।। **- नमन कुमार मिश्रा**

असदुद्दीन, बदरू, हुमायूं कबीर आदि को कांग्रेस मे विलय कर लेना चाहिए यह साफऔर सिद्ध हो गया कि कांग्रेस इकलौती पार्टी है जिस पर मुसलमान भरोसा करता है इसका उदाहरण आसाम मे 19 मे से 18 विधायक मुसलमान, पश्चिम बंगाल मे 2मे से 1 विधायक मुसलमान, केरलम मे सहयोगी के 22मे से 22 मुसलमान प्लस कांग्रेस के 8मुसलमान विधायक।

- एडवोकेट अरुण कुमार गुप्ता

"हम अक्सर ज़िंदगी को कड़वा कह देते हैं, पर सच ये है कि हमारी सोच ही उसका स्वाद तय करती है कभी पास्ट की कड़वाहट छोड़कर देखो, शायद ज़िंदगी उतनी भी बुरी नहीं है ??" "जिस कड़वाहट को आप जी रहे हो "वो ज़िंदगी नहीं, आपकी आदत है।

- रेनु सिंघल

तुम्हें पाकर चला ही गया तुम्हें खोने का डर, अच्छा हुआ तुम मिले अधूरे से उस रोज़ कि मैं रह पायी पूरी, सोचो गर तुम पूरे मिलते और चले जाते यूँ छोड़ अधूरा मुझेतब क्या कुछ ही बचा रहता मेरे पास पाने के लिए, अगले जन्म तक अब कोई शिकायत नहीं बची बस बचा है पूरा प्यार - कि न मैं अधूरी हूँ और न ही मेरा प्यार, तुम्हारी सम्पूर्णता तुम जानो मुझे क्या,? **- शुचि 'भवि'**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिये सफलता दयाक तो रहेगा लेकिन आज आप अपनी ही किसी गलती से परेशानी को न्योता देंगे। सेहत लगभग सामान्य ही रहेगी।

वृष: आज के दिन आपका मन इधर उधर की बातों में अधिक रहेगा। एक काम करते हुए भी दिमाग अन्य जगह रहने पर कुछ त्रुटि होने की संभावना है। आरोग्य में कमी अनुभव करेंगे।

मिथुन: आज के दिन आरम्भ से ही सेहत में उतार चढ़ाव लगा रहेगा इस वजह से दिनचर्या भी अस्त व्यस्त रहेगी। आप आज जहां भी जाएंगे या उठ बैठ करेंगे वही आलस्य प्रमाद फैलाएंगे।

कर्क: आज के दिन आप जिस भी कार्य को करने का मन बनायेंगे उसी में भ्रम की स्थित रहेगी कार्य आरंभ होने के बाद भी कोई ना कोई टांग अढायेगा।

सिंह: आज के दिन अनिर्णय की स्थित किसी भी कार्य को समय पर होने से रोकेगी। मेहनत करने के पक्ष में आज बिल्कुल नही रहेंगे इसके विपरीत महात्त्वकांक्षाये सामर्थ्य से अधिक रहेंगी।

कन्या: आज आप पूर्व में कई गई अपनी ही किसी गलती को लेकर शर्मिंदा होंगे। व्यवहारिकता की कमी और अहम की भावना आपसी संबंधों में खटास लाएगी। घर को छोड़ अन्य सभी जगह सम्मान में कमी का अनुभव करेंगे।

तुला: आज का दिन आपको मौन रहकर बिताने की सलाह है। किसी को भी बिना मांगे सलाह भूल कर भी ना दें अन्यथा लेने के देने पड़ सकते है। रक्त पित्त संबंधित शिकायत हो सकती है।

वृश्चिक: आज का दिन आशानुकूल रहेगा धन का खर्च विशेष रहेगा फिर भी सुख सुविधाओं में कुछ ना कुछ वृद्धि ही होगी।

धनु: आज के दिन आप व्यवहारिकता में संतोष का प्रदर्शन करेंगे लेकिन अंदर ही अंदर उथल पुथल लगी रहेगी। शरीर मे तेज अथवा शक्ति की कमी अनुभव करेंगे।

मकर: आज आपका व्यक्तित्त्व निखरा हुआ रहेगा लेकिन स्वभाव में जिद और अकड़ रहने के कारण कोई भी आपसे अपने मन की बात बोलने से कतरायेगा। मूत्राशय संबंधित समस्या रहेगी।

कुंभ: आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से निराश करने वाला रहेगा धन की आमद बुद्धि बल का प्रयोग करने पर ही होगी लेकिन क्रोध पर नियंत्रण ना रहने के कारण स्वयं ही अपना नुकसान कर लेंगे।

मीन: आज का दिन आपकी सोच के एकदम विपरीत रहेगा सोचेंगे कुछ होगा उसका उल्टा ही। सेहत और गृहस्थ दोनो में उतार चढ़ाव लगे रहेंगे।

QUIZ TIME

1) प्राचीन नगर नीनवे, जो हाल ही में समाचारों में था, किस देश में स्थित है?

2) टोरंटो का योंग स्ट्रीट क्यों मशहूर हैं?

3) जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने अपने निधन से पहले कौन-सा समारोह किया था?

4) अपने सभी ग्लेशियरों को 17 मई, 2024 को खोने वाला पहला देश कौन-सा देश बना?

5) बिग बेन को किसने बनाया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) इराक (2) दुनिया का सबसे लंबा स्ट्रीट (3) सल्लेखना (4) वेनेजुएला (5) ऑगस्टस पुगिन

पहेली

शब्द सामर्थ्य -032

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 031 का हल

बारिश का पानी सहेजकर भू-जल स्तर बढ़ाने की अभिनव पहल

मोर गांव, मोर पानी अभियान अंतर्गत 87 हजार से अधिक जल संचयन संरचनाएं निर्मित,राष्ट्रीय स्तर पर जिला तीसरे पायदान पर

भू-जल स्तर में सुधार और कृषि को लाभ

व्यापक स्तर पर बनी इन संरचनाओं के कारण क्षेत्र के भू-जल स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसका सीधा लाभ रबी और खरीफदोनों फसलों के दौरान किसानों को मिलेगा। सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता बढ़ने से कृषि उत्पादकता में वृद्धि की उम्मीद है।

बलौदाबाजार-रायपुर/नवप्रदेश। आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित करने और गिरते भू-जल स्तर को बचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई मुहिम अब धरातल पर बड़े सकारात्मक परिणाम दिखा रही है। बलौदाबाजार प्रशासन की दूरदर्शी सोच और जन-भागीदारी के समन्वय से जिले ने जल संचयन एवं संवर्धन के क्षेत्र में देश भर में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

बलौदाबाजार जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए संचालित मोर गांव, मोर पानी अभियान 2.0 एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। इस महत्वाकां अभियान के अंतर्गत अब तक जिले के 722 गांव,517 ग्राम पंचायत, 9 नगरीय क्षेत्र में 87137 जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इनमें सोख्ता गड्ढे, चेक डैम, तालाबों का गहरीकरण और रूफ टॉप हार्वेस्टिंग जैसे कार्य शामिल हैं। इन संरचनाओं के माध्यम से बारिश के पानी को बहकर व्यर्थ जाने से रोककर सीधे जमीन के भीतर उतारा जा रहा है।

प्रमुख जल संचयन संरचना निर्माण कार्य: कैच द रैन-जल शक्ति अभियान 2.0 जल शक्ति अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कुल 87173 कार्यों का जेएसए-सीटीआर पोर्टल में प्रविष्टि किया गया है। रैन वाटर हार्वेस्टिंग, सोक पीट 61831 कार्य,डबरी, कुंआ, तालाब, रिचार्ज पिट, डब्ल्यूएटी,एससीटी 7803 कार्य,जल संसाधन विभाग द्वारा एनीकट, स्टॉप डेम, डायवर्सन, जलाशय, नहर 21 कार्य,वन विभाग(कैम्पा) द्वारा एलबीसीडी, एससीटी, गाबिन, चेक डेम 15259 कार्य,कृषि विभाग द्वारा बोरवेल रिचार्ज,सोक पिट,ट्रेंच 1153 कार्य,अर्बन फंड द्वारा रैन वाटर हार्वेस्टिंग 1034 कार्य,सीएसआर मद द्वारा तालाब गहरीकरण, आरडब्ल्यूएच, ट्रेंच, चेक डेम 72 कार्य, अमृत सरोवर एवं नवीन तलब 51 शामिल है।

राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि

जल प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए विभिन्न संरचना निर्माण में राष्ट्रीय स्टर पर जिला वर्तमान में जिला तीसरे स्थान पर है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासन की कार्यकुशलता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र के किसानों आम नागरिक एवं गांव में गठित जल संचय वाहनी क़ी सक्रिय सहयोग का भी परिणाम है। इसके साथ ही जल संचय को जन आंदोलन का स्वरुप देकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

प्रशासन का संकल्प

जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण की यह प्रक्रिया सतत रूप से जारी रहेगी। आगामी मानसून से पहले 1 लाख से अधिक संरचनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि जिले के प्रत्येक गांव को जल के मामले में आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

उच्च शिक्षा मंत्री से मिले कुलपति दयाल

रायपुर/नवप्रदेश। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के माननीय उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कुलपति ने मंत्री जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के भविष्य, शैक्षणिक सुधारों और बुनियादी ढाँचे के विकास को लेकर व्यापक चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने विश्वविद्यालय में संख्यात्मक विस्तार के साथ-साथ गुणात्मक विकास शिक्षा के स्तर में सुधार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय को और अधिक उन्नत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव और निर्देश साझा किए। इस अवसर पर उपस्थित कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा ने विश्वविद्यालय की लंबे समय से लंबित समस्याओं को मंत्री जी के समक्ष रखा, जिस पर सकारात्मक चर्चा हुई। विश्वविद्यालय वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मूल उद्देश्योंकृगुणवत्ता, समानता, पहुँच और वहनीयता को ध्यान में रखकर अपने पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है। यहाँ के मीडिया पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को रटने की पद्धति से दूर कर उनमें-आलोचनात्मक सोच,रचनात्मकता बहुविषयक शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, ताकि वे आधुनिक पत्रकारिता की चुनौतियों का सामना कर सकें।

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने जन समस्या निवारण शिविर में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

मोहतरा समाधान शिविर में 834 आवेदन मिले, 246 मामलों का मौके पर निराकरण

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत बेमेतरा जिला के ग्राम पंचायत मोहतरा के माध्यमिक शाला परिसर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान एसडीएम दिव्या पोटाई, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और अपने-अपने विभागीय स्टॉलों में आम नागरिकों की समस्याएं सुनते रहे। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने शिविर प्रारंभ होने से पूर्व मोहतरा स्थित राम जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंत्री बघेल ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न कराई तथा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इस दौरान महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम मोहतरा क्लस्टर में आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं एवं मांगें रखीं। हाई स्कूल मैदान मोहतरा में आयोजित शिविर में कुल 834 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 814 मांग संबंधी तथा 20 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल रहे।

वित्त मंत्री चौधरी ने ग्राम डुमरमुड़ा में ग्रामीणों से किया आत्मीय संवाद

'जमीन पर बैठकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं एवं सुझाव, कहा- सुशासन से सरकार गांवों के विकास के लिए है प्रतिबद्ध'

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी. चौधरी ने आज रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम डुमरमुड़ा पहुंचकर ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने सहज और सरल अंदाज में ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर संवाद किया, जिससे ग्रामीणों में आत्मीयता और विश्वास का वातावरण देखने को मिला।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि सुशासन, सरकार की दृढ़ संकल्पशक्ति एवं लगातार स्वीकृत विकास योजनाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की रफ्तार तेज हुई है। सरकार गांवों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मंत्री चौधरी ने ग्रामीणों से सड़क, पेयजल, बिजली एवं अन्य स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े विषय की जानकारी ली।

जशपुर का वेस्ट टू बेस्ट इको पार्क बना छत्तीसगढ़ के लिए आकर्षण का केंद्र

❒ नवाचार और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम: दुलदुला में बेकार वस्तुओं से महकी खुशहाली

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले ने स्वच्छता और सृजनात्मकता की एक नई इबारत लिखी है। दुलदुला जनपद पंचायत के पास विकसित किया गया इको पार्क आज न केवल आकर्षण का केंद्र है, बल्कि वेस्ट टू बेस्ट (कबाड़ से जुगाड़) की अवधारणा को सार्थक करने वाला एक सफल मॉडल बनकर उभरा है। अनुपयोगी कचरे को सौंदर्य में बदलकर इस पार्क ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज की सोच को नई दिशा दी है।

प्रशासनिक पहल- हरियाली और विस्तार पर जोर

हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान इस नवाचार की मुक्तकंठ से सराहना की गई। पार्क की निरंतरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं परिसर को अधिक हरा-भरा बनाने के लिए बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। नियमित रखरखाव के लिए स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए समर्पित टीम की व्यवस्था की गई है। जन- सुविधाओं का विस्तार कर इसे एक राज्य स्तरीय मॉडल के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य है।

दुलदुला का यह इको पार्क संदेश देता है कि सीमित संसाधनों और रचनात्मक सोच के साथ हम पर्यावरण संरक्षण और जन-कल्याण का शानदार समन्वय कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पार्क छत्तीसगढ़ के अन्य विकासखंडों के लिए श्पथ-प्रदर्शक का कार्य करेगा। यह मॉडल न केवल कचरा प्रबंधन की समस्या का समाधान करता है, बल्कि कम लागत में पर्यटन और स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम भी है। जशपुर का यह प्रयोग साबित करता है कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो कबाड़ भी सोना बन सकता है।

प्रमुख आकर्षण कचरे में बसी कला

इस पार्क की सबसे बड़ी शक्ति इसकी निर्माण शैली है। यहाँ उन वस्तुओं को जीवन दिया गया है जिन्हें लोग अक्सर बेकार समझकर फेंक देते हैं। लोहे का कमाल पुराने लोहे के कबाड़ और मशीनरी पार्ट्स का उपयोग कर घोड़ा, मयूर और तितली जैसी सजीव व आकर्षक कलाकृतियाँ गढ़ी गई हैं। पुराने और घिसे हुए टायरों को चटकीले रंगों से सजाकर झूलों में तब्दील किया गया है, जो बच्चों के लिए खुशी का ठिकाना बन गए हैं।

सुविधाएं, सेहत और मनोरंजन का वन-स्टॉप डेस्टिनेशन

इको पार्क को एक बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र के रूप में ढाला गया है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक युवाओं और बुजुर्गों के लिए आधुनिक ओपन जिम की स्थापना की गई है। बच्चों के खेलने के लिए सुरक्षित और रचनात्मक खेल सामग्रियों का प्रबंधन किया गया है। शाम के समय सुकून बिताने के लिए यह स्थान परिवारों का पसंदीदा पिकनिक स्पॉट बन चुका है।

मझौली शिविर में सविता को मौके पर मिला आयुष्मान कार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकां पहल 'सुशासन तिहार 2026' के अंतर्गत मनेंद्रगढ़ के विकासखंड खड़गवां के ग्राम मझौली में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान ग्राम मझौली निवासी सविता को स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ते हुए उनका आयुष्मान कार्ड तत्काल बनाकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के हाथों प्रदान किया गया। मौके पर ही आयुष्मान कार्ड प्राप्त होने पर सविता ने खुशी जाहिर करते हुए शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। सविता ने 'सुशासन तिहार 2026' को ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी एवं सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि शासन द्वारा गांव-गांव आयोजित किए जा रहे इन शिविरों से लोगों की समस्याओं का तेजी से समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले छोटे-छोटे कार्यों के लिए लोगों को कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब गांव में ही तत्काल समाधान मिल रहा है। उन्होंने इस जनहितकारी योजना के लिए माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राज्य शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस पहल से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

उदय नगर वार्ड में सुशासन तिहार के पहले दिन 38 आवेदन मिले

कांकेर / नवप्रदेश। जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण किए जाने के उद्देश्य से ÷सुशासन तिहार 2026÷ के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कांकेर के उदय नगर वार्ड स्थित सांस्कृतिक भवन में शहर के चार वार्डों अलबेलापारा उदय नगर, शिवनगर एवं माहुरबंदपारा वार्डवासियों के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका परिषद् कांकेर के अध्यक्ष अरुण कौशिक द्वारा की गई। शिविर में मुख्य रूप से नामांतरण एवं सीमांकन के लंबित प्रकरण, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, बंद हैंडपंपों की मरम्मत, पाइप लाइन विस्तार, खराब ट्रांसफार्मर, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, वृद्धावस्था एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा उज्ज्वला योजना के पात्र हितग्राहियों के लंबित प्रकरणों का निराकरण एवं लाभ सुनिश्चित करने के साथ ही जनता से जुड़ी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। इस अवसर पर राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य

विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों को दी गई। शिविर में 38 आवेदन प्राप्त हुए, जिसका नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। सुशासन तिहार पर आयोजित इस शिविर में नगर पालिका के उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद श्रीमती उगेश्वरी उईके चन्द्रलोक सिंह ठाकुर श्रीमती शकंतला जैन दीपक शोरी मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन मेरिया सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

कांकेर शहर के विभिन्न वार्डों में शिविरों का आयोजनः सुशासन तिहार के अवसर पर कांकेर शहर के विभिन्न वार्डों में 13 मई से 04 जून तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आम जनता की समस्या व शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन मेरिया ने बताया कि 13 मई को महादेव वार्ड के प्रेक्टिसिंग स्कूल में वार्ड क्रमांक - 05, 06, 07 एवं वार्ड क्रमांक 08 के नागरिकों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 19 मई को भण्डारीपारा के सामुदायिक भवन में वार्ड क्रमांक 09, 10 एवं वार्ड क्रमांक 11 के लिए तथा 22 मई को मांझापारा के पुराना कम्यूनिटी हॉल में वार्ड क्रमांक 12, 13 एवं वार्ड क्रमांक 14 के लिए और 27 मई को एमजीवार्ड के नया कम्यूनिटी हॉल में वार्ड क्रमांक 15, 16, 17 एवं 18 तथा 04 जून को अघन नगर के मेलाभाटा मंच पर वार्ड क्रमांक 19, 20 और वार्ड क्रमांक 21 के नागरिकों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भोजराज सिन्हा एवं सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती पूजा सार्वा को बनाया गया है।

संक्षिप्त खबरें

विकास, विश्वास और बदलाव की पहचान बने कलेक्टर: संबित मिश्रा

बीजापुर / नवप्रदेश। कलेक्टर संबित मिश्रा को गुरुवार को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भावुक नजर आए। बीजापुर जैसे माओवादी प्रभावित और चुनौतीपूर्ण जिले में उनका कार्यकाल प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण और यादगार माना जा रहा है।बीजापुर जिले के अधिकांश सुदूर इलाकों तक कभी प्रशासन की पहुंच सीमित थी, लेकिन कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के कार्यकाल में विकास और विश्वास की नई पहल देखने को मिली। कठिन परिस्थितियों, सीमित संसाधनों और सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद उन्होंने बेहतर समन्वय और संवेदनशील प्रशासनिक कार्यशैली के जरिए जिले को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया।विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व श्री संदीप बलगा तथा अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के कार्यकाल को जिले के लिए प्रेरणादायक बताया। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने प्रशासनिक दायित्वों के साथ मानवीय संवेदनाओं को भी हमेशा प्राथमिकता दी। कार्यक्रम के दौरान कई अधिकारी भावुक दिखाई दिए और नम आंखों से उन्हें विदाई दी

अटूट आस्था के 1000 वर्ष: गढ़िया पहाड़ के शिव मंदिर में होगा विशेष कार्यक्रम

कांकेर / नवप्रदेश। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 'अटूट आस्था के 01 हजार वर्ष' आयोजन के अवसर पर 11 मई को सोमनाथ गुजरात में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में एक विशेष राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के केन्द्र एवं राज्य संरक्षित ऐतिहासिक पुरातात्विक प्राचीन शिवालय व स्मारक में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें मुख्य कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसी क्रम में कांकेर के गढ़िया पहाड़ में स्थित शिव मंदिर परिसर में 11 मई दिन सोमवार को अतिथियों की उपस्थिति में दर्शन श्रृंगार, पूजन, रूद्राभिषेक, शिवालय पर परिचर्चा संगोष्ठी, सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक महाआरती इत्यादि का आयोजन किया जाएगा।

उसूर क्षेत्र पहुंचे कलेक्टर-एसपी, बुनियादी सुविधाओं व निर्माण कार्यों का लिया जायजा

बीजापुर / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने उसूर ब्लॉक के सुदूर क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विकास एवं बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। 6 मई को आयोजित भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।दौरे के दौरान ग्राम छुटवाही में संचालित बस्तर मुन्ने सैचुरेशन शिविर का निरीक्षण कर गतिविधियों की जानकारी ली गई। सर्वे के दौरान शत-प्रतिशत सैचुरेशन के आवश्यक निर्देश दिए।इसके पश्चात ग्राम कोंडापल्ली में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित एसडीएम श्री भूपेन्द्र गावरे को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।प्रशासन द्वारा सुदूर एवं संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पहुंच बनाकर विकास कार्यों की निगरानी एवं आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

ग्राम दुरधा में बस्तर मुन्ने सैचुरेशन शिविर का निरीक्षण, अधिकारियों ने दिए आवश्यक निर्देश

बीजापुर / नवप्रदेश। एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल एवं जनपद पंचायत सीईओ श्री हिमांशु साहू ने ग्राम दुरधा में आयोजित बस्तर मुन्ने सैचुरेशन शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में उपस्थित कर्मचारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। इस अवसर पर एसडीएम एवं सीईओ ने क्षेत्र के तेंदूपत्ता संग्राहकों से भी मुलाकात की। उन्होंने संग्राहकों से तेंदूपत्ता खरीदी की स्थिति एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। प्रशासन द्वारा ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों में लगातार शिविरों एवं निरीक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इन्द्रावती पार सुदूर अंचलों में भी जनगणना कार्य जारी, टीमों का समर्पण बना मिसाल

बीजापुर / नवप्रदेश।बीजापुर जिले के इन्द्रावती नदी पार स्थित सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी जनगणना कार्य पूरी तन्मयता और जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद जनगणना दल लगातार गांव-गांव पहुंचकर घर-घर सर्वे कार्य में जुटे हुए हैं। जनगणना कार्य में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचकर प्रत्येक परिवार की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं, ताकि शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें। नदी पार के ग्रामीण इलाकों में पहुंचने के लिए टीमों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, फिर भी कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है तथा मैदानी अमले को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। जिले के सुदूर अंचलों में भी जनगणना कार्य सुचारु रूप से जारी रहने से शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में मदद मिलेगी।

स्थानीय नागरिकों को इलाज के लिए नहीं पड़ेगा भटकना, उच्च स्तरीय सुविधा मिलेगी

स्वास्थ्य सेवाओं में होगा विस्तार, अंतागढ़ में सिविल हॉस्पिटल के लिए प्रयासरत: उसेंडी

अंतागढ़ / नवप्रदेश। अंतागढ़ क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देने के लिए क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी प्रयासरत है वही अंतागढ़ मे सिविल अस्पताल बनता है तो यह स्वास्थ्य सुविधा की दिशा में एक बड़ी पहल देखने को मिल सकती है। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग रही है कि अंतागढ़ मे सिविल हॉस्पिटल स्थपित करने की जिसको देखते हुए क्षेत्रीय विधायक द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है जो क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा । यदि यह योजना पूरी तरह धरातल पर उतरती है तो अंतागढ़ सहित रावघाट, कोयलीबेडा और आमाबेड़ा क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं अपने ही इलाके में उपलब्ध हो सकेंगी।

जिला स्तर की सुविधाएं होंगी उपलब्धः बता दे कि प्रस्तावित सिविल हॉस्पिटल में जिला अस्पताल जैसी कई आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। अब तक गंभीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में मरीजों को कांकेर अथवा अन्य बड़े शहरों के जिला अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की परेशानियां होती थीं। सिविल हॉस्पिटल बनने से मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार मिल सकेगा।

भौगोलिक दृष्टि कोण से महत्वपूर्ण

अंतागढ़, कोयलीबेड़ा,आमाबेड़ा तथा ताडोकी क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत दुर्गम हैं। ये क्षेत्र घने वनों और पहाड़ों से घिरे हुए हैं, जहां कई गांवों तक पहुंचने में पूरा दिन लग जाता है। परिवहन और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण यहां के ग्रामीण केवल प्राथमिक स्तर के इलाज तक ही सीमित रह जाते हैं। गंभीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में समय पर उचित उपचार नहीं मिल पाता, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।ऐसी परिस्थितियों में अंतागढ़ में सिविल अस्पताल की स्थापना इन अंदरूनी क्षेत्रों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं होगी। इससे आसपास के हजारों ग्रामीणों को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए अंतागढ़ में सिविल अस्पताल खोलना अत्यंत आवश्यक और जनहितकारी कदम है।

जनता के फैसले का विधायक ने किया स्वागत

विधायक विक्रम उसेंडी ने क्षेत्र की जनता की मांग और फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उनका कहना है कि आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा की लंबी छलांग-गौरतलब है कि अंतागढ़ क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य और दूरस्थ इलाका माना जाता है। यहां स्वास्थ्य सेवाओं की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। सिविल हॉस्पिटल बनने से स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ी छलांग मानी जा रही है। इससे न केवल सामान्य उपचार बल्कि गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा भी मजबूत होगी। ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

अस्पताल का होगा कायाकल्प-हॉस्पिटल के निर्माण और उन्नयन के साथ भवन, वार्ड, बेड क्षमता तथा चिकित्सा संसाधनों का विस्तार किया जाएगा। अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त ओपीडी, इमरजेंसी सेवा, प्रसूति कक्ष तथा जांच सुविधाओं को विकसित करने की योजना है। इससे मरीजों को बेहतर और त्वरित इलाज मिल सकेगा।

सर्जरी और आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था- अगर यह योजना धरातल पर उतर जाये तो मानो सभी सिविधाएं होंगी जैसे सिविल हॉस्पिटल में सर्जरी की व्यवस्था भी शुरू किए जाने की संभावना है । इसके लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति तथा अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। एक्स-रे, सोनोग्राफी, पैथोलॉजी जांच सहित कई आधुनिक मशीनों के आने से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। गंभीर मरीजों का इलाज स्थानीय स्तर पर ही संभव हो पाएगा।

जिला अस्पताल जाने की मजबूरी होगी कम-सिविल हॉस्पिटल की सुविधा मिलने के बाद लोगों को छोटी-बड़ी बीमारियों के लिए जिला अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इससे समय की बचत होगी और मरीजों को तत्काल उपचार मिल सकेगा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि इलाज के लिए दूर-दराज शहरों में जाने का खर्च कम होगा।

कोयलीबेडा और आमाबेड़ा क्षेत्र को बड़ी राहत- विशेष रूप से कोयलीबेडा और आमाबेड़ा एवं ताडोकी क्षेत्र के लोगों को इस पहल से काफी फायदा मिलने की उम्मीद है। इन इलाकों के ग्रामीणों को अब तक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। सिविल हॉस्पिटल बनने से स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेगी, जिससे पूरे इलाके के स्वास्थ्य ढांचे में व्यापक सुधार आने की संभावना है।

बस्तर मुन्ने योजना: पतोड़ा में उमड़ा जनसैलाब

फरसगांव/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी 'बस्तर मुन्ने' योजना के तहत शुक्रवार को विकासखंड फरसगांव के ग्राम पतोड़ा में ग्राम स्तरीय शिविर का भव्य आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे ग्रामीणों के दरवाजे तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

प्रशासनिक अमला रहा मौजूदः शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत पतोड़ा की सरपंच शांति नेताम, उप सरपंच सकरू राम नाग सहित फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, जनपद सीईओ रूपेंद्र नेताम और तहसीलदार डॉ. जय कुमार नाग विशेष रूप से उपस्थित थे। इनके साथ ही स्वास्थ्य, राजस्व, महिला बाल विकास, कृषि और शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी भी ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए मुस्तैद दिखे।

योजनाओं का हुआ सीधा लाभ वितरणः एसडीएम फरसगांव के कुशल मार्गदर्शन में शिविर का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

दिवंगत आरक्षक के परिवार को मिला 1 करोड़ का बीमा कवच, पुलिस और एसबीआई की पहल

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस और भारतीय स्टेट बैंक के बीच हुए एमओयू के तहत 'पुलिस सैलरी पैकेज' योजना एक पीड़ित परिवार के लिए बड़ा आर्थिक संबल बनी है। सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले आरक्षक खम्मन लाल सोनवानी के परिजनों को विभाग और बैंक के सहयोग से 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

एसपी ने दी साइबर फ्रॉड से बचने की सलाह

बीमा राशि का चेक सौंपने के दौरान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने परिजनों को परामर्श दिया कि वे इस बड़ी राशि का उपयोग भविष्य की जरूरतों और बच्चों की शिक्षा के लिए सुरक्षित तरीके से करें। एसपी ने विशेष रूप से सचेत किया कि बड़ी राशि मिलने की खबर सुनकर साइबर ठग परिवार को निशाना बना सकते हैं, इसलिए किसी भी अज्ञात कॉल या ऑनलाइन लुभावने ऑफर से सावधान रहें।

पुलिस मुख्यालय द्वारा लागू इस योजना के तहत ड्यूटी या दुर्घटना के दौरान पुलिसकर्मियों की मृत्यु होने पर उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा दी जाती है। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।चेक वितरण के दौरान बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय प्रसाद, शाखा प्रबंधक पवन कुमार सिन्हा, डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे सहित पुलिस कार्यालय का स्टाफ और दिवंगत आरक्षक के परिजन मौजूद रहे।

सड़क हादसे में हुआ था निधन

आमाबेड़ा थाने में पदस्थ आरक्षक खम्मन लाल सोनवानी बीते वर्ष सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान 6 नवंबर 2025 को उनका निधन हो गया था। पुलिस विभाग ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए बैंक के साथ मिलकर बीमा राशि की प्रक्रिया पूरी की, ताकि प्रभावित परिवार को समय पर आर्थिक मदद मिल सके।

स्वस्थ बस्तर अभियान

सुदूर पीड़िया क्षेत्र में स्वास्थ्य टीम ने घर-घर पहुंचकर की स्क्रीनिंग

बीजापुर / नवप्रदेश। बीजापुर विकासखंड के सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्र पीड़िया के आश्रित ग्राम पीड़िया, अंडरी एवं तामोड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ''स्वस्थ बस्तर अभियान'' के अंतर्गत यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने क्षेत्र में रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों के घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्क्रीनिंग कार्य किया।

अभियान के तहत टीबी, मलेरिया, फाइलेरिया, कुष्ठ रोग एवं एनसीडी Non-Communicable Diseases जैसी बीमारियों की प्रारंभिक पहचान कर आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य

कर्मियों ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता, पोषण तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किए गए स्क्रीनिंग कार्य में- ग्राम पीड़िया में 476 व्यक्तियों की जांच की गई। ग्राम अंडरी में 494 व्यक्तियों की जांच की गई। ग्राम तामोड़ी में 281 व्यक्तियों की जांच की गई।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में लगातार स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ।

राजनीतिः अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस में 'विशेष आमंत्रित सदस्य' नियुक्त

संगठन विस्तार, पूर्व विधायक को मिली बड़ी जिम्मेदारी

फरसगांव / नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अंतर्गत 'अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस' ने छत्तीसगढ़ में अपने संगठन को धार देते हुए नियुक्तियों की महत्वपूर्ण सूची जारी की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया की अनुशंसा पर अनुभवी नेता और पूर्व विधायक संतराम नेताम को छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस में 'विशेष आमंत्रित सदस्य' के रूप में मनोनीत किया गया है।

5 मई 2026 को जारी इस आधिकारिक सूची में संतराम नेताम का नाम प्रमुखता से शामिल है, जिससे प्रदेश के आदिवासी राजनीति और गलियारों में उत्साह का माहौल है।

अनुभव और नेतृत्व पर शीर्ष नेतृत्व का भरोसा

पार्टी सूत्रों के अनुसार, संतराम नेताम की नियुक्ति उनकी दीर्घकालिक राजनीतिक सक्रियता और आदिवासी समाज के बीच उनकी मजबूत पकड़ को देखते हुए की गई है। एक पूर्व विधायक के रूप में उनके पास विधायी कार्यों और ज़मीनी स्तर पर जनता की समस्याओं को सुलझाने का गहरा अनुभव है। संगठन को विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ में आदिवासी कांग्रेस का जनाधार बढ़ेगा और समाज के हितों की रक्षा के लिए नई ऊर्जा के साथ कार्य किया जा सकेगा।

वरिष्ठ नेताओं की सलाहकार परिषद गठित

डॉ. विक्रांत भूरिया द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज को प्रेषित इस अधिसूचना में न केवल विशेष आमंत्रित सदस्यों की घोषणा की गई है, बल्कि एक उच्च स्तरीय 'राज्य जनजातीय सलाहकार परिषद' का भी गठन किया गया है।

विशेष आमंत्रित सदस्यः इस सूची में संतराम नेताम सहित कुल 30 वरिष्ठ नेताओं को जगह मिली है। मुख्य सलाहकार परिषदः* इसमें 19 दिग्गज नेताओं (सांसद, पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायकों) को शामिल किया गया है, जो नीतिगत निर्णयों में मार्गदर्शन देंगे।

कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

संतराम नेताम को यह अहम जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों और स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। समर्थकों का कहना है कि यह नियुक्ति न केवल नेताम जी के कद को दर्शाती है, बल्कि इससे छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में कांग्रेस को नई मजबूती मिलेगी।

संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरते हुए आदिवासी समाज के अधिकारों और उनकी आवाज़ को बुलंद करना मेरी प्राथमिकता होगी।

सरनाडीह जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचे सरगुजा सांसद

बलरामपुर/ नवप्रदेश।शासन द्वारा सुशासन तिहार के तहत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासकीय योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाने का अभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में सुशासन तिहार के तहत के अंतर्गत विकासखंड बलरामपुर के ग्राम सरनाडीह में आयोजित समाधान शिविर में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज पहुंचे। उन्होंने शिविर का अवलोकन किया एवं जनसमुदाय से सीधा संवाद कर योजनाओं की पहुंच की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में आमजन तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ ले सकें। शिविर में सरनाडीह, टांगरमहरी, भेलवाडीह, खड़ियाडामर, जमुआटांड, भनौरा, बड़कीमहरी, पचावल, अमडंडा, जाबर, महेशपुर, सोनहरा, शंकरपुर, दहेजवार, डूमरखोरका के ग्रामीणों ने उपस्थित होकर अपनी मांग, समस्याओं, शिकायत से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया।

जिले के 439 ग्राम पंचायतों में मनाया गया 'चावल महोत्सव', रोजगार दिवस और आवास दिवस

- ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी, शिकायतों के त्वरित निराकरण और जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले की सभी 439 ग्राम पंचायतों में 'चावल महोत्सव' के साथ 'रोजगार दिवस' एवं 'आवास दिवस' उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ मनाया गया। पंचायत भवनों तथा मनरेगा कार्यस्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को उनके खातों में अंतरित राशि की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने हितग्राहियों से सीधे संवाद करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण पूर्ण करने का आग्रह किया। साथ ही निर्मित आवासों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं विकसित करने के लिए स्वप्रेरणा से आगे आने का आह्वान किया गया।मनरेगा कार्यस्थलों पर श्रमिकों को लंबित मजदूरी भुगतान की स्थिति से अवगत कराया गया तथा उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निराकरण किया गया। आजीविका डबरी योजना से जुड़े हितग्राहियों को आय संवर्धन के लिए शासन की अन्य योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।'मोर गांव-मोर पानी' महाअभियान के अंतर्गत 'नवा तरिया-आय के जरिया' सहित सभी जल संरक्षण कार्यों को बारिश पूर्व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों एवं युवाओं को वर्षा जल संचयन के महत्व से अवगत कराते हुए प्रत्येक घर में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग अपनाने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में ग्रामीणों को मनरेगा एवं अन्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने हेतु क्यूआर कोड स्कैन कर मोबाइल पर योजनाओं से संबंधित जानकारी देखने की तकनीक भी सिखाई गई। इससे ग्रामीण अब योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी सीधे अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

जिला जेल रामानुजगंज के आसपास 'नो फ्लाई रेड जोन' घोषित

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राजेन्द्र कटारा द्वारा जिला जेल रामानुजगंज की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिला जेल परिसर रामानुजगंज एवं उसके चारों ओर 200 मीटर की परिधि को ड्रोन संचालन के लिए ''नो फ्लाई/रेड जोन'' घोषित किया गया है। महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, नवा रायपुर द्वारा प्राप्त निर्देशों तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उक्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ड्रोन का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर कटारा ने आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं, आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से सशक्त हो रहे किसान

बलरामपुर/नवप्रदेश। किसानों की आय बढ़ाने एवं कृषि कार्यों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जिले के किसानों के लिए संबल बन रही है। योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सहायता से किसान आसानी से अपनी खेती-किसानी की जरूरतों को पूरा कर पा रहे हैं। विकासखंड कुसमी के ग्रापं नवाडीह निवासी किसान सोहरा भी इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत नियमित रूप से आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है, जिसका उपयोग वे खेती-बाड़ी के कार्यों में करते हैं। इस राशि से वे बीज, खाद एवं अन्य कृषि सामग्री की व्यवस्था कर पाते हैं, जिससे उनकी खेती की गुणवत्ता और उत्पादन में सुधार हुआ है। सोहरा ने बताया कि पहले खेती के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करना कठिन होता था, लेकिन अब योजना के माध्यम से मिलने वाली सहायता से उन्हें काफी राहत मिली है। इससे वे बेहतर तरीके से खेती कर पा रहे हैं। उन्होंने शासन की इस योजना के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना छोटे और सीमांत किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 09 मई 2026 शनिवार को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक सम्पादन हेतु जिले में विभिन्न खंडपीठों की स्थापना की गई है। इसके लिए कलेक्टर, अपर कलेक्टर, नजूल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार पीठासीन अधिकारी होंगे तथा अपर कलेक्टर सरगुजा नोडल अधिकारी होंगे। सरगुजा जिले के विभिन्न न्यायालय कक्षों में 24 खंडपीठें गठित की गई हैं। जिनमें कलेक्टर न्यायालय, अपर कलेक्टर न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, नजूल अधिकारी न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय शामिल हैं। राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्रांतर्गत विधि द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 09 मई 2026 को राजस्व, दाण्डिक, भू-अर्जन, आर.बी.सी. 6-4 व विविध प्रकरणों का निराकरण करेंगे तथा न्यायालय अवधि समाप्त होते ही निराकृत प्रकरणों की जानकारी ईमेल, व्हाट्सअप, फैक्स या विशेष वाहक के माध्यम से जिला कलेक्टर कार्यालय में भेजेंगे।

सुशासन तिहार में केसमा के गजानंद को मिला किसान क्रेडिट कार्ड

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश भर में आयोजित किए जा रहे 'सुशासन तिहार-2026' के तहत विकासखण्ड उदयपुर में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर खुशियों की सौगात लेकर आया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत केसमा के निवासी किसान गजानंद कुमार पैकरा को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया गया।

कार्ड प्राप्त करते ही गजानंद के चेहरे पर मुस्कान बिखर गई और उन्होंने इसे अपनी खेती-किसानी के लिए एक नया जीवनदान बताया। हितग्राही गजानंद कुमार पैकरा ने बताया कि उनके पास पहले किसान क्रेडिट कार्ड नहीं था, जिससे कृषि कार्यों के लिए पूंजी जुटाने में उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। उन्होंने योजना के लाभ हेतु सुशासन तिहार में आवेदन किया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जन समस्या निवारण शिविर के मंच से उन्हें केसीसी कार्ड सौंपा गया।

जनता की समस्याओं का हो त्वरित समाधान : सांसद महाराज

बलरामपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत रामचंद्रपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत तांबेश्वर नगर में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की उपस्थिति में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में आरागाही, पुरानडीह, कमलपुर, ताम्बेश्वरनगर, कृष्णनगर, देवीगंज, मितगई, पुरुषोत्तमपुर, भवरमाल, जामवंतपुर, देवगई, चंद्रनगर, नेहरूनगर, नगरा, बुलगांव, तेतरडीह, भवानीपुर, भितियाही कुल 18 ग्राम के ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मुद्रिका सिंह, उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, जनपद सीईओ रणवीर साय, तहसीलदार मनोज पैंकरा सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर में 8 महिलाओं की गोद भराई, 6 बच्चों का अन्नप्राशन भी किया गया। साथ ही विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 हितग्राहियों को नई पहल किट, 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग द्वारा 20 हितग्राहियों को आदान सामग्री, खाद्य विभाग द्वारा 77 हितग्राहियों को राशनकार्ड, पशुधन विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को मिनरल मिक्सचर, 4 हितग्राहियों को आवास की चाबी का वितरण किया गया। साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सरगुजा सांसद एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने विभागों को प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए। सांसद चिंतामणि महाराज ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाते हुए आम जनता को त्वरित राहत प्रदान करें। ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विशेष पिछड़ी जनजातियों, विशेषकर पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में गंभीरता से कार्य करते हुए पात्र परिवारों लाभ दें। उन्होंने अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कर योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। सांसद महाराज ने कहा कि बिजली, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग सीधे तौर पर आम जनता से जुड़े हुए हैं, इसलिए इन विभागों से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में किसानों को विविध फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए श्रीविधि खेती पद्धति से फसल उत्पादन करने को कहा।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की डबल सब्सिडी से मिला लाभ

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अब ग्रामीणों के घर न केवल रोशन हो रहे हैं, बल्कि वे भारी-भरकम बिजली बिलों से भी मुक्त हो रहे हैं।

सरगुजा जिले के ग्राम पंचायत कंठी के रहने वाले सुनील कुमार साहू के लिए सोलर रूफटॉप बिजली बिल की समस्या का समाधान बन गया है। हितग्राही सुनील कुमार साहू ने बताया कि पहले उनके घर का बिजली बिल 2000 रुपये से लेकर 3000 रुपये तक आता था, जिससे परिवार का बजट अनियंत्रित हो जाता था। बिजली बिल की इस अनिश्चितता से वे काफी परेशान रहते थे।

लेकिन जब से उन्होंने अपने घर में साढ़े 3 किलो वाट का सौर ऊर्जा सिस्टम लगवाया है, तब से उनके बिजली बिल की समस्या समाप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि अब उनका मासिक बिजली बिल घटकर मात्र 200 से 500 रुपये के बीच रह गया है। सुनील ने बताया कि इस सिस्टम को लगवाने की प्रक्रिया अत्यंत सुगम रही। सरकार द्वारा प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता ने इसे और भी आसान बना दिया। उन्हें केंद्र सरकार से 78,000 रुपये और राज्य सरकार से 30,000 रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई है। यह राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी गई है। सब्सिडी की इस राशि की मदद से संजय ने प्लांट लगवाने के लिए बैंक से लिया हुआ ऋण भी चुकता कर दिया है।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रतनपुर, दिनांक 06.03.2026

रा.प्र.क्र. ....(ब-121/2025-26)

मौजा ग्राम-रतनपुर

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रज्जाक खान पिता रोजे हबीब खान जाति निवासी ग्राम रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 17-05-1976 को ग्राम रतनपुर में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश नगर पालिका परिषद रतनपुर में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छत्तीसगढ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9(3) अन्तर्गत जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद रतनपुर को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तदसंबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 08.05.2026 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रतनपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

सरगुजा जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का नवीन कार्य विभाजन आदेश जारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में किए गए कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नवीन कार्य विभाजन किया गया है।

कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर सुनिल कुमार नायक को दरिमा एयरपोर्ट एवं अन्य हेलीपेड में वीआईपी आगमन पर अक्षांश देशांस की जानकारी भेजना एवं आवश्यकतानुसार कार्यक्रमों में मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाना।दाण्डिक अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सरगुजा, राजस्व भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा-44 (धारा-170 ख को छोड़कर) अनुविभाग के अपील प्रकरण धारा 240, 241, से सम्बधित प्रकरण। धारा-50 के तहत् पुनरीक्षण प्रकरण एवं धारा 88 से संबंधित बंदोबस्त प्रकरण। राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-06 क्रमांक-04 के प्रकरणों में कलेक्टर के मूल अधिकारों का प्रयोग करेगे।

नौनिहालों और मातृ स्वास्थ्य को मिली नई सौगात

बलरामपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और सुलभ बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। शासन की प्राथमिकता है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ किया जाए। इसी कड़ी में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम ताम्बेश्वरनगर में नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण पूर्ण होने पर सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने शुभारंभ किया। ग्राम ताम्बेश्वरनगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में वर्तमान में 0 से 6 वर्ष तक के 54 बच्चों एवं 3 गर्भवती माताओं तथा 1 शिशुवती माता सहित कुल 58 हितग्राही पंजीकृत हैं।

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

- ईश्तहार -

क्रमांक क/वा/नजूल /2026

मुंगेली, दिनांक 28/04/26

श्री रामचन्द्र तिवारी, श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी पिता स्व.श्री शिवशंकर तिवारी, निवासी मोहल्ला विवेकानंद वार्ड मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.) ....आवेदक

बनाम

श्री महेश तिवारी पिता स्व. श्री शिवशंकर तिवारी, निवासी मोहल्ला विवेकानंद वार्ड मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.) ....अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री रामचन्द्र तिवारी, श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी पिता स्व.श्री शिवशंकर तिवारी,** निवासी मोहल्ला विवेकानंद वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला पुराना मोटर स्टैण्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38-ए, प्लाट नं. 31, क्षेत्रफल 129 वर्गमीटर पर 1/3 हिस्से में से 1/2 हिस्से को पृथक से आवेदकगण अपने नाम पर नजूल रिकार्ड दुरूस्त किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो वे दिनांक 12/05/26 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नही होगा।

आज दिनांक 28/04/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

Municipal Council Bhairamgarh
Dist - Bijapur (C.G.)
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No:- 62/2026-27 Bhairamgarh, Dated:- 08.05.2026

S. N.	System Tender No.	Name of Work/Description of Work	Probable Amount of Contract
1	190578	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of BHAIRAMGARH, C.G.	Rs. 26.88 Lakh

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in **08.05.2026, Time 17:30** Hours. (IST) onwards & Last date for Online Bid Submission 29.05.2026, **Time 17:30** Hours.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Chief Municipal Officer
Municipal Council Bhairamgarh
Dist-Bijapur (C.G.)

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO: 169/PWD/Zone-5/2026 **RAIPUR DATED: 08.05.2026**

Online bids are invited for the following works of works up to **30.05.2026 at 17:30** hours.

Sl. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract	Remark
1	**190541**	ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्र. 39 अंतर्गत बिन्दा सोनकर विद्यालय अश्वनी नगर रायपुर में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु ।	25.00 Lacs	1st Call

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **09.05.2026 10.30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: -
1. All eligible (i.e. Registration, G.S.T./ PAN card/ ITR/Commercial Tax current / Current Revenue Soulvency) and interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE-5
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक 26/05/2026 & 29/05/2026

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **26/05/2026** एवं **29/05/2026** को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **''जैसा है जहां है, जो है जैसा है''** एवं **''जो कुछ भी है''** के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा तिथि: 22/05/2026, संपत्ति निरीक्षण तिथि: 25/05/2026 एवं ई-नीलामी की तिथि: 26/05/2026

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
1) श्री ओमप्रकाश तिवारी पुत्र श्री जितेंद्र कुमार तिवारी, बी-104, आरडीए कॉलोनी, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिनकोड- 492099 2) श्रीमती शिखा देवी पत्नि श्री ओमप्रकाश तिवारी, वार्ड नं.17 आइडियल स्कूल के पास, बजरंग नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिनकोड- 493221 एवं बी-104, आरडीए कॉलोनी, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिनकोड- 492099.	खसरा नं. 238/10 का भाग, प.ह.नं. 103, भूतल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना, आरडीए कॉलोनी, वीर सावरकर नगर, वार्ड नं. 01, हीरापुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन-492001, क्षेत्रफल- 290 वर्गफीट में स्थित फ्लैट नंबर बी-101 का साम्यिक बंधक। चौहद्दी: उत्तर- बिक्री विलेख के साथ संलग्न नक्शे के अनुसार, दक्षिण- बिक्री विलेख के साथ संलग्न नक्शे के अनुसार, पूर्व- बिक्री विलेख के साथ संलग्न नक्शे के अनुसार, पश्चिम- बिक्री विलेख के साथ संलग्न नक्शे के अनुसार।	26/11/2025 03/02/2026 ₹ 1,72,808.72 26.11.2025 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 5,58,000/- ₹ 55,800/- ₹ 10,000/-	Property No. - 01 Raipur Rakhi Branch (Mo. 7880107565)

ईएमडी जमा तिथि: 26/05/2026, संपत्ति निरीक्षण तिथि: 28/05/2026 एवं ई-नीलामी की तिथि: 29/05/2026

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
1) मेसर्स आरना पेपर प्रोडक्ट्स, भाटापारा मोहल्ला, पुट्ठा कंपाउंड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.)- 492001 2) श्री धर्मपाल सिंह 3) श्री गौरव सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह 4) श्री सौरभ कुमार सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह, सभी का पता: एफ-7, शिवाजी पार्क, विधानसभा रोड, सड्डू, रायपुर (छ.ग.) - 492001 5) श्रीमती ज्योति सिंह, एल आई जी- 100/7, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अवंती विहार, रायपुर (छ.ग.)- 492006	संपत्ति नं. 1:- श्रीमती ज्योति सिंह के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्लूएस-99, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक नं. 9, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कचना, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल: 32.48 वर्ग मीटर (349.48 वर्ग फुट) में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: दक्षिण में- फ्लैट नं. ईडब्लूएस 100, उत्तर में- खुला स्थान, पश्चिम में- ब्लॉक नं.10, पूर्व में- मार्ग। संपत्ति नं. 2:- श्री गौरव सिंह के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्लूएस-100, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक नं. 9, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कचना, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल: 32.48 वर्ग मीटर (349.48 वर्ग फुट) में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: दक्षिण में- खुला स्थान, उत्तर में- फ्लैट नं. ईडब्लूएस 99, पश्चिम में- ब्लॉकनं. 10, पूर्व में- मार्ग। संपत्ति नं. 3:- श्री सौरभ कुमार सिंह के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्लूएस-183, चतुर्थ तल, ब्लॉक नं. 8, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल: 50.41 वर्गमी. (542.41 वर्गफुट) में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: दक्षिण में- फ्लैट नं. एलआईजी-184, उत्तर में- ओटीएस, पश्चिम में- पैसेज, पूर्व में- ब्लॉक नं. 9.	20.09.2022 05.12.2022 ₹ 49,17,427.81 02/12/2025 पर + भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property -1: ₹ 5,78,000/- / ₹ 57,800/- / ₹ 10,000/- Property -2: ₹ 5,78,000/- / ₹ 57,800/- / ₹ 10,000/- Property -3: ₹ 11,04,000/- / ₹ 1,10,400/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 02 Raipur Main Branch (Mo. 7880150204)
श्री सूरज दास, बसंत मार्बल गली, शिव मंदिर, लक्ष्मी रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.	खसरा नं. 1590/39, प.ह.नं. 81, मौजा- बोरियाकला, बोरियाकला शासकीय हाई स्कूल के पास, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001. क्षेत्रफल - 1400 वर्ग फीट में स्थित आवासीय प्लॉट के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: उत्तर- बोरियाकला शासकीय स्कूल की भूमि, दक्षिण- सड़क, पूर्व- कार्तिकेय चंदे की भूमि, पश्चिम- श्रीमती धनेश्वरी साहू की भूमि।	17/07/2025 09/10/2025 ₹ 19,34,389.96 02/12/2025 पर + भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 16,45,000/- ₹ 1,64,500/- ₹ 10,000/-	Property No. - 03 Raipur GE Road Branch (Mo. 8770592270)

ईएमडी जमा विवरण: आरक्षित मूल्य के 10% की ईएमडी राशि मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड (बैंकनेट) पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे या चालान बनाकर आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करने के लिए उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में 25/05/2026 एवं 28/05/2026 को या उससे पहले जमा की जानी है।

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.baanknet.com** माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (1) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 22/05/2026 एवं 26/05/2026 दोपहर 12.00 से सायं 3.00 बजे तक संबंधित **शाखा प्रबंधक** की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता **M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com** अथवा **Website: https://baanknet.com** पर संपर्क करें। (5) भविष्य में उत्पन्न होने वाले संपत्ति कर या सोसायटी रखरखाव से संबंधित सभी खर्च, जहां भी लागू हो, सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द हितवादा' दिनांक 09/05/2026 रायपुर में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 09.05.2026 स्थान: रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

जनसमस्या निवारण शिविर में योजनाओं के त्वरित लाभ वितरण पर दिया जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में जनसमस्या निवरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिका से संबंधित कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राशन कार्ड, सफाई व्यवस्था, नाली निर्माण, आवास, पेयजल एवं स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। प्राप्त आवेदनों में से 09 आवेदनों का तत्काल निराकरण करते हुए सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुचारू की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विधायक पुन्नू लाल मोहले ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत सेतु बन रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। विधायक ने लंबित ई-केवाईसी कार्यों का शीघ्र निराकरण करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी राशन कार्डधारी समय पर ई-केवाईसी पूर्ण कराएं, ताकि खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने जिले की बिजली एवं पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि जल संरक्षण के लिए आमजनों को जागरूक करते हुए कहा कि बिन पानी जीवन असंभव है÷, इसलिए जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जल शक्ति अभियान के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने की अपील करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए अभी से गंभीर प्रयास करने होंगे। कलेक्टर ने मानसून पूर्व विद्युत व्यवस्था के सुधार एवं मरम्मत कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा करने तथा विद्युत सुरक्षा को

सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि एआई के इस दौर में संवेदनशीलता ही प्रशासन की सबसे बड़ी ताकत है। मुंगेली शहर में अवैध प्लाटिंग पर सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

कार्यक्रम में 03 हितग्राहियों को पीएम आवास योजना की चाबी, 05 को भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, 04 आयुष्मान कार्ड, 01 वय वंदना कार्ड, 03 आभा कार्ड, 18 नोनी सुरक्षा योजना प्रमाण पत्र, 05 किसानों को अरहर मिनी किट, 17 श्रम कार्ड, 06 राशनकार्ड, 04 को जन्म प्रमाण पत्र, कक्षा 10वीं और 12वीं के 12 विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन पर सम्मानित किया गया। साथ ही 05 विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश वितरण कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्क्षय दिनानाथ केशरवानी, गिरीश शुक्ला, नगर पालिका अध्क्षय रोहित शुक्ला उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, डीएफओ अभिनव कुमार, अतरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम अजय शतरंज, सीएमओ अंकुर सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

शतरंज संघ के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का सातवां दिन संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। शतरंज संघ द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आज सातवां दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर स्थानीय आगर हाई स्कूल, दाऊपारा में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के सातवां दिन कुल 21 बच्चों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कोच और वरिष्ठ सदस्यों ने बच्चों को शतरंज खेल की बुनियादी रणनीतियों नियमो व मैच अभ्यास से अवगत कराया। प्रशिक्षण शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 07:30 से 09:30 बजे तक निर्धारित है।

प्रयास आवासीय विद्यालय कक्षा 9वीं के लिए चयन परीक्षा 10 मई को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं हेतु प्रयास प्राक्चयन परीक्षा 10 मई 2026 को समय प्रातः 10:00 से 01:00 बजे अम्बिकापुर शहर के पांच केन्द्रों में आयोजित होगी। एकलव्य आवसीय विद्यालय रिखी कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर में अनुक्रमांक 4311001 से 4311387, एकलव्य आवसीय विद्यालय लुण्ड्रा प्रतापपुर रोड घंघरी अम्बिकापुर में अनुक्रमांक 4312001 से 4312218 तक, कार्मेल स्कूल नमनाकला रिंग रोड अम्बिकापुर में अनुक्रमांक 4313001 से 4313600 तक, न्यू डी.पी.एस. स्कूल प्रतापपुर रोड अम्बिकापुर में 4314001 से 4314386 तक एवं प्रयास आवासीय विद्यालय प्रतापपुर रोड घंघरी में अनुक्रमांक 4315001 से 4315801 तक के परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थी एवं उनके पालकों को सूचित किया है कि परीक्षा का समय दिनांक एवं परीक्षा केन्द्रों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केन्द्र में रिपोर्टिंग समय 08:00 बजे से 09:30 बजे तक निर्धारित है।

प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 12 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर सरगुजा द्वारा प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें तहसील अम्बिकापुर के नर्मदापारा निवासी राजेश्वर कुमार राजवाड़े की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस रामबाई राजवाड़े, तहसील अम्बिकापुर के मेण्ड्राकला निवासी राजेश राजवाड़े की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस जुगेश्वरी राजवाड़े एवं तहसील दरिमा के कर्रा निवासी अनिल की मृत्यु आकाशीय बिजली से होने पर उनके वारिस राखी को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई है।

चिरमिरी की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहर की लंबे समय से लंबित मूलभूत समस्याओं और विकास कार्यों की अनदेखी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को विशाल धरना-प्रदर्शन और आंदोलन आयोजित किया। आंदोलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर शहर की जमीनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। पूरे दिन चले आंदोलन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर विकास कार्यों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए विभिन्न जनहित मुद्दों के जल्द समाधान की मांग की। आंदोलन की शुरुआत सुबह 10 बजे धरना-प्रदर्शन से हुई, जहां कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर इकट्?ठा हुए। इसके बाद दोपहर 3 बजे आयोजित आमसभा में नेताओं ने चिरमिरी की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त की। वहीं शाम 5 बजे आंदोलनकारियों ने चक्का जाम कर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चिरमिरी जैसे महत्वपूर्ण शहर को लंबे समय से विकास से वंचित रखा है। शहर की अधिकांश सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान स्थिति और खराब हो जाती है। कांग्रेस ने सभी मुख्य सड़कों का तत्काल पक्कीकरण कराने की मांग उठाई। धरना-प्रदर्शन में पेयजल संकट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। नेताओं ने कहा कि कई वार्डों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इसके साथ ही जिले के प्रमुख कार्यालयों को चिरमिरी में स्थानांतरित करने, एसईसीएल द्वारा विकास कार्यों पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने तथा शहर के विकास कार्यों को गति देने की मांग की गई। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने की मांग कांग्रेस नेताओं ने शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने चिरमिरी में शासकीय बीएड और लॉ कॉलेज की स्थापना, जिला अस्पताल में ब्लड बैंक और डायलिसिस सुविधा शुरू करने की मांग रखी।

जनगणना कार्य का किया निरीक्षण गुणवत्तापूर्ण सर्वेक्षण के दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मनोज पिंगुआ आज शुक्रवार को सरगुजा जिला प्रवास पर रहे। उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र में ईरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 25, रामानुज वार्ड क्रमांक 33 तथा ग्रामीण क्षेत्र में चठीरमा पहुंचकर उन्होंने प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य की जानकारी ली तथा घर-घर जाकर किए जा रहे मकान सूचीकरण की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

उन्होंने प्रगणकों द्वारा तैयार नक्शों का अवलोकन करते हुए कहा कि सटीक नक्शा तैयार कर जनगणना कार्य करें। उन्होंने अब तक की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए सभी जानकारी नागरिकों की सहमति से सटीक रूप से दर्ज की जाए। उन्होंने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगणकों को नागरिकों से विनम्र संवाद स्थापित करने, गोपनीयता बनाए रखने तथा प्रत्येक जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करने कहा । साथ ही उन्होंने प्रगणकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों को जानकारी अवश्य दें कि अनाधिकृत व्यक्ति को किसी प्रकार की जानकारी या ओटीपी ना दिया जाए।

पिंगुआ ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं और नीतियों की आधारशिला है। सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को सही दिशा प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक परिवार एवं मकान की सही जानकारी दर्ज करना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत, अपर कलेक्टर सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त डी एन कश्यप सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कन्या विवाह योजना से 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज जिले के लुण्ड्रा विकासखंड के लमगांव स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 45 नवविवाहित जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लेकर नए वैवाहिक जीवन की शुरुआत की।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज उपस्थित रहे। विधायक मिंज ने सभी नवदंपत्तियों को शुभाशीष देते हुए उनके सुखमय एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज की गरिमा हैं और शासन बेटियों के सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र एवं उपहार सामग्री प्रदान की गई। योजना अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को 35 हजार रुपए की सहायता राशि भी वितरित की गई। विवाह समारोह में ढोल-नगाड़ों, लोकगीतों एवं फूलों की वर्षा के बीच उत्सवी माहौल बना रहा। वर-वधू एवं उनके परिजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, कृष्णा पावले, जपं अध्यक्ष कंचन जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष सतीश कुमार जायसवाल, जनपद सदस्य पातर साय, सरपंच प्रेमप्रकाश तिर्की, दिलीप प्रजापति, राहुल चोपड़ा, अभिषेक पावले, उपसरपंच मनोज नायक, साजन एक्का, जिला कार्यक्रम अधिकारी जे.आर. प्रधान, परियोजना अधिकारी रजनी कुजुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जनगणना कार्य तेज, घर-घर पहुंचकर जुटाई जा रही जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत विचारपुर में इन दिनों शासन के आदेशानुसार महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जनगणना का कार्य तेजी से चल रहा है, जिसके तहत प्रगणक नियुक्त किये गए शिक्षक गांव के हर मोहल्ले गली में घर घर दस्तक देकर आम जनों से 33 बिंदुओं पर आवश्यक जानकारियां जुटा रहें है।

प्रगणक ने बताया कि ग्राम से जो लोग जीवकोपार्जन के लिए पलायन किये है उनकी आवश्यक जानकारी एकत्र करने में परेशानी हो रही है, जनगणना में पारदर्शिता

और आवश्यक जानकारी कि सटिकता सुनिश्चित करने के लिए प्रगणक मुस्तैदी से काम कर रहें है, ग्रामीणों से आवश्यक बिन्दुओ में चर्चा करजानकारी जुटा रहें है, प्रगणक ने बताया कि अभी 100 घरों का जनगणना एकत्र कर लिए है, इस महत्त्व पूर्ण कार्य में ग्राम वासियों ने भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी से निभाते हुए पूरा सहयोग कर रहे है, मांगी जा रही जानकारी को सहर्ष और स्पष्ट रूप से जानकारी आमजन उपलब्ध करा रहे है. ताकि ग्राम की सम्पूर्ण जानकारी शासन प्रशासन तक पहुँच सके।

अम्बिकापुर में गुटखा थूकने के विवाद पर मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। पुलिस अपराध में संलग्न अपराधियों पर लगातार कार्यवाही कर रही है इसी कड़ी में घटना का संक्षिप्त 02. मई2026 को आवेदक पंकज शुक्ला पिता रविशंकर शुक्ला उम्र 36 वर्ष निवासी नमनाकला अम्बिकापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आवेदक अपने साथी मनीष अम्बस्ट एवं रानू पाण्डेय के साथ गांधी चौक के पास पान दुकान में खड़े थे जहां अनिकेत त्रिपाठी ने गुटका खाकर थूकने के विवाद पर अनिकेत त्रिपाठी अपने साथी मजहर खान, जय सोनी, ओम सोनी, सबने शांति भंग करने के

मकसद से आवेदक को सार्वनिक स्थान पर गंदी गंदी अश्लील गालिया बकते हुए, अपमानित किया इतना ही नहीं हांथ मुक्का एवं कड़ा से मारपीट भी किया है जिससे प्रार्थी को सिर में चोटें आई है। प्राथी की रिपोर्ट पर थाना अम्बिकापुर में अपराध क्र-278/2026 धारा 296,351, 115(2),191(2),352 बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान प्रार्थी का डाक्टरी मुलाहिजा कराया गया। प्रकरण के आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार थे । पुलिस टीम ने 05.मई .2026 को आरोपी मजहर खान के संभावित ठिकानों पर दबिश देते पता तलाश किये। मजहरखान अपने परिचित के मकान रसुलपुर में मिला जहां आरोपी मजहर खान वल्द सेराज उर्फ, सिराज, उर्फ सिराजुद्दीन अंसारी, उम्र 37 वर्ष निवासी इमलीपारा अम्बिकापुर जिला सरगुजा एवं 02 नाबालिग को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

20 पंचायतों के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का होगा आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। 'सुशासन तिहार-2026' अंतर्गत 9 मई को जिले के ग्रामीण क्षेत्र में दो जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होंगे। विकासखण्ड बतौली में शिविर स्थल घोघरा में शिविर लगेगा। जिसमें 14 ग्राम पंचायतों घोघरा, मानपुर, शिवपुर, टेड़गा, सल्याडीह, बांसाझाल, टीरंग, बोदा, बिलासपुर, घुटरापारा, तरागी, ललाती, पोपरेंगा, सिलमा के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी सीतापुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं बतौली होंगे। इसी प्रकार विखं लुण्ड्रा में शिविर स्थल झेराडीह (प्रा.शा. व पंचायत भवन परिसर) में शिविर होगा। जिसमें 20 ग्राम पंचायतों झेराडीह, बरगीडीह, गढ़बीरा, तुरियाबिरा, सिलसिला, लमगांव, असकला, कोट, गंगापुर, ऊंचडीह, गेरसा, जरहाडीह, डहौली, खाराकोना, उरदरा, महोरा, जराकेला, ससौली, जामडीह, दोरना के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे।

यातायात और मूलभूत व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम के दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 10 मई को प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दौरे के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के

निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग, यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, ग्रीन रूम, मुख्य मंच, बेरिकेडिंग एवं आमजन की सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की सतत मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय को नोडल अधिकारी तथा एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।बैठक में वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी.एल.यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पेज 1 का शेष...

छत्तीसगढ़ में लागू हुई 'शहरी...

एजेंसियों के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस और लोक दायित्व बीमा कराना अनिवार्य किया गया है।

एक्टर विजय का ...

6 मई को विजय ने आर्लेकर से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। लेकिन तब उनके पास सिर्फ 113 विधायकों का समर्थन था। 7 मई को राज्यपाल ने विजय से कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाने के बाद भी वे उन्हें सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगे।

टीवीके समर्थकों ने लोकभवन के सामने प्रदर्शन किया

टीवीके को बहुमत नहीं मिलने के केस में डीएमके और-द्धष्ठस्य्न में गठबंधन के बाद सरकार गठन की अटकलें हैं। टीवीके ने कहा कि अगर दोनों पार्टियों ने सरकार बनाने का दावा पेश किया, तो उसके सभी विधायक इस्तीफा दे देंगे।

टीवीके समर्थकों ने शुक्रवार सुबह गवर्नर हाउस (लोकभवन) के सामने प्रदर्शन और नारेबाजी की। पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया।

कांग्रेस से गठबंधन टूटने के बाद डीएमके ने लोकसभा में अपने सांसदों की सीट बदलने की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि गठबंधन टूटने के बाद सदन में कांग्रेस के साथ बैठना सही नहीं है।

छत्तीसगढ़ की 35 ...

बनाकर भेजा है, जिसमें धमतरी जिले के कुरूद की लड़की रोते हुए कहती दिखी कि उसे यहां अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन घर जाने के लिए पैसे भी नहीं है। वीडियो में एक महिला कहती है कि ये लड़की पैसा नहीं दी है, इसे नहीं जाने देंगे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कांकेर कलेक्टर ने संज्ञान में लिया और उन्हें वापस लाने की बात कही है।

बस्तर का वेस्ट अब बनेगा ...

महाकुंभ में प्रथम स्थान मिला, जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें सम्मानित किया। विशाल द्वारा तैयार की गई यह हर्बल कॉफी पूरी तरह कैफीन मुक्त है। इसमें छिंद के प्राकृतिक गुणों के कारण एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। उनका मानना है कि कई लोग केवल स्वाद और आदत के कारण कॉफी पीते हैं, लेकिन कैफीन के दुष्प्रभावों से बचना चाहते हैं। ऐसे लोगों के लिए यह हर्बल कॉफी एक बेहतर और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प बन सकती है। इस नवाचार को उस समय बड़ी पहचान मिली जब शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर में आयोजित इनोवेशन महाकुंभ में विशाल ने अपना स्टॉल लगाया। वहां वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों और आम लोगों ने इस कॉफी का स्वाद चखा और इसकी सराहना की।

विशाल केवल एक उत्पाद तैयार करने तक सीमित नहीं रहना चाहते। वे दंतेवाड़ा जिला प्रशासन के यूथ अप फाउंडेशन के माध्यम से स्थानीय युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि गांवों और जंगलों से मिलने वाले छिंद के बीज ग्रामीणों की अतिरिक्त आय का माध्यम बनें और बस्तर के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर मिलें।

हालांकि यह प्रोजेक्ट अभी परीक्षण और विकास के दौर में है तथा इसका व्यावसायिक लॉन्च बाकी है, लेकिन विशाल हालदार की पहल ने यह साबित कर दिया है कि स्थानीय संसाधनों और नई सोच के सहारे बस्तर वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकता है। आने वाले समय में छिंद से बनी यह हर्बल कॉफी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक दुनिया के लिए बस्तर का एक अनूठा उपहार बन सकती है।

अमेरिका ने सीजफायर...

अमेरिकी जंगी जहाजों पर हमला किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच फायरिंग हुई, जिसमें हमने उन्हें बुरी तरह से तबाह कर दिया और उनकी कई छोटी नावों को डुबो दिया। हम उन्हें परमाणु हथियार रखने का अधिकार नहीं देंगे और वे इस बात पर सहमत हो गए हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी द्बह्रह्र के महासचिव आर्सेनियो डोमिंगेज ने कहा है कि होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंस गए हैं।

आईआईटी भिलाई के पांच फैकल्टी सदस्यों को मिला पीएम अर्ली करियर रिसर्च ग्रांट

■ इनोवेटिव रिसर्च प्रोजेक्ट्स के लिए सम्मानित हुए

दुर्ग/नवप्रदेश। आईआईटी भिलाई ने एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है, जिसके तहत उसके पाँच फैकल्टी सदस्यों को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री अर्ली करियर रिसर्च ग्रांट (पीएमईसीआरजी) मिला है। डॉ. कृष्ण मुरारी असिस्टेंट प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, डॉ. कचाला नानाजी असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग और एडजंक्ट फैकल्टी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, डॉ. सैकत साहू असिस्टेंट प्रोफेसर, मेकाट्रॉनिक्स विभाग, डॉ. नितिन बी असिस्टेंट प्रोफेसर, सामग्री विज्ञान और धातुकर्म इंजीनियरिंग विभाग और डॉ. अविजित साहा असिस्टेंट प्रोफेसर, भौतिकी विभाग को वर्ष 2025-26 के लिए यह प्रतिस्पर्धी ग्रांट प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री अर्ली करियर रिसर्च ग्रांट (पीएमईसीआरजी) भारत में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की प्रतिष्ठित पहल है। यह ग्रांट 3 वर्षों की अवधि के लिए दिया जाता है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास करने वाले शुरुआती करियर के शोधकर्ताओं को यह ग्रांट प्रदान किया जाता है। इसका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, लचीली फंडिंग उपलब्ध कराना है।

डॉ. मुरारी के प्रोजेक्ट हाइब्रिड एसी-डीसी वितरण नेटवर्क के लिए उन्नत कम्प्यूटेशन और वितरित नियंत्रण ढाँचा का उद्देश्य हाइब्रिड एसी-डीसी वितरण नेटवर्क के विश्लेषण, अनुकूलन और नियंत्रण के लिए एक उन्नत ढाँचा विकसित करना है।

डॉ. नानाजी का प्रोजेक्ट उच्च-वोल्टेज, टिकाऊ लिथियम-आयन बैटरी निर्माण के लिए एक स्केलेबल मार्ग स्थापित करने हेतु बॉल-मिल्ड नैनो-एलएमएफपी को ड्राई इलेक्ट्रोड तकनीक के साथ एकीकृत करना। बॉल-मिल्ड नैनो-एलएमएफपी कैथोड पाउडर के संश्लेषण के लिए एक स्केलेबल मार्ग पर काम करने से संबंधित है, जिसके बाद उच्च-वोल्टेज और टिकाऊ लिथियम-आयन बैटरियों के लिए ड्राई इलेक्ट्रोड का निर्माण किया जाएगा।

डॉ. साहू का शोध सीढ़ीदार खेती में चोट से बचाव और दक्षता बढ़ाने के लिए एक हाइब्रिड बैक-सपोर्ट एक्सोस्केलेटन का विकास एक नवीन हाइब्रिड पहनने योग्य एक्सोस्केलेटन विकसित करने में विशेषज्ञता रखता है। यह एक्सोस्केलेटन सक्रिय और निष्क्रिय, दोनों तरह के तंत्रों को एकीकृत करता है, ताकि ऐसे कठिन वातावरण में काम करने वाले किसानों की सहायता की जा सके।

डॉ. नितिन का प्रोजेक्ट बेहतर उच्च-तापमान प्रदर्शन और हाइड्रोजन एम्ब्रिटलमेंट प्रतिरोध के लिए उन्नत बहु-चरण संरचनात्मक मिश्र धातुओं का विकास कम्प्यूटेशनल मिश्र धातु डिजाइन तकनीकों और सूक्ष्म-संरचना इंजीनियरिंग का उपयोग करके एक नई बहु-चरण मिश्र धातु के डिजाइन और विकास पर केंद्रित है। यह शोध भारत के राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन का समर्थन करता है, जिससे एक सुरक्षित और अधिक विश्वसनीय हाइड्रोजन बुनियादी ढाँचे के निर्माण में योगदान मिलता है।

डॉ. साहा का कार्य और बायोइमेजिंग के लिए पर्यावरण-अनुकूल क्वांटम नैनोमटेरियल उत्सर्जक नए पर्यावरण-अनुकूल, शॉर्टवेव इन्फ्रारेड-सक्रिय क्वांटम डॉट्स विकसित करने और एसडब्ल्यूआईआर लाइट एमिटिंग डायोड तथा बायोइमेजिंग के क्षेत्र में उनके अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करने पर केंद्रित है।

न्यूज गैलरी

अफीम की खेती का खुलासा करने वाला सरपंच बर्खास्त

दुर्ग। छत्तीसगढ़ में सबसे पहले अफीम की खेती का खुलासा दुर्ग जिले के समोदा गांव में हुआ था। शिकायत करने वाले समोदा गांव के सरपंच अरुण गौतम को बर्खास्त कर दिया गया है। एसडीएम कोर्ट ने उन्हें चुनावी हलफनामे में हत्या के प्रयास का मामला छिपाने का दोषी होने पर सरपंच पद से हटाने का आदेश दिया। समोदा गांव में अब सरपंच पद के लिए दोबारा उपचुनाव कराया जाएगा। कोर्ट ने दुर्ग जनपद पंचायत के सीईओ को राज्य निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में आज जनसमस्या निवारण शिविर

दुर्ग। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आम जनता को सरकारी सेवाओं का त्वरित लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 8 मई शुक्रवार को जनपद पंचायत दुर्ग के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, ढौर में शिविर लगाया जाएगा। नगर निगम भिलाई के अंतर्गत मुख्य कार्यालय सुपेला में शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद जामुल के वार्ड 6 स्थित हाई स्कूल डोम शेड में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

जामुल में आज सुशासन शिविर का आयोजन

जामुल। शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल में शिविर का आयोजन 8 मई को हाई स्कूल डोम शेड में वार्ड 1 से 4 और वार्ड 6 के आम नागरिकों की समस्या के समाधान के लिए शिविर लगाया जाएगा। 14 मई को प्राथमिक शाला रावण भाठा वार्ड 9 में वार्ड 5, 7, 9 और 10 के लिए, 19 मई को एसीसी मंगल भवन वार्ड 13 में वार्ड 8, 11, 12, 13, 14 और 15 के लिये, 26 मई को मंगल भवन शिवपुरी वार्ड 16 में वार्ड 16, 17 और 18 के नागरिकों के लिए, 1 जून को सांस्कृतिक भवन बाजार चौक सुरडुंग में वार्ड 19, 20 के नागरिकों के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा ।

भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न

कुम्हारी। भाजपा की पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में शानदार जीत की खुशी में कुम्हारी भाजपा मंडल ने स्टेशन चौक पर पटाखे फोड़कर लोगों को मिठाइयां बांटी। मंडल भाजपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा ने कहा कि भाजपा की यह शानदार जीत आम जनता के भरोसे की जीत है। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा का लंबा बनवास समाप्त हुआ और बंगाल की जनता ने भाजपा पर भरोसा कर बंगाल को भयमुक्त करने भाजपा को जीत दिलाई। सांसद प्रतिनिधि मिथलेश यादव ने कहा कि भाजपा की जीत से स्पष्ट हो गया है कि बंगाल की जनता अब भय में जीना नहीं चाहती। नगर पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने भाजपा की इस जीत को भरोसे की जीत बताया। वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश साहू ने कहा की बंगाल अब विकास की नई गाथा लिखेगा।

बीएसपी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2026 के लिए पंजीयन प्रारंभ

भिलाई। हर साल की तरह इस वर्ष भी बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 11 मई से 30 मई तक स्कूली बच्चों के लिये ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिये सभी संबंधित ग्राउंड्स/स्टेडियम में खिलाड़ियों का पंजीयन 7 मई से 15 मई के मध्य किया जाएगा। शिविर में शामिल 19 खेलों का विभिन्न खेल परिसरों, शालाओं के हॉल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। एथलेटिक्स, बॉल बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, कराटे, जूडो, टेनिस, वॉलीबॉल, कबड्डी, पावर लिफ्टिंग, सायकल पोलो/साइकिलिंग, जिम्नास्टिक, कुश्ती तथा खो-खो। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों को अनुभवी प्रशिक्षकों (कोच) द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

विधायक देवेंद्र ने केंद्रीय समिति को लिखा पत्र हसदेव में कोल ब्लॉक मंजूरी रोकने की मांग

■ 7 लाख पेड़ों को बचाने पहल की

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य क्षेत्र में प्रस्तावित केंटे एक्सटेंशन कोल ब्लॉक को लेकर भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सलाहकार समिति को पत्र लिखा है। देवेंद्र ने 1742.60 हेक्टेयर वन भूमि के डायवर्सन प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है। यह मामला 8 मई 2026 को नई दिल्ली में होने वाली सलाहकार समिति की बैठक में रखा जाना है।

विधायक देवेंद्र यादव ने पत्र में कहा है कि हसदेव अरण्य केवल कोयले का भंडार नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की पर्यावरणीय और सांस्कृतिक धरोहर है। यहां करीब 7 लाख पेड़ों की कटाई का खतरा है, जिससे पूरे क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन बिगड़

सकता है। उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हसदेव को बचाने की जरूरत है। प्रस्तावित कोल ब्लॉक का लगभग 98 प्रतिशत हिस्सा घने वन क्षेत्र में आता है।

देवेंद्र यादव ने कहा कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र लेमरू हाथी रिजर्व के पास स्थित है। ऐसे में खनन शुरू होने पर हाथियों के आवागमन का रास्ता प्रभावित होगा और मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ सकता है। चारनोई नदी, हसदेव नदी और बांगो बांध के जलग्रहण क्षेत्र पर भी इसका गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने अपने पत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा 26 जुलाई 2022 को पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव का भी जिक्र किया, जिसमें हसदेव अरण्य क्षेत्र में आगे खनन नहीं किए जाने की बात कही गई थी। स्थानीय आदिवासी समुदायों के वन अधिकारों और आजीविका पर भी इस परियोजना का सीधा असर पड़ेगा, क्योंकि हजारों परिवार वन उपज पर निर्भर हैं। देवेंद्र ने सलाहकार समिति से आग्रह किया है कि जनहित में इस प्रस्ताव को अस्वीकार किया जाए।

पद्मश्री फुलबासन से मिले विधायक

गत दिनों पद्मश्री फुलबासन यादव का अपहरण का प्रयास किये जाने के बाद विधायक देवेंद्र यादव बुधवार की सुबह उनसे मिलने पहुंचे। विधायक देवेंद्र को देखकर फुलबासन बाई उनके गले लग कर फूट फूट कर रोने लगी। देर तक चर्चा के बाद विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बहन फुलबासन यादव के साथ हुई घटना बहुत चिंताजनक है। पद्मश्री अवार्डी फुलबासन ने महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया है। उनका विश्व भर में नाम है। उनके अपहरण का प्रयास शासन और पुलिस प्रशासन के लिए शर्म की बात है। पुलिस प्रशासन और सरकार को इस मामले की गहराई से जांच करनी चाहिए। इस घटना के पीछे बड़े षडयंत्र की आशंका है। फुलबासन वनांचल की महिलाओं और बच्चों के लिए काम करती है। 20-25 किलोमीटर पैदल चलती है। जिस तरह सरकार विधायक और पूर्व विधायक को सुरक्षा देती है, वैसी सुरक्षा फुलबासन यादव को मिलनी चाहिये। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, जीतू मुदलियार, खुज्जी की पूर्व विधायक छन्नी साहू, पूर्व महापुर हेमा देशमुख, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, प्रदेश सचिव कांग्रेस मेहुल मारु, जिपं सदस्य महेंद्र यादव, मानव देशमुख, विशु अजमानी, अमर झा मौजूद थे।

हॉस्टल परिसर में बिना लाइसेंस अवैध पनीर बनाने का कारोबार

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर से 15 किलोमीटर दूर हॉस्टल परिसर में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से पनीर का भंडारण और सप्लाई किए जाने का मामला सामने आया है। यह कारोबार वैध लाइसेंस और खाद्य विभाग की अनुमति के बिना संचालित हो रहा था। अंडा क्षेत्र में शैल देवी महाविद्यालय के सामने स्थित भवन में बॉयज हॉस्टल के नाम पर अवैध पनीर स्टोरेज बनाया गया था। भवन के बाहर हॉस्टल का बोर्ड लगा था, लेकिन भवन के भीतर भारी मात्रा में पनीर का भंडारण कर उसकी सप्लाई की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने लगभग 140 किलो पनीर जब्त किया, जिसकी बाजार कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। जांच के लिए पनीर के नमूने लैब भेजे गए हैं, ताकि उसकी गुणवत्ता और मिलावट की पुष्टि की जा सके। मौके से नोट गिनने की मशीन और एक तिजोरी भी बरामद हुई है। माना जा रहा है कि यह कारोबार लंबे समय से बड़े स्तर पर संचालित किया जा रहा था। कारोबार चलाने वाले संयम जैन ने अधिकारियों के सामने स्वीकार किया कि वह पहले किसी अन्य स्थान से कारोबार संचालित कर रहा था और हाल के दिनों में उक्त स्थान से पनीर बेचने का काम कर रहा था। विभाग द्वारा आगे की जांच और वैधानिक कार्रवाई की है.

फसल अवशेष जलाने पर होगी कार्रवाई

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने खेतों में फसल अवशेष (पैरा/भूसा) जलाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने सख्त निर्देश दिए हैं। ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों का उल्लंघन करने वाले किसानों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कृषि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि फसल अवशेष जलाने से न केवल वायु प्रदूषण फैलता है, बल्कि मिट्टी की ऊपरी 15 सेमी परत में मौजूद लाभदायक सूक्ष्मजीवी भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उपजाऊ क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। 1 टन धान के अवशेष जलाने से लगभग 5.5 किलो नाइट्रोजन, 2.3 किलो फास्फोरस और 25 किलो पोटेशियम जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के हित में फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। विकल्प के रूप में 'हैप्पी सीडर' और 'जीरो सीड-कम-फर्टिलाइजर ड्रिल जैसे आधुनिक यंत्रों के उपयोग की सलाह दी गई है, जिससे बिना अवशेष जलाए भी अगली फसल की बुवाई संभव है। अवशेषों को गड्ढों में डालकर वर्मी कंपोस्ट या जैविक खाद बनाने पर जोर दिया गया है।

बेटियों के 'चाचा' बनकर विधायक रिकेश पहुंचे शाह नियाज के घर

■ 'लाडो' को दिया 'माँ का दुलार'

भिलाई नगर/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन आज अपनी अनूठी मुहिम 'माँ-शिशु सुरक्षा कवच' के तहत वार्ड-21 के निवासी शाहनियाज आलम के घर पहुँचे। उन्होंने शाहनियाज आलम और शबनम खातून की नवजात सुपुत्री 'लाडो' को अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। विधायक रिकेश सेन ने 1 मई से अपने क्षेत्र में एक विशेष संकल्प लिया है कि वे क्षेत्र में जन्म लेने वाली हर बेटी के

'चाचा' बनकर उसका स्वागत करेंगे। इसी कड़ी में आज वे आलम के निवास पहुँचे और नन्ही 'लाडो' को अपनी गोद में लेकर दुलार किया। उन्होंने परिवार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

11 हजार रुपये की 'माँ का दुलार' किट भेंट की

विधायक ने परिवार को 'माँ का दुलार' उपहार स्वरूप भेंट किया। यह एक विशेष गिफ्ट ट्रॉली सूटकेस है, जिसमें नवजात शिशु और माँ की जरूरत का हर सामान शामिल है। सूटकेस में ब्रांडेड कपड़े, बिस्तर और स्वच्छता से जुड़ी 25 से अधिक वस्तुएं शामिल हैं, जिसकी कीमत लगभग 11,000 रुपये है।

विधायक की संवेदनशील पहल पर शाहनियाज आलम और शबनम खातून ने आभार व्यक्त किया। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि मेरी विधानसभा में जन्म लेने वाली हर बेटी मेरी अपनी भतीजी है। संसाधनों की कमी उनकी मुस्कान के आड़े नहीं आनी चाहिए। 'माँ-शिशु सुरक्षा कवच' इसी दिशा में मेरा एक छोटा सा प्रयास है।

13 जोड़ों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह

■ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में सांसद बघेल ने दिया नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद

भिलाई/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन भिलाई 3 के सतनाम भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 13 जोड़ों का विधि-विधान व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह कराया गया। नवविवाहित जोड़ों को शासन की ओर से 35-35 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अतिथियों ने नवदंपत्तियों को सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिससे बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग मिलता है और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को उज्ज्वल भविष्य व सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, महापौर निर्मल कोसरे, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, मंडल भाजपा अध्यक्ष वरुण यादव, प्रेमलाल साहू, सीता साहू, प्रेमलता चंद्राकर, श्याम सुंदर जायसवाल, परियोजना अधिकारी ऐश्वर्या नीलम राय, सीमा जंघेल व भीमेश्वरी पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

रसमड़ा मंदिर हत्याकांड में सेवादार को उम्रकैद

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के रसमड़ा स्थित सतबहनिया मंदिर में हुए चर्चित हत्याकांड में अदालत ने मंदिर के सेवादार रामचरण चंद्राकर को हत्या और सबूत मिटाने का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजुर की अदालत ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने माना कि आरोपी रामचरण चन्द्राकर ने मुकेश उर्फ राजू की टंगिया और त्रिशूल से बेरहमी से हत्या की थी।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN:U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-III/E&T/W/T-63/26/ 1270 Marwa, dtd.05-05-2026

NOTICE INVITING E-TENDER NO. TN. -52 /2026

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

S. No	Tender Specification No.	RFx No. (E-Tender No.)	Particulars	Last Date/ Time of submission of bid	Tender Fee	EMD
01.	15-06/ S&P/ EE-III/ E&T/W/ T-63/26	8100051179	Work Contract for electrification of pavilion of newly constructed playground of CSPGCL, Colony of 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	02.06.2026 15:30 Hrs	Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%)	Rs. 6,000/-

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION S- 47758/2

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)
ABVTPS, CSPGCL, Janjgir- Champa

आदिवासी गोड़ समाज ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

■ चक्काजाम कर देवालय का ताला खुलवाने की मांग

दुर्ग/नवप्रदेश। आदिवासी गोड़ समाज के सैकड़ों लोगों ने बुधवार को शहर में विशाल रैली निकालकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया। केंद्रीय कार्यालय से रैली के रूप में समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन के दौरान कचहरी चौक पर चक्का जाम कर दिया। इससे शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम लग गया। समाज के लोगों ने पटेल चौक पहुंचते ही एमडी ठाकुर और सीताराम ठाकुर का पुतला जलाया। प्रदर्शन में शामिल समाज के लोगों ने चारों रास्तों पर घेराबंदी कर दी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के बेरीकेट्स उठाकर मार्गों में लगा दिए। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। समाज के लोगों ने धार्मिक स्थल पर लगे ताले को खुलवाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि समाज के देवालय में लगाए गए ताले से धार्मिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। प्रदर्शन के बाद समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर देवालय का ताला तत्काल खुलवाने, विवाद की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। प्रशासन ने समाज के प्रतिनिधियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन के चलते कलेक्ट्रेट परिसर और आसपास के इलाकों में घंटों तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस प्रशासन लगातार स्थिति को नियंत्रित करने में जुटा रहा, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय में लगे ताले को खोलने का आश्वासन दिया। इसके बाद चक्का जाम समाप्त कर दिया।

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(Human Resources Division -II)
(मानव संसाधन प्रभाग -II)

ईस्ट गेट संख्या-10, जे. एन. स्टेडियम परिसर,
लोधी रोड, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 110003

01-04001(03)/11/2025-Recruitment Cell/251

संशोधन सूचना

Sub: Appointment to the post of Assistant Director (OL) on deputation in Sports Authority of India-reg.

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (MYAS) के अधीन एक स्वायतशासी संस्था है तथा सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है, प्रतिनियुक्ति आधार पर सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। विज्ञापन संख्या 01-04001(03)/11/2025-रिक्रूटमेंट सेल/183 दिनांक 25-02-2026 के क्रम में, सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर **अब 10-06-2026 (सायं 05:00 बजे तक)** कर दिया गया है। अन्य सभी शर्तें एवं प्रावधान यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगे।

उप निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग -II)
भारतीय खेल प्राधिकरण

CbC 47103/11/0008/2627

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001 : 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur (C.G.) – 492006
CIN : U45203CT1981SG001853, PAN : AABCM6288N, GST Regn No. 22AABCM6288N5ZY
Phone : 0771-6621000 Fax : 0771-2583794
Website : www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

NOTICE INVITING TENDER (1st Call)
(e-Procurement Portal)

NIT No. 05 & 06/CSIDC/E.E./Div-IV/2026-27/System No. 190542 & 190544 Raipur, Dated 08/05/2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in "Form-B" (Item Rate Basis) for the following works:-

S. No.	Name of Work	Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't.	Time allowed including rainy season	P.A.C. (INR Lac)	EMD (INR Rs.)	Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18%
1	Providing of labour for Clearing of Road Dust using Broom for air quality improvement at Industrial Area Borai Distt. Durg (C.G.) (Total Length of Road 15.00 K.M.)	D & Above	12 Months i/c Rainy Season	17.17 Lacs	12,900/-	1770/-
2	Sprinkling of Water through tractor Water Tanker for Air Quality improvement at Industrial Area Borai Distt. Durg (C.G.) complete for 1 year from the date of work order.	D & Above	12 Months i/c Rainy Season	50.65 Lacs	38,000/-	3540/-

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of work and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 08/05/2026 and Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE:- The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by **Mjunction Services Limited.**, they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

S-47765/1 **Executive Engineer**, Division-IV

कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखें www.csidc.in

सिम्स में हेपेटाइटिस से बचाव के लिए स्वास्थ्य कर्मियों व विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

*बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) द्वारा हेपेटाइटिस बी एवं सी जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए व्यापक जागरूकता एवं वैक्सीनेशन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी, नर्सिंग स्टाफ तथा विद्यार्थियों को हेपेटाइटिस संक्रमण के कारण, उसके फैलने के तरीके, लक्षण, संभावित खतरे तथा बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।*विशेषज्ञों के अनुसार हेपेटाइटिस एक गंभीर संक्रमणजनित बीमारी है, जो मुख्य रूप से लीवर (यकृत) को प्रभावित करती है। हेपेटाइटिस बी और सी वायरस संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित सुई, असुरक्षित रक्त चढ़ाने, संक्रमित उपकरणों के उपयोग तथा संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रवों के संपर्क से फैल सकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों एवं नर्सिंग स्टाफ में इसका खतरा अधिक रहता है, क्योंकि वे नियमित रूप से मरीजों के संपर्क में रहते हैं। सिम्स प्रबंधन द्वारा इस बीमारी से बचाव के लिए '0-1-6' वैक्सीनेशन शेड्यूल के अनुसार टीकाकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पहली डोज के बाद एक माह एवं छह माह में अगली डोज लगाई जाती है। अब तक संस्थान में 1189 डोज लगाए जा चुके हैं तथा अभियान को आगे भी निरंतर जारी रखने की तैयारी की जा रही है। सिम्स में वैक्सीनेशन पूर्ण करने वाले कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह स्वरूप बैच प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित होकर टीकाकरण कराएं और स्वयं को सुरक्षित रखें।

कमजोरी, भूख कम लगना हेपेटाइटिस के लक्षण

चिकित्सकों ने बताया कि हेपेटाइटिस संक्रमण प्रारंभिक अवस्था में सामान्य कमजोरी, भूख कम लगना, उल्टी, बुखार, थकान, पेट दर्द तथा आंखों और त्वचा के पीले पड़ने जैसे लक्षणों के रूप में दिखाई दे सकता है। कई बार यह बीमारी लंबे समय तक बिना लक्षण के भी शरीर को नुकसान पहुंचाती रहती है और बाद में लीवर सिरोसिस या लीवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है।

हेपेटाइटिस से बचाव के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार: डॉ. मूर्ति

सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि हेपेटाइटिस जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। समय पर टीकाकरण, सुरक्षित चिकित्सा पद्धतियों का पालन तथा स्वच्छता के प्रति सतर्कता अपनाकर इस बीमारी को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिम्स का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को रोगों की रोकथाम के प्रति भी जागरूक करना है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों के लिए हेपेटाइटिस बी वैक्सीन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित इंजेक्शन का उपयोग, डिस्पोजेबल सिरिंज का प्रयोग, संक्रमित रक्त से बचाव तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग संक्रमण रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सिम्स के नोडल अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र कश्यप ने कहा कि संस्थान में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक कर्मचारी और विद्यार्थी इस बीमारी की गंभीरता को समझे और समय पर वैक्सीनेशन कराकर स्वयं को सुरक्षित रखे। उन्होंने कहा कि पूर्ण वैक्सीनेशन के बाद बैच प्रदान करने की पहल लोगों में सकारात्मक संदेश दे रही है तथा बड़ी संख्या में लोग स्वेच्छा से इस अभियान से जुड़ रहे हैं। सिम्स प्रबंधन की यह पहल स्वास्थ्य सुरक्षा, जागरूकता और रोगों की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जो समाज में भी सकारात्मक स्वास्थ्य संदेश प्रसारित कर रही है।

न्यूज गैलरी

लुतरा शरीफ दरगाह के चांद मोहम्मद सदस्य नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने बिलासपुर निवासी चांद मोहम्मद को लुतरा शरीफ दरगाह खिदमत सेवा समिति का सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति दरगाह की व्यवस्थाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, रेलवे कॉलोनी, बंगला यार्ड निवासी चांद मोहम्मद को दरगाह में सेवा, समन्वय और जायरीन (श्रद्धालुओं) से संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। वे लंबे समय से सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनकी नियुक्ति से दरगाह की गरिमा और व्यवस्थाओं को और सशक्त बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। लुतरा शरीफ दरगाह छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालुओं के बीच भी एक महत्वपूर्ण आस्था स्थल है। यहां सालभर बड़ी संख्या में जायरीन दर्शन के लिए आते हैं। इन श्रद्धालुओं के लिए सुचारु व्यवस्थाएं बनाए रखना समिति की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बच्चों को योग व नैतिक शिक्षा की दी गई जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा स्थित प्रभु दर्शन भवन में आयोजित बाल संस्कार शिविर में बच्चों को योग, आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक शिक्षा और सुरक्षा जागरूकता की सीख दी गई। बच्चों ने योगाभ्यास, भक्ति गीत, प्रेरक गतिविधियों और राजयोग ध्यान में उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में बीके गायत्री ने सृष्टि चक्र के चार युगों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर और कलयुग का सरल वर्णन करते हुए संगम युग की विशेषता बताई। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ संस्कार, सकारात्मक सोच और आत्मिक शक्ति से जीवन अधिक सुंदर बनता है। योग सत्र में प्रशिक्षक गौरी ने ताड़ासन और वृक्षासन का अभ्यास कराया तथा अनुशासन, एकाग्रता और स्वस्थ जीवनशैली पर जोर दिया।

कलेक्टर ने की जनगणना कर्मियों के कामों की सराहना

जनगणना मकान सूचीकरण में बिलासपुर अव्वल उत्कृष्ट प्रगणक व सुपरवाइजर किए गए सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय जनगणना 2026 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को आज मंथन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि बिलासपुर जिले के सभी 26 जनगणना चार्ज में 100 प्रतिशत एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) में कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा लगभग 18 प्रतिशत क्षेत्रों में कार्य पूर्ण भी किया जा चुका है। कार्य पूर्णता की दिशा में बिलासपुर जिला वर्तमान में पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर है।

कलेक्टर ने सभी 26 चार्ज से ऐसे प्रगणकों और सुपरवाइजरों को सम्मानित किया, जिन्होंने कम समय में अधिकाधिक मकानों तक पहुंचकर मकान सूचीकरण का कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया।नगर पंचायत मल्हार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुभव सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने नगर पंचायत मल्हार क्षेत्र का 100 प्रतिशत मकान सूचीकरण मात्र 5 दिनों में पूर्ण कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार बिलासपुर तहसीलदार श्री प्रकाश चंद्र साहू को भी उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया। उनके मार्गदर्शन में तहसील स्तर पर 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर प्रदेश में अग्रणी स्थान प्राप्त किया गया।

प्रगणकों व सुपरवाइजरों को भी प्रशस्ति पत्र वितरित

सम्मानित प्रगणकों में नगर पंचायत मल्हार के नवीन लाल देवांगन (174 मकान), नगर पंचायत बिल्हा के कुलेश्वर साहू (200), तहसील सकरी के संदीप ठाकुर (272), सीपत के तरुण जायसवाल (262), मस्तूरी के संजय कुमार राय (236), पचपेड़ी के ओंकार प्रसाद सेन (222), रतनपुर के जितेंद्र कुमार दीक्षित (162), बिलासपुर तहसील की आशा डेहरिया (278) एवं आशीष पांडे (249), तखतपुर के अजय दास दाहिरे (192), बेलतरा के गोपीचंद राज (266), बोदरी की दीपिका श्रीवास्तव (176), नगर पालिका परिषद बोदरी के आशुतोष पांडे (329) सहित अन्य प्रगणकों को सम्मानित किया गया। नगर निगम बिलासपुर के विभिन्न जोनों से भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पांच दिनों के भीतर अपना मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण किया। कार्यक्रम में सभी चार्ज के शीर्ष 10 प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री शिव कुमार बनर्जी तथा सहायक जिला जनगणना अधिकारी श्री झील जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के लिए मैदानी अमले की सराहना की।

116 आवेदन मिले मौके पर ही अधिकांश का निराकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 के तहत हर दिन अलग-अलग जोन क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है,इसी कड़ी में आज जोन क्रमांक 6 के गुजराती भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर बिलासपुर नगर निगम महापौरपूजा विधानो शामिल हुई। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और उपस्थित नागरिकों से चर्चा की। इस अवसर पर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी ने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समाधान हो और योजनाओं की पहुंच हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छ.ग. सरकार ने सुशासन तिहार शुरू किया गया है जिसके तहत आमजनों की समस्या की सुनवाई और उनकी समस्याओं का निराकरण हो रहा है,योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पंहुच रहा है। आज गुजराती भवन में आयोजित शिविर में कुल 116 आवेदन प्राप्त किए गए जिनमें से अधिकांश आवेदन अलग-अलग मांगों को लेकर है त्वरित रूप से भी कई आवेदन का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। शिविर स्थल में अलग-अलग हितग्राही मूलक योजनाओं के आबंटन पत्र,चेक का वितरण भी अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को किया गया।

पचपेड़ी क्षेत्र में दिखा भालू, ग्रामीणों में दहशत

मस्तूरी/नवप्रदेश। पचपेड़ी परिक्षेत्र में भालू दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे पचपेड़ी और ध्रुवाकारी के बीच नहर किनारे टहल रहे लोगों की नजर अचानक भालू पर पड़ी। भालू को देखते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने सतर्कता बरतते हुए उसे गांव की ओर आने से रोकने का प्रयास किया, जिसके बाद भालू केवंतरा और सुकुलकारी होते हुए भरारी जंगल की दिशा में चला गया। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई और इलाके में भालू की तलाश शुरू कर दी गई है। डिप्टी रेंजर बघेल ने बताया कि पचपेड़ी परिक्षेत्र में जंगली भालू देखे जाने की सूचना मिली है। विभाग की टीम लगातार सर्च अभियान चला रही है। भालू का पता चलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जाएगा और उसे सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।

ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह

वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। खासकर खेतों में काम करने वाले किसानों और सुबह-शाम बाहर निकलने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विभाग ने कहा है कि किसी भी स्थिति में भालू के करीब जाने या उसे उकसाने का प्रयास न करें और तुरंत वन अमले को सूचना दें।

सीपत समाधान शिविर में 201 आवेदनों का मौके पर निराकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी ब्लॉक के सीपत शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 331 आवेदनों में से 201 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को समयसीमा निर्धारित की गई।

शिविर में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने पहुंचकर विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजनों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही, विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए चेक, स्वीकृति आदेश एवं आवश्यक दस्तावेज वितरित किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि कहा कि समाधान शिविर शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशासन गांव-गांव पहुंचकर लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे शिविरों से आमजन को सीधा फायदा मिल रहा है। जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी ने कहा कि ग्रामीणों को अब अपनी समस्याओं के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल ने कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है। शिविर में जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर, दीपक शर्मा, जनपद पंचायत सभापति मनोज खरे, जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश सूर्या, एसडीएम शिवकुमार कंवर, सीईओ मस्तुरी जे.आर. भगत, सीपत तहसीलदार गरिमा ठाकुर, अबकारी विभाग से नवनीत तिवारी, जलसंसाधन विभाग एसडीओ शुभम साहू, पीएचई विभाग अरूण भार्गव, विधुत विभाग कौशल जायसवाल सहायक यंत्री, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी रूचि विश्वकर्मा शामिल हुए। शिविर में 8 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 5 को श्रम कार्ड, 7 को मनरेगा जॉब कार्ड, 5 को आयुष्मान कार्ड, 3 किसान को ऋण पुस्तिका, 2 को मछली जाल का वितरण, 16 हितग्राहियों का महतारी वंदन ई केवाईसी, 112 लोगों का बीपी शुगर जांच सहित अन्य हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत हितग्राहियों के खाते भी खोले गए। राजस्व विभाग द्वारा को जाति प्रमाण पत्र, आय एवं निवास प्रमाण पत्र दिये गये। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ग्राम के हितग्राही को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र एवं ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। शिविर में मस्तुरी विकासखण्ड अंतर्गत सीपत, गुड़ी, नरगोड़ा, पोड़ी, जांजी सहित पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान देवेश शर्मा, राज्यवर्धन कौशिक, अभिलेष यादव उपस्थित थे।

सुविधा: मंडला फोर्ट-नैनपुर खंड में यात्री ट्रेनों के विलय से रेल यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

जबलपुर-मंडला फोर्ट-नैनपुर-छिंदवाड़ा रुट में यात्री ट्रेनों के विलय से नई एकीकृत सेवाएं शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर रेल संचालन को ध्यान में रखते हुए मंडला फोर्ट-नैनपुर-जबलपुर तथा मंडला फोर्ट-नैनपुर-छिंदवाड़ा खंड में संचालित यात्री ट्रेनों का विलय कर नई एकीकृत रेल सेवाएं प्रारंभ की जा रही हैं। यह नई व्यवस्था 9 एवं 10 मई से प्रभावी होगी। इस पहल के अंतर्गत पूर्व में अलग-अलग संचालित होने वाली पैसेंजर ट्रेनों को जोड़कर यात्रियों को अधिक सुगम एवं निर्बाध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे यात्रियों को ट्रेन बदलने की असुविधा से राहत मिलेगी तथा यात्रा समय में भी सुविधा होगी।

इसी क्रम में 9 मई को मंडला फोर्ट स्टेशन पर ट्रेन संख्या 51706 एवं 58824 के उद्घाटन अवसर पर फ्लैग ऑफ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जबलपुर से रवाना 18.55 बजे होकर गढ़ा 19.31/19.33 बजे, ग्वारीघाट 19.42/19.44 बजे, जामतारा परसवारा 19.55/19.56 बजे, चारघाट पिपरिया 20.04/20.05 बजे, बरगी 20.12/20.14 बजे, सुकरी मंगेला 20.24/20.26 बजे, कलादेही 20.30/20.31 बजे, देवरी 20.36/20.37 बजे, शिकारा 20.58/21.00 बजे, बिनैकी 21.11/21.13 बजे, घंसौर 21.22/21.24 बजे, निधानी 21.31/21.33 बजे, पुतर्रा 21.40/21.41 बजे, पिंडरई 21.48/21.50 बजे, जेवनारा 21.57/21.58 बजे, नैनपुर 23.00/23.15 बजे, धतुरा अलीपुर 23.23/23.24 बजे, जामगांव 23.28/23.29 बजे, रामपुरी 23.35/23.36 बजे, चिरईडोंगरी 23.42/23.44 बजे, सिमरिया कज़रवाडा 23.49/23.50 बजे, बम्हनीबंजर 23.56/23.57 बजे, लिमरुआ 00.03/00.04 बजे एवं मंडलाफोर्ट 00.30 बजे पहुचेगी। मंडलाफोर्ट से रवाना 05.10 बजे होकर लिमरुआ 05.16/05.17 बजे, बम्हनीबंजर 05.23/05.24 बजे, सिमरिया कज़रवाडा 05.30/05.31 बजे, चिरईडोंगरी 05.36/05.38 बजे, रामपुरी 05.41/05.42 बजे, जामगांव 05.48/05.49 बजे, धतुरा अलीपुर 05.53/05.54 बजे, नैनपुर 06.10/06.40 बजे, जेवनारा 06.44/06.45 बजे, पिंडरई 06.51/06.53 बजे, पुतर्रा 07.01/07.02 बजे, निधानी 07.13/07.15 बजे, घंसौर 07.21/07.23 बजे, बिनैकी 07.31/07.33 बजे, शिकारा 07.44/07.46 बजे, देवरी 07.57/07.58 बजे, कलादेही 08.02/08.03 बजे, सुकरी मंगेला 08.06/08.08 बजे, बरगी 08.18/08.20 बजे, चारघाट पिपरिया 08.28/08.29 बजे, जामतारा परसवारा 08.37/08.38 बजे, ग्वारीघाट 08.43/08.45 बजे, गढ़ा 08.52/08.54 बजे एवं जबलपुर 10.05 बजे पहुचेगी।

ट्रेन क्र. 51705 (जबलपुर-मंडला फोर्ट पैसेंजर)

जबलपुर से रवाना 09.55 बजे होकर गढ़ा 10.38/10.40 बजे, ग्वारीघाट 10.47/10.49 बजे, जामतारा परसवारा 10.55/10.56 बजे, चारघाट पिपरिया 11.04/11.05 बजे, बरगी 11.12/11.14 बजे, सुकरी मंगेला 11.26/11.28 बजे, कलादेही 11.32/11.33 बजे, देवरी 11.48/11.49 बजे, शिकारा 11.58/12.00 बजे, बिनैकी 12.13/12.15 बजे, घंसौर 12.23/12.25 बजे, निधानी 12.33/12.35 बजे, पुतर्रा 12.42/12.43 बजे, पिंडरई 12.50/12.52 बजे, जेवनारा 12.59/13.00 बजे, नैनपुर 13.50/14.00 बजे, धतुरा अलीपुर 14.07/14.08 बजे, जामगांव 14.12/14.13 बजे, रामपुरी 14.19/14.20 बजे, चिरईडोंगरी 14.25/14.27 बजे, सिमरिया कज़रवाडा 14.33/14.34 बजे, बम्हनीबंजर 14.40/14.41 बजे, लिमरुआ 14.47/14.48 बजे एवं मंडलाफोर्ट 15.00 बजे पहुचेगी।

ट्रेन क्र. 51706 (मंडला फोर्ट-जबलपुर पैसेंजर)

मंडलाफोर्ट से रवाना 15.30 बजे होकर लिमरुआ 15.34/15.35 बजे, बम्हनीबंजर 15.41/15.42 बजे, सिमरिया कज़रवाडा 15.48/15.49 बजे, चिरईडोंगरी 15.53/15.55 बजे, रामपुरी 16.00/16.01 बजे, जामगांव 16.07/16.08 बजे, पहुंचेगी।

प्याज की तरह सारे महाद्वीप परत-दर-परत छीले, क्या फटने वाला है बहुत बड़ा ज्वालामुखी?

नई दिल्ली/ए.। यानी निचले हिस्से को प्याज की तरह एक-एक करके परत-दर-परत निकाल रही है. इस प्रोसेस से निकलने वाला पदार्थ समुद्र के नीचे वाले मैंटल में जा रहा है। यानी पृथ्वी की दूसरी लेयर में. इस सामग्री के कारण समुद्र के बीच बने ज्वालामुखी द्वीपों में बार-बार विस्फोट हो रहे हैं। जा रहे हैं, क्या फटने वाला है बहुत बड़ा ज्वालामुखी? साउथेम्पटन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह रिसर्च की है। अध्ययन नेचर जियोसाइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ताओं का कहना है कि महाद्वीप सिर्फ ऊपर से नहीं टूटते, बल्कि उनके नीचे का हिस्सा भी छिलकर मैंटल में चला जाता है. यह सामग्री लाखों साल तक ज्वालामुखी गतिविधि को चलाती रहती है। समुद्र के बीच बने कई द्वीपों जैसे क्रिसमस आइलैंड में ऐसी रासायनिक चीजें पाई जाती हैं जो आमतौर पर सिर्फ महाद्वीपों में होती हैं। वैज्ञानिकों को यह बात हमेशा हैरान करती थी कि महाद्वीप से इतनी दूर समुद्र के बीच ये चीजें कहां से आ रही हैं। अब इस नई खोज ने इसका जवाब दे दिया है। जब महाद्वीप टूटते हैं तो पृथ्वी के अंदर गहरे में बहुत तनाव पैदा होता है. इससे 150 से 200 किलोमीटर की गहराई पर मेंटल वेव यानी मैंटल लहर बनती है। यह लहर बहुत धीरे-धीरे चलती है- लगभग घोंघे की गति का दस लाखवां हिस्सा. यह लहर महाद्वीप के नीचे की सामग्री को छीलती है। उसे 1000 किलोमीटर तक दूर समुद्री मैंटल में ले जाती है. वहां पहुंचकर यह सामग्री पिघलती है. ज्वालामुखी शुरू कर देती है. यह प्रक्रिया लाखों साल तक चलती रहती है।

वैज्ञानिकों ने गोंडवाना महाद्वीप के टूटने के बाद हिंद महासागर में हुई ज्वालामुखी गतिविधि का अध्ययन किया। जब गोंडवाना टूटा तो महाद्वीप के नीचे से बहुत सारी सामग्री छिलकर समुद्र के अंदर चली गई। इसके कारण भारतीय महासागर के सीमाउंट इलाके में लगातार ज्वालामुखी फटे. समय के साथ यह प्रभाव कम होता गया, लेकिन आज भी उसके रासायनिक निशान मौजूद हैं। पहले वैज्ञानिक मानते थे कि समुद्री ज्वालामुखी या तो टेक्टॉनिक प्लेट्स के धंसने या गहरे मैंटल प्ल्यूम से बनते हैं. लेकिन नई खोज बताती है कि महाद्वीपों के नीचे से छिलने वाली सामग्री भी इसका बड़ा कारण है। इससे पुरानी थ्योरी को चुनौती मिली है।

146 करोड़ के महाघोटाले का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

■ **मजदूरों के पैन कार्ड पर चल रहा था फर्जी खेल**

नई दिल्ली/ए.। कानपुर नगर कमिश्नरेट पुलिस ने गुरुवार को वित्तीय धोखाधड़ी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश करते हुए इसके मास्टरमाइंड महफूज अली उर्फ 'पप्पू छुरी' को गिरफ्तार कर लिया है। जाजमऊ इलाके से पकड़ा गया यह आरोपी फर्जी कंपनियां बनाकर 146 करोड़ रुपये के अवैध लेनदेन और टैक्स चोरी के इस खेल का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। पुलिस ने इस सिंडिकेट के असली मास्टरमाइंड के रूप में फिरोज खान नाम के एक वकील की पहचान की है। फिरोज ही इन फर्जी फर्मों के लिए टैक्स रजिस्ट्रेशन और अन्य कानूनी कागजात तैयार करवाता था। पुलिस अब फिरोज और उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। महफूज अली के खिलाफ पहले से ही छह आपराधिक मामले दर्ज हैं।

मजदूरों के नाम पर शेल कंपनियां और 68 बैंक खाते

पुलिस की जांच में सामने आया कि यह गैंग बेहद शातिर तरीके से काम करता था। ये लोग कम पढ़े-लिखे मजदूरों को झांसा देकर उनके PAN कार्ड हासिल करते थे और उनके नाम पर फर्जी कंपनियां रजिस्टर कराते थे। चकेरी पुलिस, साइबर सेल और सर्विलांस यूनिट की संयुक्त कार्रवाई में पता चला कि अकेले 'अफीसा एंटरप्राइजेज' नामक एक फर्म के जरिए ही 146 करोड़ रुपये का ट्रांजैक्शन किया गया। महफूज ने अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर लगभग 68 बैंक खाते खुलवा रखे थे।

स्क्रैप और बूचड़खाने के धंधे से जुड़ा है कनेक्शन

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इस रैकेट का इस्तेमाल मुख्य रूप से स्क्रैप और बूचड़खाने के कारोबार से जुड़े लोग पैसा घुमाने के लिए कर रहे थे। महफूज इन फर्जी खातों में पैसा मंगवाता था और फिर कैश निकालकर अपना कमीशन काटकर वापस कर देता था। यह पूरा खेल टैक्स चोरी, इनकम टैक्स फ्रॉड और हवाला के जरिए अंजाम दिया जा रहा था।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्पः मोदी

दिव्य प्रभास की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समानः पीएम मोदी

पीएम ने महान विभूतियों के योगदान का किया उल्लेख

पीएम मोदी ने आगे लिखा कि यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था।

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 मई (सोमवार) को सोमनाथ मंदिर के दौरे पर जाएंगे। जहां वो विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पीएम मोदी ने लिखा कि पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 11 मई को मुझे एक बार फिर वहां जाने का सौभाग्य मिलने वाला है। यह अवसर हमें स्मरण कराता है कि इस पावनस्थल की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए किस प्रकार देश की कई पीढ़ियों ने निरंतर संघर्ष किया। देशवासियों के नाम इस पत्र में मैंने भव्य-दिव्य सोमनाथ धाम को समर्पित अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। पीएम मोदी ने आगे लिखा- सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनुभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा हैः प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया जाता है।

कांग्रेस के डीएमके से नाता तोड़ने पर अखिलेश यादव ने कसा तंज

नई दिल्ली/ए.। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद राज्य की राजनीति में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला, जिसके बाद सरकार गठन को लेकर लगातार बैठकों और राजनीतिक बातचीत का दौर जारी है। इसी बीच कांग्रेस ने DMK से अलग होकर अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम को समर्थन देने का फैसला किया है। कांग्रेस के इस कदम के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हम मुश्किल समय में एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ते। अखिलेश यादव ने यह बात सोशल मीडिया पर ममता बनर्जी (Mamata Banerjee) और एमके स्टालिन के साथ तस्वीर साझा करते हुए कही। उनके बयान को कांग्रेस के फैसले पर तंज माना जा रहा है। तमिलनाडु विधानसभा की 234 सीटों में बहुमत के लिए 118 सीटों की जरूरत है। विजय की TVK सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और उसके पास 108 सीटें हैं। कांग्रेस के 5 विधायकों के समर्थन के बाद यह संख्या 112 तक पहुंच गई है। अब सरकार बनाने के लिए TVK को कुछ और विधायकों के समर्थन की जरूरत है। इसी को लेकर वामपंथी दलों और अन्य पार्टियों के साथ बातचीत जारी है। चेन्नई में CPI(M) और CPI की बैठकें हो रही हैं। दोनों पार्टियों के पास 2-2 विधायक हैं। इसके अलावा ड्ड्य पार्टी के भी 2 विधायक हैं। अगर ये सभी दल TVK को समर्थन देते हैं तो विजय आसानी से बहुमत का आंकड़ा पार कर सकते हैं। TVK के नेताओं ने समर्थन जुटाने के लिए CPI नेताओं से मुलाकात भी की है। CPI(M) नेताओं ने कहा है कि उन्हें विजय की ओर से समर्थन मांगने वाला पत्र मिला है और इस पर पार्टी बैठक में फैसला लिया जाएगा।

वामपंथी दलों ने यह भी कहा कि सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते राज्यपाल को विजय को सरकार बनाने का मौका देना चाहिए। उन्होंने राज्यपाल से संविधान के अनुसार फैसला लेने की मांग की है। तमिलनाडु में इस बार के चुनाव ने लंबे समय से चली आ रही DMK और AIADMK की राजनीति को बड़ा झटका दिया है। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आखिर राज्य में नई सरकार किसकी बनेगी।

ओडिशा तट पर 'तारा' की परीक्षण उड़ान सफल

TARA की क्या है खासियत?

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, TARA भारत का पहला स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम है। इसे बिना दिशा-निर्देश वाले वारहेड को अत्यधिक सटीक निशाना साधने वाले प्रिसिजन गाइडेड हथियार में बदलने के लिए विकसित किया गया है। इस तकनीक के जरिए पारंपरिक और कम लागत वाले हथियारों की मारक क्षमता और सटीकता को कई गुना बढ़ाया जा सकता है।

नई दिल्ली/ए.। भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वदेशी रूप से विकसित ग्लाइड वेपन सिस्टम 'टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन' (TARA) का पहला सफल परीक्षण उड़ान किया गया है। ओडिशा तट के पास गुरुवार को किए गए इस परीक्षण को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय वायुसेना ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की प्रिसिजन स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। मंत्रालय ने बताया कि इस प्रणाली को हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की प्रमुख प्रयोगशाला रिसर्च सेंटर इमारत ने अन्य डीआरडीओ लैब्स के सहयोग से विकसित किया है। इसका उद्देश्य कम लागत में ऐसे अत्याधुनिक हथियार तैयार करना है, जो दुश्मन के जमीनी ठिकानों को बेहद सटीकता के साथ निशाना बना सकें। विशेषज्ञों के मुताबिक, ग्लाइड वेपन सिस्टम पारंपरिक बमों को आधुनिक गाइडेंस तकनीक से लैस करता है, जिससे वे लंबी दूरी तक जाकर लक्ष्य को अधिक सटीकता से भेद सकते हैं। TARA प्रणाली में अत्याधुनिक लेकिन कम लागत वाली तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे भविष्य में भारतीय सशस्त्र बलों को कम खर्च में उच्च क्षमता वाले प्रिसिजन हथियार उपलब्ध हो सकेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस सफल परीक्षण के दौरान सिस्टम के प्रदर्शन और सभी तकनीकी मानकों का आकलन किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा।

नोएडा हिंसा मामलाः शीर्ष कोर्ट का छात्रा को जमानत देने से इनकार

नोएडा की कोर्ट ने दी पुलिस रिमांड की अनुमति

नोएडा की एक कोर्ट ने पहले तीन महिलाओं आकृति चौधरी, मनीषा चौहान और सृष्टि गुप्ता की शर्तों के साथ पुलिस रिमांड की अनुमति दी थी। इन पर 13 अप्रैल के औद्योगिक मजदूरों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि जांच के दौरान उनके वकीलों को मौजूद रहने की अनुमति होगी।

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नोएडा में 13 अप्रैल को हुए मजदूरों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार एक छात्रा को जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आकृति चौधरी की ओर से पेश वकील से कहा कि वह इलाहाबाद हाई कोर्ट में जाएं। पीठ ने कहा, आप हाईकोर्ट क्यों नहीं जाते? हर कोई अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर करके यहां आता है। सुप्रीम कोर्ट में 93 हजार मामले पहले से ही लंबित हैं। आकृति चौधरी के वकील ने अदालत को बताया कि पुलिस ने गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए और जमानत की मांग की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया कि आकृति चौधरी दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा हैं।

केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक रवि पंडित का निधन, लाहिरी बने नीति आयोग के उपाध्यक्ष

■ **लाहिरी ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला**

नई दिल्ली। केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और चेयरमैन डॉ. एस.बी. (रवि) पंडित का शुक्रवार को पुणे में 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया है, जिसकी आधिकारिक जानकारी कंपनी द्वारा एक्सचेंज फाइलिंग में दी गई है। ऑटोमोटिव सॉफ्टवेयर, ऑटोनॉमस ड्राइविंग और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में केपीआईटी को 15 देशों में एक वैश्विक मोबिलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी के रूप में स्थापित करने के साथ-साथ उन्होंने सार्वजनिक नीति और सतत विकास में भी अहम भूमिका निभाई थी। इस घटनाक्रम के बीच कारोबारी सत्र में बीएसई पर केपीआईटी के शेयर 0.61 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 726 रुपये पर कारोबार कर रहे थे, जिसका 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 1,433 रुपये और न्यूनतम स्तर 625 रुपये रहा है। इसी सप्ताह जारी कंपनी के नवीनतम वित्तीय परिणामों के अनुसार, मार्च तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 33 प्रतिशत घटकर 163 करोड़ रुपये रह गया है, जो पिछले वर्ष 245 करोड़ रुपये था। हालांकि, लाभ में इस गिरावट के बावजूद वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में परिचालन राजस्व 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 1,528 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,711 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अशोक कुमार लाहिड़ी ने शुक्रवार को नीति आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। लाहिरी ने सुमन बेरी की जगह ली। लाहिरी भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और 15वें वित्त आयोग के सदस्य हैं। नीति आयोग ने एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ÷शिक्षा जगत, सार्वजनिक संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों में उनका अनुभव साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में नीति आयोग के प्रयासों को और मजबूत करेगा।÷ नीति आयोग ने आगे कहा कि वह भारत के विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने और सभी क्षेत्रों में रणनीतिक नीतिगत पहलों का समर्थन करने में उनके योगदान की उम्मीद करता है।

हनी ट्रैप के खतरे को देखते हुए बीसीसीआई ने सख्त किए नियम

खिलाड़ियों के कमरे में प्रवेश हुआ मुश्किल, फ्रेंचाइजी के मालिक भी नहीं कर पाएंगे बात

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने आईपीएल मैच के दौरान फ्रेंचाइची मालिकों को खिलाड़ियों से बातचीत करने से रोक दिया है.बोर्ड ने कहा कि ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिक मैच के दौरान खिलाड़ियों से बातचीत करने, उनके पास जाने, उन्हें गले लगाने या किसी अन्य प्रकार से शारीरिक रूप से संपर्क करने का प्रयास करते हैं. भले ही ऐसा व्यवहार सद्भावना से किया गया हो, लेकिन यह प्रोटोकॉल का सीधा उल्लंघन है. बीसीसीआई ने कहा है कि सभी फ्रेंचाइजी मालिकों को आईपीएल के पीएमओए प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करना होगा. किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा. रियान पराग का ई-सिगरेट पीते हुए वीडियो वायरल होने के बाद बोर्ड की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। आईपीएल में हनी ट्रैप के खतरे को देखते हुए बीसीसीआई ने खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है. बीसीसीआई ने आईपीएल की सभी टीमों को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है.बीसीसीआई की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई (एसीयू) ने दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल के उल्लंघन की घटनाओं को उजागर किया था, जिसके बाद यह कदम उठाया गया है। बीसीसीआई ने आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के लिए जारी एक पत्र में कहा है कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के कमरों में मेहमानों के प्रवेश के लिए टीम मैनेजरों से लिखित अनुमति लेना जरूरी होगा. पीटीआई न्यूज एजेंसी के अनुसार बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 10 फ्रेंचाइजी के सीईओ को पत्र लिखकर इस बारे में जानकारी दी है.सैकिया ने पत्र में कहा है कि इस सीजन में कुछ घटनाओं को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है और इसका उद्देश्य आईपीएल में अनुशासन और प्रोटोकॉल बनाये रखना है।

युवाओं में क्रिएटिव करियर के बढ़ते आकर्षण

अहमदाबाद। इस वर्ष रचनात्मक ऊर्जा का एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। GLS यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद की फैकल्टी ऑफ डिज़ाइन को करीब 3,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो युवाओं में क्रिएटिव करियर के बढ़ते आकर्षण को दर्शाते हैं। इस बड़ी संख्या में से लगभग 250 अभ्यर्थी अप्रैल में आयोजित लिखित परीक्षा के लिए चयनित हुए हैं, जो प्रवेश प्रक्रिया की प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता दोनों को दर्शाता है।

इस बढ़ती रुचि के पीछे एक प्रमुख कारण है SAE इंस्टीट्यूट, ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से GLS यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद में संचालित ग्लोबल B. Design (Hons.) प्रोग्राम—जो भारत में SAE का पहला कैंपस है। यह प्रोग्राम अकादमिक मजबूती के साथ-साथ इंडस्ट्री-आधारित प्रैक्टिकल लर्निंग का अनूठा संयोजन प्रस्तुत करता है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई अहमदाबाद से शुरू कर सकते हैं और आगे चलकर SAE के 20 से अधिक देशों में फैले कैंपसों में ग्लोबल एक्सपोज़र के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

3D Animation & VFX और Game Development जैसे स्पेशलाइजेशन के साथ, यह प्रोग्राम छात्रों को तेजी से विकसित हो रही क्रिएटिव इंडस्ट्रीज़ के लिए तैयार करता है। साथ ही, आधुनिक लैब्स, फिल्ममेकिंग स्टूडियोज़ और सहयोगात्मक लर्निंग स्पेस छात्रों को प्रयोग करने और वास्तविक दुनिया के अनुभव हासिल करने का अवसर प्रदान करते हैं।

संक्षिप्त खबरें

प्लेसमेंट ड्राइव में 19 स्टूडेंट्स शॉर्टलिस्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कॉलेज में शिक्षा को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह ड्राइव प्लेसमेंट सेल और आईक्यूएसी के तत्वावधान में आईसीआईसीआई बैंक और आईटीएम स्किल्स एकेडमी द्वारा की गई। इसमें चयन प्रक्रिया बैंकिंग अवेयरनेस और इंटरव्यू के माध्यम से की गई। इस मौके पर 19 स्टूडेंट्स को शॉर्टलिस्ट किया गया। अधिकारियों ने बताया कि, इससे पहले करीब 50 स्टूडेंट्स को विभिन्न कंपनियों में रोजगार मिला था। इस कार्यक्रम में छात्रों को रोजगार के अवसर के साथ ही नई दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है।

तीन दिवसीय मैंगो फेस्ट 29 मई से

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 29 से 31 मई तक राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन होने जा रहा। कृषि महाविद्यालय परिसर में होने वाले इस आयोजन में आम की अलग-अलग किस्मों, स्वाद उत्पादों और सजावट प्रतियोगिताओं के साथ आम के पौधों की बिक्री भी होगी। महोत्सव में किसान, महिला समूह, विद्यार्थी और आम नागरिक हिस्सा ले सकेंगे। 30 मई को आम उत्पादन : समस्या एवं समाधान विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया है। जिसमें विशेषज्ञ किसानों को उत्पादन बढ़ाने और रोग नियंत्रण से जुड़ी जानकारी देंगे।

20 मई को रायपुर में डाक अदालत

रायपुर/नवप्रदेश। प्रवर अधीक्षक डाक घर रायपुर संभाग ने डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों का समाधान करने के लिए 20 मई को डाक अदालत आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह डाक अदालत गंज उपडाकघर परिसर के प्रथम तल पर आयोजित किया जाएगा। सुबह 11 से 1 बजे तक आयोजित अदालत में डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघु बचत योजनाएं, रजिस्ट्री, मनीऑर्डर, पार्सल, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान किया जाएगा। डाक ग्राहक अपनी शिकायतें पूर्ण विवरण सहित प्रवर अधीक्षक डाक घर रायपुर संभाग में 15 मई शाम 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश का आज अंतिम दिन

रायपुर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 मई तक बढ़ा दी गई है। लोक शिक्षण संचालक द्वारा जारी नए निर्देश में कहा गया है कि सेजेस स्कूलों के एडमिशन पोर्टल में तकनीकी खराबी की वजह से प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन किया गया है। अधिक आवेदन की स्थिति में 11 से 13 मई तक लॉटरी निकाली जाएगी। लॉटरी से चयनित बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया 14 से 20 मई तक पूरी की जाना है।

हुंडिका जलाशय योजना निर्माण के लिए 16.49 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखण्ड-बैकुण्ठपुर की हुंडिका (हुड़िका) जलाशय योजना का निर्माण (विस्तारीकरण) कार्य हेतु 16 करोड़ 49 लाख 59 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। जलाशय योजना के प्रस्तावित कार्यों के उपरांत रूपांकित सिंचाई 760 हेक्टेयर के विरूद्ध हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा होगी। योजना के कार्यों को पूर्ण कराने मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

एनीकट तटरक्षण कार्य के लिए 3.71 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत कुम्हली एनीकट के दांये तट के तटरक्षण कार्य को कराने के लिए 3 करोड़ 71 लाख 89 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। योजना के अंतर्गत तटरक्षण कार्य किया जायेगा। मुख्य अभियंता गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग जगदलपुर को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

नवप्रदेश राजरंग...40

साहब का प्रमोशन क्यों रुका

छत्तीसगढ़ से जुड़े एक अफसर दंपती हैं... दोनों की तैनाती इन दिनों दिल्ली में... दोनों एक ही बैच के अधिकारी हैं... दोनों की तैनाती राज्य में रही है... लेकिन इन दिनों वे राजधानी के गलियारों में काफी चर्चा में हैं... चर्चा की वजह यह है कि उनके बैच के सभी अफसरों के नाम बड़े पद के लिए के लिए ओके हो चुके हैं... लेकिन दोनों का नाम इस लिस्ट में है नहीं है... इसे लेकर राजधानी की अफसरी वाले गलियारों में काफी चर्चा हो रही है... कुछ इसके पीछे की वजह को लेकर चटखारे लेकर सुनाते हैं तो कुछ भोले बनकर... दिलचस्प यह है कि जिन विभागों या संस्थानों में इनकी तैनाती है...वहां के अधिकारी और कर्मचारी भी सरकार के इस फैसले को लेकर खूब चर्चा कर रहे हैं। अंदरखाने चर्चा है कि साहब ऐसे पद हैं, जहां से नियमों के मुताबिक हटाना आसान नहीं है... इसलिए सरकार उनके कार्यकाल बीतने का इंतजार कर रही है...।

उपराष्ट्रपति बनाने की रणनीति भी नाकाम

पश्चिम बंगाल में बीजेपी की बल्ले-बल्ले के बीच तमिलनाडु की उसकी नाकामी छुप गई है.. 2024 के लोकसभा चुनावों में अन्नामलाई की अगुआई में पार्टी को 11 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे..लेकिन बीते विधानसभा चुनाव में मिले हैं तीन प्रतिशत से भी कम वोट..कम यानी 2.97 प्रतिशत। यह हाल तब है, जब यहां के अनाम से नेता सीपी राधाकृष्णन को मोदी-शाह की जोड़ी ने उपराष्ट्रपति बनाया। तमिलनाडु अकेला राज्य है, जहां बीजेपी का कोई आधार नहीं, लेकिन यहां से तीन-तीन लोग राज्यपाल बन चुके हैं। तमिलसाई सुंदरराजन, एल गणेशन और षडमुखन यहां से राज्यपाल रहे। इनमें से तमिलसाई के पास एक समय तीन-तीन राज्यों का प्रभार रहा। इस बार के चुनाव में वे भी उतरी थीं, लेकिन बुरी हार का उन्हें सामना करना पड़ा। केंद्र में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री हैं एल मुरूगन। बीजेपी ने मध्य प्रदेश के अपने किसी नेता का हक मारकर उन्हें राज्यसभा भेजा है, लेकिन जनाब खुद भी हार गए। पिछली विधानसभा में बीजेपी के चार विधायक थे, लेकिन इस बार अन्नामलाई को टिकट तक नहीं मिला। इसका असर ये हुआ कि पार्टी को सिर्फएक ही सीट से संतोष करना पड़ा है। बंगाल की जीत में पार्टी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष वासंती की हार भी छुप गई है। जबकि ये पिछली विधानसभा में बीजेपी की विधायक थीं। सवाल यह है कि क्या इस बारे में पार्टी सोचेगी या फिर बंगाल की जीत में इसे भुला देगी।

बीजेपी की जीत में ईडी का हाथ?

कोलकाता में चर्चा है कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हार के लिए उसकी सरकार के खिलाफवाली सत्ता विरोधी लहर तो है ही, ईडी भी है। याद कीजिए, कुछ महीने पहले तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रणनीतिकार कंपनी आई-पैक के प्रमुख प्रतीक जैन के दफ्तर और आवास पर ईडी ने छापा मारा था। तब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईडी के अफसरों के हाथ से फाइलें छीन लेने का आरोप ईडी ने लगाया था। लेकिन कोलकाता के अधिकारी कह रहे हैं कि उस समय ममता वे फाइलें लेने में कामयाब नहीं हुईं थीं, जिनमें चुनाव से जुड़े आंकड़े दर्ज थे। कोलकाता में कहा जा रहा है कि ममता की तुनकमिजाजी ने ईडी के अधिकारियों को बहाना मिल गया। उन्होंने चुनावी आंकड़ों से जुड़ी फाइलें बीजेपी को पहुंचा दीं। बीजेपी ने उनके आधार पर तृणमूल की पूरी रणनीति की जानकारी हासिल कर ली। बाकी सब इतिहास है।

केरल की कमान को लेकर रस्साकशी

दस साल के बाद कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा यानी यूडीएफ को भगवान के अपने देश यानी केरल में सरकार बनाने का मौका मिला है। कांग्रेस तो बीजेपी है नहीं, जहां केंद्रीय नेतृत्व जिसे चाहे, उठाकर मुख्यमंत्री बना सकता है। कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद की दौड़ शुरू हो गई है। इस दौड़ में सबसे पहला नाम है पार्टी के कद्दावर नेता रमेश चेन्निथला। दूसरे नंबर पर हैं वी के सतीशन। लेकिन इन सबके बीच एक और नाम तेजी से उभरा है, के सी वेणुगोपाल का। वेणुगोपाल राहुल गांधी के नजदीकी हैं, पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव हैं। लेकिन उन्हें लेकर हरियाणा समेत कई राज्यों से ऐसे सवाल उठे, जिसका जवाब देना कांग्रेस के लिए एक दौर में भारी रहा। वैसे अंदरूनी हलके में कांग्रेस नेताओं का एक बड़ा खेमा वेणुगोपाल को कुर्सी ना मिले, इसके लिए जुट गया है। नेता तो आपसी बात में ऐसी-ऐसी बातें कहते हैं, जिनका यहां जिक्र तक नहीं किया जा सकता। अब देखना यह है कि भगवान के अपने देश में राज करने का मौका किसको मिलता है।

– राजदार

स्टेडियम बनेगा अभेद्य किला, 8 आईपीएस समेत 1500 जवान रहेंगे तैनात

आईपीएल मैचों के लिए हाई अलर्ट सुरक्षा

45 हजार से ज्यादा दर्शकों की होगी जांच, समय से पहले पहुंचने की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 10 और 13 मई को होने वाले आईपीएल मुकाबलों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। मैचों के दौरान आईजी, डीआईजी और एसपी स्तर के 8 आईपीएस अधिकारियों के साथ 20 राजपत्रित अधिकारी एवं करीब 1500 पुलिस जवान तैनात रहेंगे। मुख्य सचिव की हाईलेवल बैठक के बाद सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। स्टेडियम के भीतर और बाहर 500 मीटर के दायरे में पुलिस बल तैनात रहेगा, जबकि यातायात व्यवस्था संभालने के लिए अलग से 300 से अधिक जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। पीएचक्यू ने डीआईजी गिरजाशंकर जायसवाल को सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया है, जो आईजी रायपुर अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे। अधिकारियों के अनुसार मैच के दौरान 45 हजार से अधिक दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। हर दर्शक को सुरक्षा जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। इसी कारण पुलिस ने लोगों से समय से पहले स्टेडियम पहुंचने की अपील की है, ताकि प्रवेश में असुविधा न हो।

5 रूट से पहुंचेंगे दर्शक: ट्रैफिक प्लान जारी

यातायात व्यवस्था के लिए 300 जवान तैनात किए गए है। शहर और बाहर से आने वालों के लिए अलग-अलग मार्ग तय हैं:

- **रायपुर शहर:** तेलीबांधा और सेरीखेड़ी ओवरब्रिज।
- **बिलासपुर/बलौदाबाजार:** रिंग रोड-3 और मंदिरहसौद मार्ग।
- **धमतरी/जगदलपुर:** अभनपुर और जंगल सफारी मार्ग।
- **महासमुंद/सरायपाली:** आरंग मार्ग।

स्टेडियम में कुल 12 प्रवेश द्वार बनाए गए हैं, जिनमें पैवेलियन के लिए तीन अलग गेट रहेंगे। वीआईपी पासधारकों के लिए विशेष रूट और आरक्षित पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है।

स्टेडियम में नो-एंट्री

- सिक्के, माचिस, लाइटर, बीड़ी-सिगरेट।
- पानी की बोतल (अंदर डिस्पोजेबल कप मिलेंगे)।
- बैग, पावर बैंक और हेडफोन।
- कोई भी नुकीली चीज या ज्वलनशील पदार्थ।

- **स्क्रीनशॉट रखें तैयार:** इंटरनेट धीमा हो सकता है, इसलिए टिकट का स्क्रीनशॉट पहले से लेकर रखें।
- **पार्किंग का रंग पहचानें:** अपनी पार्किंग का नाम या 'ब्लॉक' याद रखें, रात में निकलते समय वाहन ढूंढना आसान होगा।

8 आईपीएस संभालेंगे कमान

सुरक्षा के लिए पीएचक्यू ने डीआईजी गिरजाशंकर जायसवाल को प्रभारी बनाया है, जो आईजी अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में काम करेंगे। इनके साथ 8 आईपीएस, 20 राजपत्रित अधिकारी और करीब 1500 जवान तैनात रहेंगे। स्टेडियम के 500 मीटर के दायरे में कड़ी घेराबंदी रहेगी।

3 बजे से एंट्री शुरू होगी QR कोड से प्रवेश

इस बार कागजी टिकट के बजाय क्यूआर कोड स्कैन कर प्रवेश दिया जाएगा। भीड़ को देखते हुए दोपहर 3 बजे से ही गेट खोल दिए जाएंगे। पुलिस ने अपील की है कि सुरक्षा जांच में समय लग सकता है, इसलिए दर्शक मैच शुरू होने से काफी पहले पहुंचें।

पार्किंग का गणित

- **कुल क्षमता:** 20,000 वाहन (10 हजार कार, 10 हजार बाइक)।
- **प्रमुख स्थल:** परसदा, कोसा, सेंध लेक और सत्य साई अस्पताल के पास।
- **शुल्क:** दोपहिया के लिए 20 रुपये और चार पहिया के लिए 50 रुपये।
- **सुविधाएं:** पार्किंग जोन में ही मेडिकल टीम और पीने के पानी की व्यवस्था रहेगी।

रायपुर बार चुनाव में 16 पदों के लिए 65 प्रत्याशी मैदान में

कोर्ट परिसर में तेज हुआ प्रचार अभियान, अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला

रायपुर/नवप्रदेश। जिला अधिवक्ता संघ रायपुर के चुनाव को लेकर कोर्ट परिसर में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी पूरी होने के बाद गुरुवार से प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। बुधवार को नामांकन के अंतिम दिन कुल 66 अधिवक्ताओं ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किया था। हालांकि कोषाध्यक्ष महिला पद के लिए नामांकन भरने वाली प्रिया अग्रवाल ने अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद अब 16 पदों के लिए कुल 65 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं।

अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी कायम रखी है। इनमें दिनेश कुमार देवांगन, कमलेश पाण्डेय और श्याम सुंदर ओझा शामिल हैं। अध्यक्ष पद को लेकर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। पूरी चुनाव प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी राम नारायण व्यास के नेतृत्व में संपन्न कराई जा रही है। स्क्रूटनी प्रक्रिया पूरी होते ही कोर्ट परिसर में चुनावी माहौल और गहरा गया है। प्रत्याशी सुबह से ही वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिवक्ताओं के चेंबर में पहुंचकर पोस्टर, पम्पलेट और व्यक्तिगत जनसंपर्क के जरिए समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी चुनाव प्रचार तेज हो गया है। प्रत्याशी अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए लगातार संपर्क अभियान चला रहे हैं।

मूक-बधिर युवती से दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद

कोर्ट ने पीड़िता के परिजनों को क्षतिपूर्ति राशि देने का भी दिया आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। खमतराई थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से कमजोर मूक-बधिर युवती से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने आरोपी लेखराम यादव उर्फ लेखू को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। कोर्ट ने पीड़िता के परिजनों को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का भी आदेश दिया है। मामले की अंतिम सुनवाई 7 मई को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) एवं अपर सत्र न्यायाधीश शांतनु कुमार देशलहरे की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक विजयश्री बिसेन ने पक्ष रखा। अभियोजन के अनुसार आरोपी लेखराम यादव (23 वर्ष), उरकुरा के गुढ़ीपारा क्षेत्र का निवासी है और सीसीटीवी कैमरा मरम्मत का काम करता था। 16 नवंबर 2020 को उसे खमतराई क्षेत्र स्थित एक मंदिर में खराब सीसीटीवी कैमरा सुधारने के लिए बुलाया गया था। उसी दौरान मंदिर परिसर में मौजूद मानसिक रूप से कमजोर मूक-बधिर युवती के साथ उसने दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलने पर युवती के परिजनों ने मंदिर के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें घटना की पुष्टि होने के बाद 19 नवंबर 2020 को आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

बूथ से विजय का मंत्र, भाजपा ने पश्चिमी नगर मंडल में फूंका चुनावी बिगुल

प्रदेश अध्यक्ष बोले- बूथ कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत

जगदलपुर/नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में मिली सफलता से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी अब छत्तीसगढ़ में बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने की रणनीति पर तेजी से काम कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में जगदलपुर पश्चिमी नगर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में बूथ कमेटियों को अभेद किला बनाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की चुनावी सफलता का सबसे मजबूत आधार बूथ संगठन है।

उन्होंने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत केवल नारा नहीं, बल्कि संगठन की कार्यशैली का मूल मंत्र है। उन्होंने बूथ कमेटियों को सतत सक्रिय रखने, प्रत्येक कार्यकर्ता से नियमित संपर्क बनाए रखने और योजनाबद्ध तरीके से बूथ स्तर तक संगठन को विस्तार देने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनावी विजय का मार्ग बूथ से होकर ही गुजरता है और संगठन की मजबूती का वास्तविक आकलन भी बूथ स्तर पर ही होता है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने शक्ति केंद्र और बूथ कमेटियों की नियमित बैठकों को स्थायी व्यवस्था बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष, पालक और सदस्यों के बीच निरंतर संवाद से संगठनात्मक समन्वय और अधिक मजबूत होगा।

मां ठाकुरानी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ा आस्था का सैलाब

सीमावर्ती गांव गिरला में चार दिवसीय धार्मिक आयोजन सम्पन्न, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर सीमा से सटा ओडिशा के कोरापुट जिला अंतर्गत कोटपाड़ ब्लाक के आंकुला ग्राम गिरला में नवनिर्मित मां ठाकुरानी मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। चार दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। समारोह सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव एवं कुमार विजित देव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। मंदिर समिति के सदस्य तपन पाणिग्राही ने बताया कि पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आयोजन में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में विधायक रूपू भत्र,पूर्व विधायक पद्मिनी डायन, चंद्रशेखर मांझी,गीता मांझी,तपन पाणिग्राही,वृंदावन मथुरा, चंद्रमणि गोंडा औरराजू रंधारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

धार्मिक आयोजनों में बढ़ती स्वीकार्यता

मुख्य अतिथि कुमार जयदेव ने कहा कि मां ठाकुरानी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूजा-अर्चना का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा मिला स्नेह और सम्मान अविस्मरणीय है तथा मंदिर समिति को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि धामनाहांडी, कोटपाड़ और अन्य क्षेत्रों में आयोजित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं धार्मिक आयोजनों में भी उन्हें लगातार आमंत्रित किया जाता रहा है। बस्तर दशहरा,दंतेवाड़ा फागुन मंडई और सामाजिक-धार्मिक आयोजनों में उनकी सक्रिय सहभागिता उन्हें आम लोगों के बीच विशेष पहचान दिला रही है।

मंदिर से जुड़ी आस्था की रोचक कहानी

मंदिर समिति के राजू रंधारी ने बताया कि वर्ष 1950–55 के दौरान राजस्व विभाग के एक अधिकारी गंभीर चेचक से पीड़ित हो गए थे। उन्होंने मंदिर में माता से प्रार्थना की और अगले ही दिन उनके शरीर से बीमारी के निशान गायब हो गए। इस घटना से प्रभावित होकर उन्होंने गांव की 14 एकड़ भूमि मंदिर के नाम दर्ज कर दी थी, जिसका उपयोग आज भी मंदिर समिति द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह घटना मंदिर की प्राचीन सिद्धपीठ होने की आस्था को और मजबूत करती है।

विधायक रूपू भत्रा ने जताया आभार

विधायक रूपू भत्र ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सौभाग्य का अवसर बताते हुए कहा कि मां ठाकुरानी मंदिर के इस पावन आयोजन के साक्षी बनना सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव एवं कुमार विजित देव सहित उपस्थित श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि माता रानी की कृपा से क्षेत्र में सुख,शांति और समृद्धि बनी रहेगी।

सुशासन तिहार बना मददगार, मिनटों में टाकेश्वरी को मिला राशन कार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिला के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा की रहने वाली टाकेश्वरी साहू के लिए सुशासन तिहार खुशियों की एक नई सौगात लेकर आया। टाकेश्वरी लंबे समय से अपना राशन कार्ड बनवाने के लिए परेशान हो रही थीं और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही थीं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। इसी बीच जब उन्हें गांव में मुनादी के जरिए पता चला कि सुशासन तिहार 2026 के तहत विशेष शिविर का आयोजन होने वाला है, तो उनकी उम्मीदें एक बार फिर जाग उठीं। उन्होंने बिना देर किए पंचायत में लगे शिविर में पहुंचकर अपना आवेदन जमा किया, जहां शासन-प्रशासन की सक्रियता का ऐसा नजारा देखने को मिला कि उनका राशन कार्ड तत्काल बनाकर उन्हें सौंप दिया गया। हाथ में अपना नया राशन कार्ड पाकर टाकेश्वरी साहू की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, क्योंकि जिस काम के लिए वे महीनों से भटक रही थीं, वह सुशासन की पहल से मिनटों में पूरा हो गया। इस त्वरित समाधान से अभिभूत होकर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता प्रकट की। टाकेश्वरी का कहना है कि यह सरकार की संवेदनशीलता ही है कि आज पूरा शासन-प्रशासन खुद चलकर ग्रामीणों के दरवाजे तक पहुँच रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com